लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

लखनऊ | वर्षः 15 | अंकः 02 | मूल्यः ₹ 3.00/- पेज : 12 | बुधवार | 11 अक्टूबर, 2023

## नेतन्याहू ने मोदी को फोन किया, जंग पर बात की: पीएम बोले, हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ, इजराइल का गाजा बॉर्डर पर कब्जा

# तबाह हुआ हमास!

- हमास के हमले के जवाब में गाजा पर बमबारी कर रहा इजरायल
- इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पीएम मोदी को लगाया फोन
- मोदी ने कहा, भारत के लोग पूरी तरह से इजरायल के साथ खड़े हैं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इजराइल–हमास जंग के चौथे दिन पीएम नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया। उन्होंने पीएम को जंग के बारे में पूरी जानकारी दी। मोदी ने ट्वीट कर कहा– भारत के लोग इस मुश्किल घड़ी में इजराइल के साथ हैं। हम हर तरह के आतंकवाद के खिलाफ हैं। इससे पहले टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, इजराइल की सेना ने घोषणा की है कि उसने गाजा के बॉर्डर पर कब्जा कर लिया है। सेना ने बताया कि रातभर में उसने गाजा में 200 जगहों को निशाना बनाया है अब तक हमास के 1500 लड़ाके मारे जा चुके हैं। जंग में इजराइल के करीब 123 सैनिकों की अब तक मौत हो चुकी है। दूसरी तरफ हमास के हमलों में थाईलैंड के अब तक 18 नागरिकों की मौत हो चुकी है। सोमवार को इजराइल के रक्षा मंत्री ने पूरी गाजा पट्टी पर कब्जे का आदेश दिया था। इसके बाद रात भर इजराइल ने गाजा पर हमले किए। जवाब में हमास ने धमकी दी है कि वो इजराइल से पकड़े करीब 150 बंधकों की हत्या कर देंगे।

### इजराइल ने अब तक गाजा में 1707 जगहों पर किए हमले

टाइम्स ऑफ इजराइल ने हिब्रू मीडिया के हवाले से बताया कि इजराइल जंग की शुरुआत से लेकर अब तक गाजा में 1,707 टारगेट्स पर हमला कर चुका है। इस दौरान करीब 475 रॉकेट सेंटर्स, 23 स्ट्रैटेजिक साइट्स और 22 अंडरग्राउंड ठिकानों को निशाना बनाया गया है।



हमास–इजराइल युद्ध: इजराइल के हमले में मारे गए 1500 आतंकी, हमास के 500 ठिकानों पर रॉकेट दागे

भयावह युद्ध में इजराइल के 900 और गाजा में 700 नागरिकों की गई जान

### इजरायल में अभी कैसे हालात हैं?

इजरायल की सड़कों पर कई दशकों में पहली बार ऐसा खूनखराबा देखा गया और इसके जवाब में गाजा में कई इलाके नेस्तनाबूद कर दिए गए। हमास ने यह कहकर तनाव और बढ़ा दिया है कि अगर बिना पूर्व चेतावनी के नागरिकों को निशाना बनाकर हमले किए जाते हैं, तो वह बंधक बनाए गए इजरायलियों को मौत के घाट उतार देगा। इजरायली सेना ने देश के दक्षिणी हिस्से में ज्यादातर जगहों पर फिर से नियंत्रण कर लेने का दावा करते हुए कहा कि हमास के करीब 1500 आतंकवादियों के शव इजरायली क्षेत्र में पाए गए हैं। इजरायल ने कहा कि हमास और गाजा में अन्य आतंकवादी समूहों ने हमले के बाद उसके 150 से अधिक सैनिकों तथा नागरिकों को बंधक बना लिया।

### गाजा की संसद व नागरिक मंत्रालय निशाने पर

इजराइली सेना ने अब पीछे न हटने की घोषणा की है। अब इजराइल की सेना के निशाने पर गाजा की संसद और नागरिक मंत्रालय हैं। फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के खिलाफ अपने हमले में इजरायली सेना ने मंगलवार को घोषणा की कि उनका मुख्य निशाना गाजा की संसद और नागरिक मंत्रालय हैं। इजराइल ने जमीनी हमला तेज करने की रणनीति भी बनाई है।

### दिल्ली में इजराइली दूतावास के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

इजराइल–हमास जंग को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने इजराइली दूतावास और चाबड हाउस के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, कतर ने हमास के अधिकारियों से जंग में कैद किए गए लोगों के बारे में बात की। उन्होंने इजराइली महिला और बच्चों की रिहाई के बदले 36 फिलिस्तीनी महिला और बच्चों को स्वैप करने पर चर्चा की। दूसरी तरफ मिस्र भी लगातार दोनों पक्षों से जंग रोकने के लिए बातचीत कर रहा है। उसने हमास से बंधकों को प्रताड़ित नहीं करने को कहा है। इलराइल के पूर्व प्रधानमंत्री येर लैपिड ने कहा– जंग के स्थिति में विरोधी पार्टी को राजनीति से कोई मतलब नहीं है। हम आर्मी और सरकार को पूरा सपोर्ट करते हैं। गाजा की तरफ से हो रहे हमलों के बीच इजराइल ने बॉर्डर के पास रह रहे लोगों को वहां से हटाया है।




### यूपी में 15 अक्तूबर से 20 नवंबर तक पुलिसकर्मियों के अवकाश पर रोक, त्योहारों को लेकर लिया गया फैसला

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। यूपी पुलिस में कार्यरत सभी कर्मचारी 15 अक्तूबर से लेकर 20 नवंबर तक अवकाश नहीं ले सकेंगे। इसका मतलब यह है कि उन्हें दीपावली के बाद ही अवकाश मिल सकेगा। डीजीपी विजय कुमार ने आगामी त्योहारों के दृष्टिगत पुलिसकर्मियों के अवकाश लेने पर रोक लगा दी है। डीजीपी की ओर से समस्त डीजी, एडीजी, पुलिस कमिश्नर, एडीजी जोन, आईजी रेंज, जीआरपी, पीएसी को जारी आदेश के मुताबिक दुर्गापूजा, दशहरा, दीपावली और छठ पूजा के दृष्टिगत 15 अक्टूबर से 20 नवंबर तक पुलिसकर्मियों को अवकाश नहीं दिया जाएगा। इसमें समस्त तरह के अवकाश शामिल हैं। विशेष परिस्थितियों में अवकाश के लिए उच्चाधिकारियों की पूर्व अनुमति आवश्यक होगी। विशेष अवकाश के लिए यह फैसला लागू नहीं होगा।




### यूपी विधानसभा भर्ती फर्जीवाड़ा: विधान परिषद सचिवालय पहुंची सीबीआई, दस्तावेज देने में बहाने बना रहे थे अधिकारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

> टीम को कई दस्तावेज सौंपे गये हैं, शेष दस्तावेज देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है

हाईकोर्ट के आदेश पर विधानसभा और विधान परिषद सचिवालय में हुई भर्तियों में फर्जीवाड़े की जांच कर रही सीबीआई की टीम ने सोमवार को विधान परिषद सचिवालय जाकर जल्द दस्तावेज मुहैया कराने को कहा। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई की टीम को कई दस्तावेज सौंपे गये हैं, शेष दस्तावेज देने के लिए तीन दिन का समय दिया गया है। बता दें कि विधान सभा और विधान परिषद सचिवालय में हुई भर्तियों की जांच करने के लिए सीबीआई ने 22 सितंबर को प्रारंभिक जांच (पीई) दर्ज की थी। तत्पश्चात दोनों सचिवालय के प्रमुख सचिव से भर्तियों से जुड़े दस्तावेज भी मांगे थे। सीबीआई की एंटी करप्शन ब्रांच ने चयनित अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेज, परीक्षा की ओएमआर शीट, परीक्षा कराने वाली एजेंसी के चयन की प्रक्रिया, शासनादेश, भर्तियों के लिए जारी किये गये विज्ञापन समेत कई बिंदुओं पर जानकारी मांगी थी। सूत्रों के मुताबिक विधान परिषद सचिवालय के अधिकारी दस्तावेज देने में लगातार आनाकानी कर रहे थे। कभी अधिकारियों के अवकाश पर होने, तो कभी बीमार होने का बहाना बनाकर टरकाया जा रहा था। इसी वजह से सोमवार को सीबीआई की चार सदस्यीय टीम ने विधान भवन स्थित विधान परिषद सचिवालय जाकर अधिकारियों से मुलाकात की और उन्हें जल्द सारे दस्तावेज मुहैया कराने को कहा है।









# डीएम ने ली अटल भूजल योजना संबन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में मंगलवार को अटल भूजल योजना के सम्बन्ध में बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।
जनपद में अटल भूजल योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विकास खंडवार कुल चयनित अमृत सरोवर तालाबों की संख्या 53 है। जिलाधिकारी ने कृषि एक्सपर्ट दिलीप कुमार श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि मुख्य विकास अधिकारी से कार्य योजना लेकर कार्य करें।
उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया कि कृषि एक्सपर्ट उप कृषि निदेशक के साथ लगकर कृषि कार्य कराएं। उन्होंने कहा कि जिन अमृत सरोवर का भौतिक सत्यापन हो गया है, नामित अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर लिया गया है तो उसका भुगतान कराएं। उन्होंने सभी कार्यदाई संस्थाओं कहा कि अमृत सरोवर में इनलेट आउटलेट पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने प्रभागीय वनाधिकारी को निर्देशित किया कि चेक डैम, रपटा, तालाब वन क्षेत्र में है, उसकी नपाई कराकर प्रस्ताव बना ले। उन्होंने कहा कि इनलेट, गहराईकरण मशीनों से कराए। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर तालाब पर घाट व पौधरोपण में ट्री गार्ड भी लगवाए। अटल भूजल योजना अंतर्गत जनपद में वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए अमृत सरोवर तालाबों का प्रस्ताव विवरण पर भी चर्चा हुई। उन्होंने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया कि लाइट, इंटरलॉकिंग व पौधरोपण में ट्रिगार्ड आदि अच्छा से कराए एवं शेष बचे पैसे से वॉटर मीटर भी बनवाए।
इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी पीके त्रिपाठी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुधीर कुमार, प्रभारी अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार मिश्रा, सहायक अभियंता जिला पंचायत भगत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, कृषि एक्सपर्ट दिलीप श्रीवास्तव, आईईसी एक्सपर्ट अजय श्रीवास्तव, एई नोडल अटल भूजल योजना सौरभ सरोज आदि मौजूद रहे।

## अपर एसपी ने ली परेड की सलामी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी ने पुलिस लाइन में मंगलवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिसकर्मियों की ड्रिल का निरीक्षण किया। इसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन शिवनारायण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कर्मचारियों का अर्दली रुम किया।

## अपर एसपी ने थाना क्षेत्रों के चौकीदारों की ली बैठक

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पाण्डेय, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी अजीत पाण्डेय की उपस्थिति में थाना क्षेत्र के सभी चैकीदारों, ग्राम पहरियों की बैठक की। उन्होंने थाना क्षेत्र के सभी चैकीदारों को बताया कि सभी अपने क्षेत्र की निगरानी करेंगे, लोगों पर नजर रखेगे एवं अपने निर्धारित थाना क्षेत्र में प्राथमिकता के साथ अपराध और अपराधियों पर सतर्क दृष्टि रखे एवं थाना क्षेत्र में जहाँ भी विवाद की स्थिति उत्पन्न हो समय पर अपने क्षेत्र के हल्का प्रभारी या थाना प्रभारी को अवगत कराये।

# प्रशिक्षण के जरिए सही दिशा में काम करें किशोर : जिला जज

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर) चित्रकूट में निरन्तर योग, बौद्धिक शिक्षा, संगीत, खेल कूद, पठन-पाठन, कला, निबन्ध-लेखन, वाद-विवाद से सम्बन्धित प्रशिक्षण एवं प्रतियोगितायें आयोजित की गयी। गांधी जयन्ती से प्रारम्भ होकर मेरा हुनर मेरी पहचान मेला के अन्तर्गत कार्यक्रम व प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसका समापन जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम द्वारा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर किया गया।
समापन के अवसर पर जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम कहा कि आज का यह अवसर आपके व्यक्तित्व में छुपी हुयी प्रतिभा का विकास करने के उद्देश्य से दिया गया है ताकि आप इस समय का सदुपयोग कर अपने हुनर व व्यक्तित्व का विकास कर समाज को एक सफल व्यक्ति के तौर पर स्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि आज जो कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये हैं, उससे किशोरों के अन्दर विद्यमान प्रतिभा साबित होती है।
इस अवसर पर योग, खेलकूद, संगीत, चित्रकला तथा निबन्ध एवं लेखन में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने एवं किशोर अपचारियों के मध्य प्रतियोगिता में भाग लेने वाले किशोरों को जनपद न्यायाधीश द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फर्रुख इनाम सिद्दीकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड सोनम गुप्ता, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र, प्राध्यापक गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय डॉ. राजेश कुमार पाल, जिला संयोजक कौशल विकास मिशन राकेश कुशवाहा, अधीक्षक सम्प्रेक्षण गृह बीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# मऊ में हुआ शौर्य जागरण यात्रा का स्वागत

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा चित्रकूट के रामायण मेला से चलकर मऊ नगर पंचायत पहुंची। जहां शौर्य यात्रा का जगह जगह पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। जिसमें लगभग 2000 सनातनियों ने भाग लिया यह यात्रा कानपुर प्रांत के 21 जिले से होते हैं आज मऊ होते हुए काशी के लिए प्रस्थान की। जिसमें विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल अपने स्थापना काल से ही इन देश घातक शक्तियों से संघर्षरत है अनेक कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया है अनेक कार्यकर्ता शत्रुओं से संघर्ष करने में घायल हुए हैं कुछ राजनीतिक दलों की तुष्टिकरण की नीतियों का शिकार बजरंग दल के कार्यकर्ता हुए हैं फिर भी इन राष्ट्र विरोधी शक्तियों से कानून के दायरे में रहकर कार्यकर्ता संघर्षरत है धर्म की जय और अधर्मियों का नाश होने तक यह संघर्ष अनवरत चलता रहेगा। आज देश के समक्ष पुनः महाभारत काल के जैसी ही परिस्थितिया चुनौती दे रही है। राष्ट्र विरोधी धर्म विरोधी शक्तियां संगठित होकर भारत में आतंकवाद अलगाववाद जातिवाद लव जिहाद लैंडजिहाद बिजनेस जिहाद धर्मांतरण गौहत्या ड्रगमाफिया और जनसंख्या असंतुलन जैसे अनेक प्रकार से हिंदू समाज पर आक्रमण कर हिंदू समाज और देश को तोड़ने का षड्यंत्र रच रही है। इस मौके पर मुकेश बाजपेयी, संदीप श्रीवास्तव, अंकित शुक्ला, पप्पू माली, शिवांश केसरवानी, शुभम कश्यप, अर्चित शुक्ला, संजय द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## नेता जी की मनायी गयी पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस/खागा, फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय नेताजी की पहली पुण्यतिथि पर नगर पंचायत अध्यक्ष के पूर्व प्रत्याशी इंदल सिंह के आवास पर श्रद्धांजली अर्पित किया गया। जिसमें श्रद्धेय नेता जी के किये गये कार्य गरीब, नौजवान, बेरोजगार, शोषित वंचित, अल्पसंख्यक, किसान और सेना सुधार कार्यों को बताया गया। उसके बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो में जाकर मरीज और तीमारदारों को फल वितरित किया गया। जिसमें नेता जी के आदर्शों और उनके पद चिन्हों पर चलकर समता मूलक समाज की स्थापना का संकल्प लिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से अफसर अली, अंकित यादव, परवेज आलम, सुखेंद्र सिह, प्रदीप यादव, गुलाब सिंह, रानू सिंह, अशोक सिंह, नर सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह, मनीष यादव सहित बडी सख्या मे सपा समर्थक उपस्थित रहे।

# अधिक तनाव के कारण खराब होता है मानसिक स्वास्थ्य

जन एक्सप्रेस | चित्रकूट



उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी द्वारा मंगलवार को जिला कारागार में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्ण कालिक सचिव ने बंदियों को विश्व मानसिक स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि हर साल देश और दुनिया में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इसके माध्यम से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखने पर जोर दिया जाता है। वर्तमान समय में तनाव चिन्ता और अवसाद जैसी मानसिक समस्याएं लोगों में बढती जा रही है। तनाव और मानसिक स्वास्थ्य का कारण गलत खान-पान भी हो सकता है। ऐसे में तनाव मुक्त और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए स्वस्थ आहार लें। खाद्य पदार्थों में तमाम ऐसी सामग्रीयां है जो मानसिक स्वास्थ्य पर कुप्रभाव डाल सकती हैं। डॉ. आशीष कंकोरिया ने मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए अच्छा भोजन, योगाभ्यास और पर्याप्त नींद लेने की सलाह दी। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पाण्डेय, उप कारापाल रजनीश कुमार सिंह, चितरंजन श्रीवास्तव, बृज किशोरी आदि मौजूद रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं ने मनाई मुलायम सिंह की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में धरतीपुत्र के नाम से पहचाने जाने वाले नेता मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिव शंकर सिंह यादव की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का संचालन पार्टी जिला महासचिव सत्यनारायण पटेल ने किया। जिलाध्यक्ष शिवशंकर यादव ने कहा कि नेताजी गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं के रहनुमा थे। उन्होंने सदैव देश के पिछले लोगों के उत्थान के लिए आजीवन कार्य किया। मुख्यमंत्री रहते और भारत के रक्षा मंत्री रहते उन्होंने देश के किसानों, गरीबों, मजदूरों, महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए कार्य किया। नेताजी का मानना था कि देश में जाति एक बीमारी है और बीमारी का इलाज छुपा कर नहीं किया जा सकता।

## डीएम की अध्यक्षता मे जन योजना बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** ग्राम पंचायत योजना, हमारी योजना हमारा विकास की जन योजना बैठक कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्य जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जल निगम ग्रामीण के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण लेने के निर्देश मुख्य विकास अधिकारी को दिया गया। शासन की मंशानुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सामाजिक एवं आर्थिक विकास के दृष्टिगत ग्राम पंचायत विकास योजना, क्षेत्र पंचायत विकास योजना का रोस्टर बनाकर बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर जन समुदाय की आवश्यकता एवं समस्याओं को चिन्हित कर कार्ययोजना बनाई जाय। शासन की मंशानुरूप 09 विषय गरीबी मुक्त गांव, स्वस्थ्य गांव, बाल मैत्री गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव, महिला हितैसी गांव विषयो को शामिल करते हुए कार्ययोजना बनाई जाये।

# जनपद अब रहेगा तीसरी ऑख की निगरानी में



जन एक्सप्रेस | फतेहपुर

जनपद अब तीसरी आंख की निगरानी में रहेगा। मंगलवार को एडीजी प्रयागराज जोन भानु भास्कर ने सीओ सिटी कार्यालय में बने सीसीटीवी कंट्रोल रूम का उद्घाटन किया।
इसके साथ ही जिले को महत्वपूर्ण सौगात मिल गई है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी सी इंदुमती, पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, सीओ सिटी वीर सिंह सहित लघु उद्योग भारती के जिला अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, महर्षि विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।
यातायात व क्षेत्राधिकारी कार्यालय में सीसीटीवी वॉल लगाई गई है। यहां पर बड़ी टीवी स्क्रीन में 360 कैमरों के लाइव फुटेज देखने की व्यवस्था की गई है। ऐसे में जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे से लाइव फुटेज देखी जा रही है। सीसीटीवी वॉल के जरिए जिले के सभी थाने, मुख्य मार्ग, सहित कई संवेदनशील मार्ग निगरानी में रहेंगे। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी वॉल की मॉनिटरिंग के लिए आठ-आठ घंटे की तीन शिफ्ट में कर्मचारियों को तैनात किया गया है। इनमें कांस्टेबल और एएसआई और पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। सीसीटीवी वॉल में फिलहाल 360 कैमरा की लाइव फीडिंग देखी जा सकती है। जानकारी के अनुसार जिले में लोगों ने निजी स्तर पर 4719 कैमरे लगाए जा चुके हैं। जिनमें अभी तक 250 कैमरों की एक्सेस मिल चुकी है। अन्य के लिए प्रयास किया जा रहा हैं। तो वहीं पुलिस विभाग के 110 कैमरे लगातार काम कर रहे हैं।

# सत्याग्रह आन्दोलन में संगठित हो रहे व्यापारी, किसान, छात्र व सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि लापता

जन एक्सप्रेस | फतेहपुर



विजयीपुर-गाजीपुर 34 कीमी सडक निमार्ण सत्याग्रह आन्दोलन चल रहा है। सत्याग्रहियो के समर्थन मे व्यापारी, किसान, छात्र सहित विभिन्न सामाजिक संगठन प्रतिदिन सत्याग्रह स्थल पहुँचकर समर्थन देने का क्रम बना है। लगभग तीन दसको से गड्ढा युक्त सडक का नामोनिसान मिट चुका है। जिसके लिए लगातार क्षेत्रीय लोगो ने शासन-प्रशासन सहित जनप्रतिनिधियो से सरकार के गड्ढा मुक्त सडको के अभियान मे सामिल करने की मांग किया जाता रहा है लेकिन अब-तक केवल आश्वासन ही मिलता रहा है। जिसके चलते सडक निमार्ण सघर्ष समिति व बुन्देल खण्ड राष्ट्र समिति के नेतृत्व मे सत्साग्रह आन्दोलन चलाया जा रहा है। जिसमे तमाम संगठनो के नेता अपना समर्थन दे रहे है। जब कि जनप्रतिनिधि आन्देलन के प्रति उदासीन है। जिससे लोगो मे आक्रोस बढता जा रहा है।
आज व्यापार मण्डल खागा अध्यक्ष व प्रदेश सचिव प्रकाश पाण्डेय सत्याग्रह स्थल पहुॅचकर जहॉ सत्याग्रहियो का उत्साह वर्धन किया। वही व्यापार मण्डल के समर्थन का एलान भी मंच से किया। इसी के साथ भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के असोथर ब्लाक अध्यक्ष सोनू सिंह ने समर्थन देते हुये कहा कि शासन-प्रशासन तत्काल सडक निर्माण नही शुरु करता तो किसान युनियन सडक जाम जैसी कार्यवाही करने पर मजबूर होना पडेगा। वही सत्याग्रह आन्दोलन कर रहे प्रवीण पाण्डेय नौ दिनो से केवल पानी पीकर ही आन्दोलन कर रहे है। बताया गया कि गड्ढा युक्त सडक ने लगभग एक सैकड़ा लोगो की जाने ले चुका है। आज उन परिवारो मे किसी बच्चे के सिर से पिता की छत्रछाया से बंचित है तो कोई सुहागिन के मांग का सिन्दूर उजड चुका है।
इन सब के बावजूद भी न तो प्रशासन के जू रेग रहा है और न ही जनप्रतिनिधियो ने आमजनों की परेशानियों को देखा। सत्याग्रह आन्दोलन का कारवॉ लगातार बढ़ता ही जा रहा है और शासन-प्रशासन सहित क्षेत्रीय विधायक सांसद के प्रति आक्रोस भी बढता जा रहा है। प्रतिदिन सत्याग्रह स्थल मे सुबह शाम धार्मिक कीर्तन-भजन के साथ शुरु होता है और देर रात खत्म हो रहा है। वही सैकडो की तादात मे क्षेत्रीय लोग आन्दोलन स्थल पर मौजूद रहते हैं। वही सत्याग्रहियो ने आंशका जाहिर किया कि जनप्रतिनिधियो के ईसारे पर कभी भी पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही किया जा सकता है। इस बात पर लोगो मे और भी आक्रोस बढता ही जा रहा है। सत्याग्रह आन्दोलन के समर्थन मे नया रुप भी ले सकता है। इस मौके पर व्यापारी नेता सहित किसान नेता व क्षेत्रीय लोग मौके पर उपस्थित रहे।


## कार्यालय : ग्राम पंचायत मनगवां, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक : 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत मनगवां, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 3:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.10.2023 को अपरान्ह 1:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 2.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत मनगवां से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनगवां | SBM | ग्रा0पं0 मनगवां में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

निविदा शर्तें :- 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान : सुखेन**
ग्राम पंचायत : मनगवां
वि.खं. : मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी : वीरेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत : मनगवां
वि.खं. : मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

## कार्यालय : ग्राम पंचायत डोडामाफी, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक : मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक : 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत डोडामाफी, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 1:30 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 1.30 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत डोडामाफी से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | डोडामाफी | SBM | ग्रा0पं0 डोडामाफी में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |
| 2. | डोडामाफी | SBM | ग्रा0पं0 डोडामाफी में ई-रिक्शा क्रय का कार्य | 01 नग | 1.50 लाख | 3000.00 | 500.00 |

निविदा शर्तें :- 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान : मुनीवा**
ग्राम पंचायत : डोडामाफी
वि.खं. : मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी : वीरेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत : डोडामाफी
वि.खं. : मानिकपुर, जनपद : चित्रकूट



janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | बुधवार | 11 अक्टूबर 2023




**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+2.1)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 23.4 (+0.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 86 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 47 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 5.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

### सपा विधायक इरफान सोलंकी का अग्निकांड मामला

# बेवा नजीर फातिमा के अधिवक्ता हाईकोर्ट में बोले वर्षों से विधायक और उनका परिवार कर रहा था उत्पीड़न



इरफान सोलंकी, विधायक





अनुज कुमार मिश्रा, अधिवक्ता

**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**

**प्रयागराज/कानपुर नगर।** मंगलवार को उच्च न्यायालय इलाहाबाद में अग्निकांड मामले में राहत पाने के लिए रिजवान सोलंकी द्वारा दाखिल की गई याचिका में फिलहाल उसे कोई राहत नहीं मिली है। कारण यह है कि बहुत ही मजबूती से अग्निकांड की पीड़िता बेवा नजीर फातिमा के अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा द्वारा उनके पक्ष को न्यायमूर्ति के सामने रखा गया है। अब इस मामले में अगली सुनवाई दो की तारीख पर होगी। ज्ञातव्य हो कि सपा विधायक इरफान सोलंकी और उसके भूमाफिया भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के अन्य सदस्यों पर दर्ज अग्निकांड के मामले में कानपुर की ज़िला अदालत एम.पी एम.एल.ए. कोर्ट /ए.डी.जे. ग्यारह में दिन प्रतिदिन सुनवाई चल रही है। मामले में अभियोजन की गवाही खत्म होने के बाद जब कोर्ट में सीआरपीसी की धारा 313 के अंतर्गत बयान मुलजिम हुए और उसके बाद जब बचाव पक्ष के गवाहों की कोर्ट में गवाही देने के लिए बारी आई तो अचानक से बचाव पक्ष का एक गवाह विद्वान न्यायाधीश के सामने यह बोल गया कि रिजवान ने ही उसका मोबाइल लेकर पुलिस के 112 नंबर पर सूचना दी थी और रिजवान घटना के समय घटना स्थल पर वहां मौजूद था। जिसके बाद से इरफान सोलंकी और घटना में उसके साथ शामिल आरोपियों में अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है।

**जब वादिनी जिंदा है तो तहरीर पर हस्ताक्षर का मिलान क्यों?**

जब बीते दिन न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की कोर्ट में रिजवान सोलंकी की ओर से विद्वान अधिवक्ता ने अपना पक्ष रखते हुए कोर्ट को बताया कि वादिनी नजीर फातिमा द्वारा दर्ज कराए गए अग्निकांड के मामले में तहरीर पर जो हस्ताक्षर हैं उसकी फोरेंसिक जांच कराई जानी चाहिए और साथ ही साथ कॉल टावर लोकेशन को भी विवेचना में शामिल किया जाना चाहिए। जिस पर नजीर फातिमा की ओर से हाईकोर्ट में उनका पक्ष रखने वाले विद्वान अधिवक्ता अनुज कुमार मिश्रा के द्वारा कोर्ट को बताया गया कि वर्तमान समय में अग्निकांड मामले की वादिनी जीवित हैं और खुद वह कह रही है कि उनके ही हस्ताक्षर तहरीर पर हैं तो जांच कराए जाने की आवश्यता का क्यों? और साथ ही साथ उन्होंने कोर्ट के सामने यह भी रखा कि खुद सपा विधायक इरफान सोलंकी के गवाह ने ट्रायल कोर्ट में विद्वान न्यायाधीश के सामने यह कबूल किया है की घटना स्थल पर पुलिस को 112 पर सूचना देने वाला और कोई नहीं खुद रिजवान सोलंकी था और यह स्पष्ट है कि मामले में 120 भी की धारा भी मेंशन की गई है इन्हीं लोगों का यह सारा षड्यंत्र था। साथ ही साथ विद्वान अधिवक्ता ने कोर्ट को यह भी बताया कि नजीर फातिमा वर्षों से इन लोगों के द्वारा पीड़ित की गई है ऐसे में यह सभी सिर्फ और सिर्फ कोर्ट का समय बर्बाद कर रहे हैं। न्यायमूर्ति राजवीर सिंह के द्वारा सभी पक्षों को सुनने के बाद 2 दिन बाद की तिथि निर्धारित कर दी गई है।

**गवाह के पलटने के बाद रिजवान ने हाई कोर्ट में दाखिल की है याचिका**

कानपुर की ट्रायल कोर्ट में जैसे ही अग्निकांड मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी के पक्ष में गवाही देने आया गवाह ऋषभ गुप्ता जब विद्वान न्यायाधीश के सामने यह बोल पड़ा कि उसे अग्निकांड वाले दिन घटनास्थल पर विधायक इरफान सोलंकी के भाई अरशद ने बुलाया था और वहां पर पहले से रिजवान सोलंकी मौजूद था उसने ही उसका मोबाइल लेकर 112 को सूचना दी थी। जिसके बाद इरफान सोलंकी और उसका गैंगऔंधे मुंह गिर पड़ा। कानपुर नगर की ट्रायल कोर्ट में बचाव पक्ष के विद्वान अधिवक्ताओं सईद नकवी, शिवाकांत दीक्षित के द्वारा फिर से ऋषभ गुप्ता के बयान कराए जाने के साथ-साथ वादी नजीर फातिमा की तहरीर पर हस्ताक्षर की फोरेंसिक जांच और विवेचना में केस डायरी में कॉल डिटेल टॉवर लोकेशन आदि शामिल कराए जाने का हवाला देते हुए प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था। जिस पर एडीजीसी भास्कर मिश्रा द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई थी। सभी पक्षों को सुनने के बाद प्रार्थना पत्र को ट्रायल कोर्ट ने निरस्त कर दिया था। इसके बाद रिजवान सोलंकी के द्वारा हाईकोर्ट इलाहाबाद में एप्लीकेशन 482 फाइल करते हुए याचिका दाखिल की गई थी जिस पर पहली सुनवाई बीती चार अक्टूबर को हुई थी। बीती चार अक्टूबर को ही रिजवान सोलंकी के मंसूबों पर पानी मुकदमा वादिनी नजीर फातिमा के वकील अनुज कुमार मिश्रा द्वारा स्वयं न्यायमूर्ति राजवीर सिंह की कोर्ट में याचिका पर सुनवाई के दौरान उपस्थित होकर अपना वकालत नामा दाखिल करने के बाद फेर दिया गया था। जिसके बाद सुनवाई बीते दिन 10 अक्टूबर की नियत की गई थी।



## घरेलू विवाद में बहनोई ने की साले की फावड़ा मारकर हत्या

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शिवली कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत प्रतापपुर उदैत गांव में रात लगभग 10ः00 बजे पारिवारिक कलह के चलते बहनोई द्वारा अपने साले की फावड़ा से हत्या कर दी गई और स्वयं पुलिस को गुमराह करते हुए बदमाशों द्वारा हत्या करने की सूचना दी 7 हत्या की सूचना मिलने पर पुलिस ने आला अधिकारियों को सूचित करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की बारीकी से छानबीन की ,फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना के परिपेक्ष्य में साक्ष्य संकलित किए गए तत्पश्चात पुलिस द्वारा शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## हाफ़िज़ हसीन के आवास पर एसीपी ने भारी पुलिस बल के साथ किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर कस्बे मे सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के बुधवार को नगर आगमन को देखते हुए एसीपी आई पी सिंह एसएचओ सुरेन्द्र सिंह ने मंगलवार को जीटी रोड से लेकर लोहिया नगर तक निरीक्षण किया। लोहिया नगर स्थित हाफ़िज़ हसीन के आवास पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुधवार को युवा सपा नेता हाफ़िज़ हसीन के आवास पर निजी कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भी मुलाकात करेंगे। इस संदर्भ में एसीपी ने हाफ़िज़ हसीन से मुलाकात कर विधि व्यवस्था से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आने वाली भीड़ पर भी समीक्षा की। एसीपी ने सपा सुप्रीमो के काफिले में शामिल वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर लगाने और यातायात में किसी तरह का व्यवधान न हो उसे लेकर भी अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान प्रमुख रूप से अ0 स0 राष्ट्रीय सचिव एजाज़ शाह, पूर्व महासचिव यु0स0 नाजिम ख़ान, युवा सपा नेता बबलू ख़ान, पूर्व पार्षद इफ़्तिख़ार खान, पूर्व पार्षद लाले खान, पूर्व पार्षद नसीम खान, पूर्व महासचिव छ0स0 कसीम रज़ा, मुजीब खान, शहबाज खान उर्फ शीलू, अब्दुल्ला खान, इम्तियाज खान, तौफीक खान, वकार खान सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**समाज सुधारक राहुल कुमार का केक काट कर मनाया गया जन्मदिन**

**जन एक्सप्रेस/कानपुर।** राष्ट्रीय विकलांग पार्टी ने जिला अध्यक्ष समाज सुधारक, दिव्यांगजनो के मार्ग दर्शक राहुल कुमार का जन्म दिवस समारोह शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क में केक काट कर मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि राहुल कुमार सच्चे समाज सुधारक हैं। इन्होने हमेंशा दिव्यांगजनो की तन, मन, धन से सेवा की है। हम सब राहुल कुमार की लम्बी आयु कि कामना करते हैं। राहुल कुमार ने हमेशा दिव्यांगजनो की मदद किया है। आज राहुल कुमार का जन्म दिन मनाने वालों में राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, राहुल कुमार, वैभव दीक्षित, जौहर अली, दिलीप कुमार, आशीष कुमार आदि शामिल थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### राम कथा में सातवें दिन श्री राम को 12 वर्ष के वनवास का वर्णन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में बीते दिन मंगलवार को पहाड़पुर में 9 दिवसीय राम कथा लगातार हो रहे सातवें दिन पूर्ण हुआ। राम कथा में आए हुए सभी भक्तों ने संत श्री चरण दास जी महाराज द्वारा भगवान श्री राम के राम बनवास कथा का वर्णन सुना तो सभी भावुक हो गए ।वही राजा दशरथ के राम वियोग में प्राण त्यागने पर श्रोताओं के आंखें नम हो गई। इस दुख को संगीत के रूप गाकर श्रद्धालुओं को संत श्री चरण दास महाराज ने व्यक्त किया। मुख्य रूप से गुप्ता परिवार , डॉ अजीत, अमित गुप्ता, वीरेंद्र कुमार ,राजन पंडित आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।



### मानक पूरे नहीं तो लाइसेंस नहीं : एडिशनल सीएमओ

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** यदि हॉस्पिटल चलाना है तो सबसे पहले मानक पूरे करने होंगे नहीं तो लाइसेंस रिन्यूअल नहीं होगा यह सभी बातें कानपुर के एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश ने कही हैं। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के संवाददाता सनी राव मोघे से विशेष बातचीत करते हुए कानपुर के एडिशनल सीएमओ सुबोध प्रकाश ने बताया कि शहर में हर बार अस्पताल के लाइसेंस को लेकर मारामारी होती है। शहर में आधे से ज्यादा अस्पताल बिना लाइसेंस के चलने की शिकायतें मिलती रहती हैं। कल्याणपुर क्षेत्र में तो इक्का-दुक्का अस्पतालों को छोड़कर किसी का भी लाइसेंस रिन्यूअल नहीं हुआ है जिसकी वजह मानक पूरे ना होना है। कई बार हिदायत दिए जाने के बाद भी अभी तक अधिकतर अस्पताल संचालकों ने मानक पूरे नहीं किए हैं जिसकी वजह से इन अस्पतालों का रिन्यूअल नहीं हुआ है। और यदि ऐसा ही रहा तो इस बार रिन्यूअल होने की संभावना भी नहीं है। एडिशनल सीएमओ ने यह भी बताया कि कल्याणपुर क्षेत्र में 250 से अधिक मानक विहीन पैथोलॉजी चल रही है उन पर भी जल्द कार्रवाई होने की संभावना है। कई पैथोलॉजी के खिलाफ तो शिकायतें भी आई हैं जल्द ही वह पैथोलॉजी बंद हो जाएंगी।

### समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात।** सरकार द्वारा पीड़ित परिवार को कोई मदद नही कि जा रही है। जो आर्थिक सहायता पीड़ित को मिली है वो किसान दुर्घटना बीमा का लाभ दिया गया है। सपा पीड़ित परिवार को 50-50 लाख की आर्थिक मदद और कृषि योग्य जमीन देने के साथ परिवार के सदस्य को नौकरी देने की मांग करती है। यह बात मंगलवार को कानपुर देहात के सहजहांपुर निनाया गांव पहुंचे सपा के पूर्व मंत्री भगवती प्रसाद सागर ने मीडिया से कही। उन्होंने कहा कि सपा की सरकार बनने पर पीड़ित परिवार यह लाभ दिया जयेगा। पूरे घटना क्रम की रिपोर्ट तैयार करके समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपी जाएगी। उल्लेखनीय है कि गजनेर थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर निनाया गांव में जमीनी विवाद के चलते 2 लोगो की हत्या कर दी गयी थी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर मंगलवार को 9 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली। पीड़ित परिवार को सांत्वना दी और हर संभव मदद करने का भरोसा दिया है।

## वन वे हटाने की मांग को लेकर व्यापारी पहुंचे थाने, शर्तों पर मिला आश्वासन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**✻ डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने व्यापारियों से काफी देर तक वार्ता की**

कल्यानपुर क्रॉसिंग से पनकी रोड पर वन वे व्यवस्था को हटाने की मांग लेकर मंगलवार को सैकड़ो व्यापारी थाने पहुचे।जहां पर डीसीपी वेस्ट ने उन्हें दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाने को कहा और कुछ दिनों के लिए वन वे व्यवस्था को तीन घण्टो के लिए हटाने की बात कही।उन्होंने कहा कि इस ट्रायल के दौरान अगर व्यवस्था ठीक रही तो आगे भी इस व्यवस्था को सुचारू रखा जाएगा। ज्ञातव्य हो कि बीते दिनों तत्कालीन डीसीपी ट्रैफिक ट रवीना त्यागी ने शहर को जाम मुक्त करने को लेकर ट्रैफिक व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन करते हुए काफी सुधार किए थे।इसी क्रम में कल्यानपुर क्रॉसिंग पर वन वे व्यवस्था भी लागू की गई थी।जिससे न सिर्फ राहगीरो को काफी राहत मिली थी बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था भी काफी हद तक सुधर गयी थी। वही पनकी रोड के व्यापारियों को ये व्यवस्था रास नही आ रही है। व्यपारियो का कहना है कि इस व्यवस्था से उनकी दुकानों तक ग्राहक नही पहुच रहे हैं जिससे उनका काफी नुकसान हो रहा है। व्यापारी नेता राजेश चंदेल की अगुवाई में सैकड़ो व्यापारी कल्यानपुर थाने पहुचे और वन वे व्यवस्था को खत्म करने की मांग की। सूचना के बाद एडीसीपी लखन सिंह यादव के साथ मौके पर पहुँचे डीसीपी वेस्ट विजय ढुल ने व्यापारियों से काफी देर तक वार्ता की। इस दौरान उन्होंने व्यापरियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने की जिम्मेदारी हम सभी की है। इसलिए इसमे व्यापारी वर्ग का भी साथ चाहिये। उन्होंने कहाकि अपनी दुकानों के सामने से अवैध वेंडर और अतिक्रमण को हटा लें जिसके बाद कुछ दिनों के लिए तीन घण्टे के लिए वन वे व्यवस्था को ट्रायल के तौर पर हटाया जाएगा। अगर सब कुछ ठीक रहा और व्यवस्था से जाम की स्थिति नही बनी तो इसे सुचारू किया जाएगा।

## फरार भाजपा नेता आशु रंजन दिवाकर को कानपुर पुलिस ने एक लाख का घोषित किया इनामी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

**✻ आरोपियों के घर में बुलडोजर और गैंगस्टर की कार्यवाही करने की मांग की**

**✻ फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही : संयुक्त पुलिस आयुक्त**

थाना चकेरी क्षेत्र के किसान बाबू सिंह यादव की मौत मामले में फरार चल रहे भाजपा नेता आशु रंजन दिवाकर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस आयुक्त डॉ.आर.के.स्वर्णकार ने पीड़ित परिजनों के मिलने के बाद मंगलवार को 50 हजार से बढ़ाकर इनाम की राशि एक लाख कर दिया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि किसान आत्महत्या प्रकरण में फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है। मंगलवार को उसके खिलाफ गिरफ्तारी के लिए घोषित इनाम की राशि 50 हजार से बढ़ाकर अब एक लाख कर दी गई और उसके खिलाफ धारा 82 एवं 83 के तहत कुर्की की कार्यवाही के लिए पत्र भेज दिया गया है। फरार भाजपा नेता आशु रंजन दिवाकर की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस कमिश्नर व जॉइन पुलिस कमिश्नर आनंद प्रकाश तिवारी से मुलाकात की वहीं जेसीपी आनंद प्रकाश तिवारी ने बताया कि 50 हजार से बढ़ाकर एक लाख की गई है वहीं धारा 82 व 83 के तहत कुर्की की कार्यवाही के लिए भी प्रेषित किया गया है। भाजपा नेता की प्रताड़ना से तंग आकर किसान बाबू यादव के आत्महत्या प्रकरण में मंगलवार को मृतक किसान बाबू सिंह यादव की पत्नी और दोनों बेटियों ने पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार से मिलकर आरोपियों के घर में बुलडोजर और गैंगस्टर की कार्यवाही करने की मांग की है। मृतक की बेटी रूबी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यदि उनके पिता के द्वारा प्रताड़ना की गयी होती तो उनके घर में अब तक बुलडोजर चल चुका होता, लेकिन सत्ता में होने की वजह से भाजपा नेता पर कोई बड़ी कार्यवाही नहीं हो रही है और उनको यादव होने की सजा मिल रही है।

## कल्याणपुर में अस्पताल संचालक ने दूसरे संचालक को पीटा

**✻ दबंग अस्पताल संचालक का मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया**

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर के प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों को लेकर खींचतान के चलते अक्सर विवाद की स्थिति बनी रहती है। कल्याणपुर में बिना रजिस्ट्रेशन के सैकड़ों हॉस्पिटल स्वास्थ्य विभाग की सेटिंग से चल रहे हैं। इन अस्पतालों में मरीजों को कम पैसों में इलाज का लालच देकर दूर दराज के ग्रामीण इलाकों से लाया जाता है। जहां इलाज के नाम पर मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाता है। अप्रिय घटना घटित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग छिटपुट कार्यवाही करता है और कुछ दिन बाद सेटिंग का खेल कर विवादित अस्पताल फिर से संचालित होने लगते हैं। सोमवार की देर रात कल्याणपुर थाना क्षेत्र में बने जेके हॉस्पिटल के संचालक साहिल को सहारा हॉस्पिटल के संचालक निखिल यादव ने अपने साथी गौरव, लकी, अतुल, सोनू नवनीत सहित अज्ञात हमलावरों के साथ मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। आरोप है कि बचाने आई महिला कर्मचारी के साथ भी मारपीट कर गाड़ी में खींचने का प्रयास किया। किसी तरह अपने आपको छुड़ाकर महिला कर्मचारी ने शोर मचाया। शोर सुनकर अस्पताल के गार्ड सहित स्टाप आया और बेहोश पड़े साहिल को अस्पताल में भर्ती कराया। दबंग अस्पताल संचालक का मारपीट का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है महिला कर्मचारी ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है। जिस पर पुलिस जांच कर कार्यवाही कर रही है।

**राहगीरों ने दी पुलिस को सूचना**

झगड़ा होने पर रोड पर जाम लग गया जिस कारण राहगीरों का आवागमन रुक गया। किसी राहगीर ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। तब जाकर पुलिस को जानकारी ही पाई। वहीं जानकारी है कि जे .के. हॉस्पिटल में पार्टी चल रही थी जिसमें सहारा हॉस्पिटल के संचालक निखिल यादव अपने साथियों को लेकर पहुंचा था जहां पुरानी रंजिश को लेकर दोनों में विवाद हो गया और मारपीट हो गई।

## पूर्व मुख्यमंत्री का आगमन बिल्हौर कस्बे में आज गंदगी से पटी नालियां, सड़कों से गुजरेगा काफिला

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**

बिल्हौर तहसील के अरौल, मकनपुर, बिषधन होते हुए नयला कटरा रसूलाबाद दंगल में जाएंगे जाएंगे वहां से वापस रसूलाबाद से ककवन, अलियापुर, माखनपुरवा मे कार्यकर्ता व जनता स्वागत करेगी इसके बाद बिल्हौर कस्बे में कार्यकर्ता के घर लगभग 30 मिनट रुकने के बाद लखनऊ के लिए रवाना हो जाएंगे जब प्रोटोकॉल का लेटर वायरल हुआ क्षेत्र के मोबाइल व्हाट्सएप में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आने की सूचना पर कार्यकर्ता उनके स्वागत के लिए जुट गए। हर कार्यकर्ता अपने गांव के सामने अपने समर्थकों के साथ उनका स्वागत करना चाहता है । समाजवादी पार्टी बिल्हौर विधानसभा अध्यक्ष इंजीनियर विनय यादव ने बताया कि अरौल, मकनपुर, विषधन, ककवन, अलियापुर, माखनपुरवा मे रुकने का प्रोटोकॉल में नहीं है लेकिन जनता को देखकर रूक सकते हैं। और बिल्हौर में कार्यकर्ता हाजी हसीन के आवास पर नाश्ते आदि का प्रोग्राम है । सपा के कार्यकर्ता बबलू खान बताया कि नगर पालिका प्रशासन को अवगत करा दिया गया है लेकिन उन्होंने कहीं पर भी एक नाली और सड़क की सफाई नहीं करवाई है जगह-जगह सड़क में गड्ढे भी हैं उन्होंने बताया कि नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी अंजनी फोन भी नहीं उठा रही हैं। नगर पालिका में किसी तरह की कोई सफाई व रिपेयरिंग का काम नहीं किया गया है।



## स्ट्रीट लाईट मरम्मत को पार्षद पति जमीन पर बैठे, बोले अफसर नहीं करते सुनवाई, फोन काट देते हैं

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर बाबूपुरवा के वार्ड 102 से निशा शकील शानू समाजवादी पार्टी की पार्षद हैं। पार्षद पति अकील शानू ने बताया कि वार्ड में बड़े पैमाने पर स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। जोन-3 के अफसर उनकी शिकायतों का संज्ञान नहीं ले रहे हैं। फोन काट देते हैं। पार्षद पति अकील शानू मंगलवार को जोन 3 कार्यालय में जमीन पर बैठ गए। उन्होंने आरोप लगाया कि अफसर उनकी नहीं सुनते हैं वार्ड की स्ट्रीट लाइट खराब हो चुकी हैं। जनता काफी परेशान है। इसके चलते क्षेत्र की जनता अंधेरे में परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि जब तक लाइट ठीक नहीं हो जाती है तब तक वह जमीन पर बैठे रहेंगे। उन्होंने अपना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। अधिकारियों ने उन्हें जल्द स्ट्रीट लाइटों के मेंटीनेंस का भरोसा दिलाया तब जाकर वह जमीन से उठे।



# अजब रेप काण्ड की गजब प्रेम कहानी में फौजी का शादी से इंकार

**जन एक्सप्रेस/कमलेश फाइटर**

शहर के थाना घाटमपुर क्षेत्र का रेप और प्रेम कांड का एक बड़ा अजीब मामला बीते दिन सामने आया है। कहानी में पहले विलेन बने आरोपी युवक ने एक किशोरी को वर्ष 2018 में अपनी हवस का शिकार बना डाला। जब किशोरी के माता-पिता कानूनी कार्रवाई करने के लिए आगे बढ़े तो आरोपी के माता-पिता और परिजनों ने उन्हें आश्वासन दिया कि जैसे ही उनकी बेटी बालिक होगी वह अपने बेटे का उनकी बेटी से विवाह करा देंगे। फिर क्या था इसके बाद आरोपी को खुली छूट मिल गई और इस दौरान उसने कई मर्तबा किशोरी को अपनी हवस का शिकार बनाया। किशोरी किशोर अवस्था से युवावस्था में पहुंची तो आरोपी ने उसका शारीरिक शोषण किया और गर्भ से होने पर उसका गर्भपात भी करवाया। अब इतना सब कुछ हो जाने के बाद जब आरोपी की फौज में नौकरी लग गई तो उसने विवाह करने से इनकार कर दिया । जिसके बाद अब युवती ने कानपुर पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। घाटमपुर थाना क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि जब वह 2018 में 14 की उम्र में हाईस्कूल में थी,तब सूना घर पाकर गांव के ही रहने वाले एक युवक शिवम कुशवाहा नाम के युवक ने उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था।जहां घटना के दौरान पीड़िता ने इस घटना की आपबीती परिजनों को बताई,जिस दौरान पीड़िता के परिजनों ने इस मामले की शिकायत युवक के परिजनों से की तो आरोपी युवक के परिजनों ने मामले में दोनो का विवाह करवाने का लिखित आश्वाशन देते हुए पुलिसिया कार्रवाई न करने की बात पीड़िता के परिजनों से की।जिस दौरान दोनों का प्रेम परवान चढ़ना शुरू हो गया।जहां आरोपी युवक ने युवती को शादी का झांसा देते हुए उसके साथ शारीरिक संबंध बनाना शुरू कर दिया।जिस दौरान युवती गर्भवती हो गई।वही पीड़िता ने युवक पर गर्भपात कराने का भी आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि फौज में नौकरी लगने के दौरान युवक व उसके परिजनों ने युवती से शादी करने से मना कर दिया है।पीड़िता के परिजनों का आरोप है,कि गांव का ही दीपू कुशवाहा मामले को रफा दफा करने की बात पीड़िता के परिजनों से कहते हुए समझौता करने के लिए आए दिन धमका रहा है।वही पीड़िता का कहना है,कि बीती 6 अक्टूबर को जब पीड़िता युवक के परिजनों से मामले में बात करने घर पहुंची, तो आरोपी युवक के परिजनों ने उसको बंधक बनाकर पीटना शुरू कर दिया।जिस दौरान पीड़िता ने इस घटना की सूचना पुलिस को दी थी।जहां मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़िता को घर पहुंचाते हुए आरोपी के पिता को हिरासत में ले लिया था,लेकिन ग्राम प्रधान द्वारा पुलिस पर दबाव बनाने के दौरान पुलिस ने साठगांठ कर आरोपी के पिता को छोड़ दिया था। इसके बाद वह पुलिस कमिश्नर से गुहार लगाने बीते दिन उनके कार्यालय पहुंची हुई थी इस दौरान उसने अपना दुखड़ा एक पत्र में लिखकर के दिया है।



# एसटीएफ की तीन बड़ी नाकामी: डॉ. हत्याकांड समेत दो मामलों में ढूंढे नहीं मिले इनामी बदमाश

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

विकास दुबे जैसे खूंखार बदमाशों को भागने पर यूपी की तेज तर्रार एसटीएफ उसे मार गिराती है। वो टीम एक लाख और 50 हजार के इनामी बदमाशों को पकड़ने में फेल हो रही है। बीते वर्ष के अक्टूबर माह से सुल्तानपुर के 3 मामलों में उसका फेल्योर सामने आया है। डॉ. हत्याकांड में 50 हजार के इनामी बदमाश ने कल चैकी में आकर सरेंडर किया। दो माह पूर्व हुए अधिवक्ता हत्याकांड में मुख्य आरोपी एक लाख का इनामी बदमाश पकड़ा नहीं जा सका। पिछले वर्ष गनर हत्याकांड के मुलजिम को भी एसटीएफ गिरफ्तार नहीं कर सकी थी।

### क्रूरता की हदे पार करने वाले अजय का सरेंडर

23 सितंबर को लाठी-डंडे से पिटाई व ड्रिल मशीन से संविदा चिकित्सक घनश्याम तिवारी के पैरों में छेद कर क्रूरता हदें पार की गई। उन्हें दर्दनाक मौत देने वाला बदमाश नारायणपुर निवासी अजय नारायण सिंह था। जो 15 दिनों से फरार था। उस पर 50 हजार का इनाम रखा गया था। एक कुर्की का डर उसे ऐसा सताया कि नृशंस हत्या करने वाला अजय इतना शरीफ हो गया कि वो बस से उतरा और लक्ष्मणपुर चैकी पर पहुंचकर सरेंडर कर दिया। हैरत की बात ये रही कि एसटीएफ को भनक तक नहीं लगी।

### सेना का भगोड़ा था गनर का हत्यारा

पिछले 25 अक्टूबर को गाजीपुर के मोहम्मदाबाद विधायक शोएब अंसारी के गनर राकेश चैधरी पर बदमाशों ने सुल्तानपुर में श्रमजीवी एक्सप्रेस ट्रेन में चाकुओं से हमला कर कार्बाइन व मोबाइल लूट लिया। 2 नवंबर को लखनऊ में इलाज के दौरान गनर की मौत हो गई। यूपी एसटीएफ को वर्क आउट के लिए लगाया गया। बदमाश पर 50 हजार का इनाम के साथ स्केच तक जारी हुआ लेकिन पकड़ा नहीं जा सका। 17 जनवरी को एमपी में लूट की वारदात अंजाम देते समय उसे पब्लिक ने घेर कर पकड़ा। उसके पास से कार्बाइन बरामद हुई तब पता चला आरोपी सेना का भगोड़ा है और उसने गनर से कार्बाइन लूटा था। यहां भी एसटीएफ की नाकामी सामने आई थी।

### हिस्ट्रीशीटर सिराज अहमद पर है एक लाख का इनाम

बीते 6 अगस्त की शाम कोतवाली देहात के नकराही चैराहे के पास हिस्ट्रीशीटर बदमाश सिराज अहमद ने अधिवक्ता आजाद अहमद को गोलियों से भूनकर हत्या कर दी थी। अधिवक्ता का भाई भी घायल हुआ जिसे लखनऊ ले जाया गया था। अधिवक्ता की हत्या से बार एसोसिएशन लांबद हुआ। हत्यारे सिराज को पकड़ने के लिए एक लाख का इनाम रखा गया। एसटीएफ की टीम उसे पकड़ने के लिए लगाई गई लेकिन दो माह भी उसके हाथ खाली हैं।

## पुलिस अधीक्षक रायबरेली द्वारा कई चौकी इचांर्ज के कार्यक्षेत्र में किया गया बदलाव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मंगलवार को पुलिस अधीक्षक रायबरेली आलोक प्रियदर्शी द्वारा जनपद में कानून व्यवस्था को और बेहतर करने के लिए एक साथ कई चौकी इंचार्ज के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के किला चौकी में रहे मृत्युंजय बहादुर को थाना सरेनी, अजय मलिक को थाना खीरों से प्रभारी चौकी किला बाजार, प्रभारी चौकी सिविल लाइन नितिन मलिक को प्रभारी चौकी घुरवारा, शेखर कुमार प्रभारी चौकी चुरुवा से प्रभारी चौकी सिविल लाइन, महेश कुमार यादव को घुरवारा चौकी से शिवगढ़, वागीश मिश्रा को चौकी त्रिपुला से थुलेंडी चौकी, दिलीप कुमार शर्मा थाना कोतवाली से प्रभारी चौकी त्रिपुला, विश्वास शर्मा चौकी इंदिरानगर से चौकी कस्बा लालगंज, कपिल मलिक थाना बछरावां से प्रभारी चौकी इंदिरानगर, राजेश कुमार यादव को प्रभारी चौकी लालगंज से थाना लालगंज और शिवबाबू को थुलेंडी चौकी से प्रभारी चौकी चुरवा भेजा गया है।

# मुख्यमंत्री योगी के जनपद भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम-एसपी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी

✻ तेरह अक्टूबर को योगी, स्मृति, भूपेन्द्र चौधरी, मनोज तिवारी व निरहुआ अमेठी में



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 13 अक्टूबर को जनपद भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डॉ.इलमारन जी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेटसभागार में संबंधित अधिकारियों एवं सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता व भाजपा जिलाध्यक्ष भाजपा राम प्रसाद मिश्र के साथ बैठक किया।बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि 13 अक्टूबर को अपराह्न लगभग 12:00 बजे रामगंज कौहार मैदान में मुख्यमंत्री सहित सांसद, विधायक एवं अन्य जन प्रतिनिधियों का आगमन हो रहा है।तथा भारी संख्या में जन सामान्य व खिलाड़ी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहेंगे। जिसको लेकर समस्त तैयारियां पूर्व में ही सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया।परिवहन व्यवस्था हेतु एआरटीओ,पीने के पानी एवं मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था हेतु अधिशासी अधिकारियों,साफ सफाई की व्यवस्था हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी,अधिशासी अधिकारियों,खान-पान की व्यवस्था हेतु जिला पूर्ति अधिकारी एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी,चिकित्सीय व्यवस्था हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सुरक्षा व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर मंच,बैरीकेडिंग, हेलीपैड,सेफ हाउस,पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को दिया।मुख्यमंत्री द्वारा सांसद खेलकूद प्रतियोगिता का समापन एवं विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह,एसडीएम गौरीगंज अभिनव कनौजिया, पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### अमेठी को मिलेगा करोड़ों का तोहफा,योगी के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह

केंद्रीय मंत्री व अमेठी सांसद स्मृति इरानी अपने संसदीय क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिन के अवसर पर सांसद खेलकूद प्रतियोगिता शुरू कराया और प्रतियोगिता का समापन समारोह तेरह अक्टूबर को गौरीगंज के कौहार मैदान पर होगा। जिसमें स्मृति के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री यीगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी सहित कई मंत्री,सांसद खिलाड़ी व लोक कलाकार शामिल होंगे। स्मृति ईरानी के प्रतिनिधि विजय गुप्ता ने बताया कि इस कार्यक्रम में करोड़ों की लागत से स्थापित होने वाली विकास की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास भी होगा। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी अपने हाथों से ट्राफी प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन करेंगे। इसके साथ स्मृति के प्रयास से अमेठी के विकास को एक नया आयाम देने के लिए मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष द्वारा करोड़ों की विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा। समापन समारोह में सांसद मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव निरहुआ,प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, जगदीशपुर विधायक सुरेश पासी, विधायक अशोक कुमार सहित कई अन्य नामी खिलाड़ी व लोक कलाकार शामिल होंगे।सांसद प्रतिनिधि विजय गुप्ता के मुताबिक कार्यक्रम के आयोजन की तैयारी चल रही है। कार्यक्रम में आने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने पाए। इसको लेकर हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा। कार्यक्रम में डेढ़ लाख के करीब लोगों के आने की संभावना है। सांसद खेलकूद प्रतियोगिता में कुल एक लाख तीस हजार से अधिक प्रतिभागियों ने अलग-अलग स्तर पर प्रतिभाग कर एक नया कीर्तिमान बनाया है। ऐसे में समापन समारोह को भव्य बनाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। लोक कलाकारों को अपनी प्रस्तुति देने के लिए कार्यक्रम में बुलाया गया है।

# धरती पुत्र के विचार, नीतियां सदैव प्रेरणादायक रहेंगी: इं. वीरेन्द्र यादव

जन एक्सप्रेस। रायबरेली



समाजवाद के प्रेरणापुंज, न्याय एवं बराबरी के पक्षधर हर मजदूर, दलित, वंचित, शोषित की मुख आवाज नेता जी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि जनपद मुख्यालय पर सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव की अध्यक्षता में श्रद्धाँजलि सभा के रूप में मनाया गया। इसके साथ ही जनपद के प्रत्येक विधानसभा के सभी अठारह विकास खण्डों में अलग-अलग विचार गोष्ठियाँ आयोजित कर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न संगठनों द्वारा मनाया गया। जनपद मुख्यालय सुपर मार्केट में नेता जी की पुण्य तिथि कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव, विधायक श्याम सुन्दर भारती, विधायक राहुल लोधी एवं वरिष्ठ नेताओं द्वारा पुष्प अर्पित किया गया। श्रद्धाँजलि सभा को सम्बोधि करते हुए जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने किसानों, मजदूरों, छात्रों, नौजवानों, शोषितों, वंचितों के हितों के लिए आजीवन संघर्ष किया, उन्होनें सदैव न्याय एवं समानता के पक्षधर के रूप में सड़क से लेकर संसद तक आम लोगों की आवाज उठाया, उ0प्र0 के मुख्यमन्त्री के रूप में किसानों के हितों में अनेकों योजनाएँ लागू किया, किसानों के लिए सिंचाइ मुफ्त, रोगियों के कल्याण के लिए दवाई मुफ्त, छात्रों की पढ़ाई भी मुफ्त कराने का कार्य किया। किसानों की कर्जमाफी, बेरोजगारों को भत्ता एवं कन्याओं को विद्याधन दिलाने के अनूठे कार्य किया। धरती पुत्र नेता जी के कार्य, विचार सदैव प्रेरणादायक रहेंगे। सभा को विधायक बछरावाँ श्याम सुन्दर भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नेता जी ने देश के रक्षामंत्री रहते हुए शहीद सैनिकों के पार्थिव शरीर राजकीय सम्मान के साथ परिजनों को देने का ऐतिहासिक कार्य किया। विधायक हरचन्दपुर राहुल लोधी ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि नेता जी महान व्यक्तित्व, सरल हृदय जमीन से सदा जुड़े रहने वाले जननेता थे, वह आम आदमी की आवाज थे। उनका जीवन संघर्ष सदैव जीवित रहेगा। श्रद्धाँजलि सभा का संचालन मो0 अरशद खान ने किया। सभा को शशिकान्त शर्मा, मुनेश्वर पासी, अरूण प्रताप यादव, दिनेश यादव, नरेन्द्र कुमार, आशुतोष यादव, मुशीर अहमद, शिवबरन यादव, राजीव गौतम, संदीप शुक्ला, मिश्रीलाल चौधरी, बुधेन्द्र सिंह, आई. जावेद, फहीम अहमद, अजय यादव, नैय्यर इस्लाम, शुभम लोहिया, श्रवण चौधरी, शिवमूर्ति राना, नरेन्द्र यादव, मोहन लाल, छेदी लाल, विनायक सोनकर बछरावाँ कस्बे में विधान सभा अध्यक्ष ब्रजेन्द्र चौधरी, देशराज यादव, देवतादीन पासी, अजय सिंह, राजकुमार चौधरी, विजय बहादुर सिंह, कैलाश गौतम, शिवानी सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने पुष्पांजलि कर मुलायम सिंह यादव को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शिवगढ़ में ब्लाक में अध्यक्ष भानु प्रकाश पटेल, रामचन्द्र यादव, मुनेश्वर पासी, पप्पू पासी, महराजगंज कस्बे में समर बहादुर यादव, वीरेन्द्र बहादुर, फिरोज अहमद, राजकुमार लोधी सहित अनेकों कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धाँजलि सभा आयोजित किया गया। खीरों ब्लाक अध्यक्ष संतलाल यादव, आनन्द कुमार, शिव सिंह, मुन्ना जफर सताँव के गुरूबक्शगंज में विधान सभा अध्यक्ष राकेश यादव, जिला सचिव कृपाशंकर यादव, मो0 रईस, सरजू प्रसाद कोरी, हरचन्दपुर कस्बे में अमरदेव, मकसूद अहमद, रामेश्वर लोधी, वाजिद अली सहित सैकड़ों लोगों ने विचार गोष्ठी आयोजित कर श्रद्धाँजलि दी। सरेनी विधान सभा क्षेत्र के लालगंज में विधान सभा अध्यक्ष रामनाथ यादव, सरेनी ब्लाक में अजय कुमार मिश्र एवं डलमऊ ब्लाक में शिव प्रताप यादव की अगुवाई में श्रद्धाँजलि सभा का आयोजन किया गया।ऊँचाहार विधान सभा क्षेत्र के रोहनियां में डा0 हर्षवर्धन द्विवेदी, मुन्ना लाल यादव, ऊँचाहार में ब्रजेश यादव, आशीष तिवारी, जगतपुर में आले हसन, शिव नारायण सिंह, दीनशाह गौरा में जगदेव यादव, रवीन्द्र नाथ पाण्डेय, डलमऊ में देवराज यादव, शिवराम प्रधान की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धाँजलि दी गयी। सलोन कस्बे में विधान सभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव, सुरेश निर्मल, छतोह में राम किशोर पुजारी, सगीर अहमद डीह में रामनेवाज यादव, जगतपाल सहित सैकड़ों समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम में पहुँचकर समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर श्रद्धाँजलि अर्पित किया गया।

### प्रोफेशनल कोर्स में छिपे होते हैं रोजगार के विभिन्न स्वरूप: इं.प्रिय कीर्ति

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर कैम्पस स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. तथा पालीटेक्निक के सत्र 2023-24 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए चल रहे स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम ‘दीक्षारम्भ 2023’ में आज महत्वपूर्ण सेशन का आयोजन किया गया। आज इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रियांजनेय टेक्नालॉजी प्राइवेट लिमिटेड अयोध्या के निदेशक प्रिय कीर्ति त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मुख्य अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन द्वारा किया गया। संस्थान के एकेडमिक प्रभारी रत्नेश सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। प्रिय कीर्ति त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में सभी नव प्रवेशित छात्र छात्राओं को सदैव नई तकनीक के साथ स्वयं को अपडेट रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि इंजीनियरिंग जैसे प्रोफेशनल कोर्स आपको रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करते हैं, आप इंजीनियरिंग की प्रत्येक शाखा से पढाई करके नवाचार प्रारंभ कर सकते हैं।


## कार्यालय: ग्राम पंचायत टिकरिया जमुनिहाई, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24

दिनांक: 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत टिकरिया जमुनिहाई, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 3:30 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.10.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 2.30 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत टिकरिया जमुनिहाई से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | टिकरिया जमुनिहाई | SBM | ग्रा0पं0 टिकरिया जमुनिहाई में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

<u>निविदा शर्तें :-</u> 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: चन्द्रहास त्रिपाठी**
ग्राम पंचायत: टिकरिया जमुनिहाई
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: वीरेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत: टिकरिया जमुनिहाई
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट


# एसओ हलियापुर की सूझबूझ से टली देवरिया जैसी घटना

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

थाना हलियापुर तहसील बल्दीराय जनपद सुल्तानपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम कांपा के बर्मा व यादव बिरादरी की लगभग 1 एकड़ जमीन 2 साल पूर्व से गाजनपुर दुवरिया ग्राम के कुलदीप सिंह के द्वारा कब्जा कर लिया गया था। जिसमें पीड़ित डर के मारे चुपचाप बैठ गए थे, चार अक्टूबर को इसी ग्राम के दलित बुधीराम, राम शंकर, शिव शंकर, राम सूरत की भी डेढ़ बीघा जमीन जिसमे उड़द की फसल खड़ी थी। फसल को जोत करके उपरोक्तों द्वारा कब्जा कर लिया गया था। पीड़ित के द्वारा युवा समाजसेवी एवं पत्रकार दिलेश्वर प्रसाद के माध्यम से शासन प्रशासन से न्याय की गुहार की। दिलेश्वर प्रसाद के द्वारा मौके का निरीक्षण कर यह पाया गया कि पीड़ित यादव, वर्मा, दलित, तीनों के परिवार में काफी आक्रोश था देवरिया जनपद की जैसी बड़ी घटना का अंदेशा को देखते हुए जिलाधिकारी सुल्तानपुर, पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर, अपर पुलिस अधीक्षक सुल्तानपुर, बल्दीराय एसडीएम तहसील बल्दीराय एवं हालियापुर की थाना इंचार्ज अंजू मिश्रा को मैसेज करके व फोन के माध्यम से स्थिति से अवगत कराया व तत्काल उचित कदम उठाने का निवेदन किया। थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा द्वारा पीड़ितों के सहित दिलेश्वर प्रसाद को भी यह आश्वासन दिया गया कि सिर्फ आप हमें 24 घंटे दे दें, मामले का निस्तारण कर दिया जाएगा। शनिवार शाम 7:00 बजे के करीब जिले के सभी अधिकारियों को सूचना दे गई। रविवार दोपहर 11:00 बजे राजस्व टीमों के साथ चिलचिलाती धूप में थानाध्यक्ष अंजू मिश्रा द्वारा मौके पर पहुंच कर बिना किसी राजनीतिक दबाव व भेदभाव के पैमाइश करा कर सभी किसानों को उनकी भूमि वापस दिलवा दिया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कादीपुर मे भव्य बनेगा भगवान श्री परशुराम जी का मंदिर

**जन एक्सप्रेस/कादीपुर/सुलतानपुर।** राष्ट्रीय सनातन महासभा भारत की राष्ट्रीय कोर कमेटी की आज साधारण बैठक मे जिसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय प्रभारी वेद प्रकाश पाण्डेय कर रहे थे। कोर कमेटी से सर्वसंमति से निर्णय लिया गया है कि हम सबके अराध्य भगवान श्री विष्णु के 6वें अवतार चिरंजीवी श्री परशुराम जी का भव्य मंदिर कादीपुर मे बनेगा। चाँदा रोड पर बैठक मे आनंद पाण्डेय राष्ट्रीय संगठन मंत्री जीतेन्द्र द्विवेदी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिनेश पाण्डेय, प्रमुख सलाहकार कमलेश शुक्ला, संरक्षक आलोक मिश्रा, ब्राह्मण समाज के सभी सम्मानित बंधु आगे आये और निर्माण समिति का सहयोग करते हुये मंदिर निर्माण मे अपना योगदान व भागीदार बने।

### ताइक्कांडो ओपन नेशनल खेल में 10 स्वर्ण पदक जीत बढ़ाया जिले का मान

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** बच्चो ने यूपी के नोयडा के इंडोर स्टेडियम में ताइक़वांडो के तत्वाधान में हो रहे ओपन नेशनल चैंपियनशिप में 10 बच्चो ने लहराया परचम गोल्ड मेडल से लेकर ब्राउन मेडल तक के बच्चो ने अपने नाम किया। बच्चो ने ताइक्कांडो में पुलिस लाइन करोंदिया का ही नहीं, बल्कि पूरे सुल्तानपुर जिले का भी नाम रोशन किया है। कोच अमीन बानो ने बताया नोयडा के इंडोर स्टेडियम में गत 5 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। नेशनल ताइक्कांडो चैंपियनशिप में लगभग 2000 बच्चों ने लिया था भाग जिस में मेरे अकेडमी के 15 बच्चो ने हिस्सा लिया था जिसमे 10 बच्चों ने ट्राफी अपने नाम कर के जिले का नाम रौशन किया। ताइक्कांडो के राष्ट्रीय खेल में (1) प्रियांशु तिवारी ने गोल्ड (2) अनुकल्प सिंह यादव ने गोल्ड (3) आदित्य सोनकर ने गोल्ड (4) शगुन सोनकर ने गोल्ड (5) मेधा ने सिल्वर ( 6) वन्या श्रीवास्तव ने सिल्वर (7) राज नंदिनी सोनकर ने सिल्वर (8) आरव राज सोनकर ने सिल्वर (9) साक्षी ने ब्राउन (10) निधि यादव ने ब्राउन प्रोफेशनल कटगरी में बच्चे (1) अलक़ाब खान (2) हिबा खान (3) रीना (4) आँचल (5) सत्यांश त् श्रीवास्तव,, सहित सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाया।

### स्वास्थ्य विभाग से किसी भी प्रकार के प्रमाण-पत्र पाने के लिए जायें ऑनलाइन

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** स्वास्थ विभाग से किसी भी प्रकार के प्रमाणपत्र पाने के लिए अब लोगों को चक्कर लगाने की जरूरत नही पड़ेगी, बस विभाग की वेबसाइट पर जाकर नर्सिंगहोम का पंजीकरण, रोग/स्वास्थ प्रमाणपत्र निर्गमन, दिव्यांग प्रमाणपत्र निर्गमन, टीकाकरण प्रमाणपत्र निर्गमन, मृत्यु प्रमाणपत्र का निर्गमन, असफल परिवार नियोजन का भुगतान, चिकित्सा प्रतिपूर्ति का भुगतान, मेडिकोलीगल प्रमाणपत्र का निर्गमन तथा आयु प्रमाणपत्र पाने के लिए विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर ऑनलाइन करके, संबंधित प्रमाणपत्र हासिल करें। अभीतक इन प्रमाणपत्रों को पाने के लिए आमलोगों को दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, परंतु अब समस्या के समाधान के लिए स्वास्थ विभाग ने अपनी वेबसाइट जारी कर आमलोगों के लिए स्वास्थ विभाग से किसी भी प्रकार का प्रमाणपत्र पाने के लिए आसान रास्ता बना दिया है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसके गोयल ने बताया की विभाग से जारी होने वाले प्रमाणपत्रों के लिए लोगों को काफी दिक्कते होती थी, परंतु अब आंफिस के चक्कर लगाने की आवश्यकता नही पडेगी बस आंनलाइन करें और प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

### विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आयोजित हुआ विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ तथा माननीय अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/जनपद न्यायाधीश, रायबरेली श्री तरुण सक्सेना के दिशा-निर्देशन म् शुभाशीष शिक्षा एवं विकास सेवा संस्थानई-27 इण्डिस्ट्रियल एरिया मिल एरिया, रायबरेली में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में उमाशंकर कहार अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा बताया गया कि हर साल 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य है मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना हैं। साथ ही लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में शिक्षित करने और मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों को लेकर समाज में मौजूद भ्रम को कम करना भी है। इस अवसर पर बताया गया कि मानसिक रोगी समान चिकित्सीय उपचार व नि:शुल्क विधिक सेवाओं के अधिकारी है। कानून ने मानसिक रोगियों को गरिमा से जीने का अधिकार दिया है। मानसिक रोगियों को उपचार की आवश्यकता होती है इस लिए उन्हें उपेक्षित नहीं किया जाना चाहिए। इस अवसर पर शुभाशीष शिक्षा एवं विकास सेवा आश्रम के चेयरमैन दिनेश कुमार श्रीवास्तव, निदेशक डा0 क्षमा श्रीवास्तव, उपनिदेशक ऐश्वर्य श्रीवास्तव, विशेष शिक्षकगण, पराविधिक स्वंय सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, राहुल, मनोज कुमार प्रजापति, आशीष भटनागर, सौम्या मिश्रा व पवन कुमार श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### जिला शांति समिति की बैठक संपन्न

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ जिला शांति समिति की बैठक बचत भवन में की। बैठक में आने वाले त्योहारों नवरात्रि, दशहरा,दीपावली आदि के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने सभी क्षेत्राधिकारियों और उप जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखें। यदि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलती हैं तो तुरंत उसका खंडन किया जाए और अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए। साथ ही मीडिया और सोशल मीडिया पर नजर रखी जाए। लोगों को आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए जागरूक किया जाए। जनपद अपनी गंगा जमुना तहजीब के लिए जाना जाता है इसे बनाए रखना हम सब की जिम्मेदारी है। सभी पुलिस स्टेशनों और थानों पर सुरक्षा व्यवस्था मुस्तैद रखी जाए। क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनके साथ शांति समिति की बैठक की जाए, जिसमें आमजन लोगों को भी बुलाया जाए। त्योहारों में प्रयोग किए जाने वाले लाउडस्पीकरों को मानक के अनुरूप ही संगीत बजाने की अनुमति दी जाए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि त्योहारों में प्लास्टिक से बने पदार्थ का प्रयोग न किया जाए। साथ ही साफ सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। महिलाओं की सुरक्षा के लिए महिला सुरक्षा बल तैनात किया जाए। बैठक में सभी संप्रदायों के धर्म गुरुओं के अतिरिक्त सभी उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

### श्री अन्न रोड शो को जिलाधिकारी ने किया रवाना

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने कलेक्ट्रेट से मोटे अनाजों (श्री अन्न) के जनपद स्तरीय प्रदर्शनी (रोड़ शो) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में मिलेट्स की खेती, विभिन्न प्रकार के उत्पादों के उपभोग एवं उनसे होने वाले स्वास्थ्य संबंधी विषयो पर प्रचार प्रसार के माध्यम से लोगो एवं उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा।
यह रोड शो कलेक्ट्रेट से प्रारम्भ होकर डिग्री कॉलेज चौराहा, सुपर मार्केट, कहारों का अड्डा, गोल चौराहा, सिविल लाइन चौराहा होते हुए कृषि भवन गोराबाजार में सम्पन्न हुआ। इस बैनर, पोस्टर, स्लोगन सहित लगभग 100 मोटर साइकिल सुसज्जित गाड़ियों एवं लगभग 500 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। समापन स्थल पर कृषकों को ड्रोन प्रदर्शन भी दिखाया गया। रोड शो के दौरान कृषकों को मिलेट्स की बनी मिठाई वितरित की गई। व्यापारियों ने आश्वासन दिया गया कि अब जनपद रायबरेली के रेस्टोरेंट में मिलेट्स से बने हुए व्यंजन एवं मिठाइयां मिलेंगी। इस रोड शो में कृषि विभाग एवं सहयोगी विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, एफपीओ के सदस्य, प्रगतिशील कृषक सामाजिक तथा व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

### जिला तभी होगा टीबी मुक्त, जब हर गांव, पंचायत और ब्लॉक हो टीबी मुक्त: मुख्य चिकित्सा अधिकारी

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी मुक्त पंचायत अभियान के क्रम में जिला अस्पताल स्थिति सी एच ओ प्रशिक्षण सभागार में सभी 18 ब्लॉकों के एडीओ पंचायत, तथा एसटीएस एसटीएलएस, बीपीएम/बीसीपीएम, को प्रशिक्षण देने का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार व मंगलवार को सम्पन्न हुआ। यह प्रक्षिणार्थी प्रशिक्षित होने के बाद ग्राम प्रधानों, ग्राम पंचायत के सदस्यों और क्षय रोगी के देखभलकर्ता को टीबी के बारे में प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीरेंद्र सिंह ने कहा कि जनपद तभी टीबी मुक्त घोषित होगा जब हर गाँव, ग्राम पंचायत और ब्लॉक टीबी मुक्त होने का दर्जा प्राप्त करे। टीबी मुक्त पंचायत का उद्देश्य समस्त ग्राम सभाओं को टीबी से जुड़ी समस्याओं और दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करना तथा तथा समुदाय पर टीबी का बोझ कम करने के साथ ही यह भी सुनिश्चित करना कि टीबी के मरीजों का इस तरह इलाज हो कि दोबारा टीबी न हो।

**रिपोर्ट** इसके बावजूद उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार ने उसे वित्तीय लेनदेन से संबंधित सारी जिम्मेदारी और कमीशन का हिस्सा बांट का जिम्मा सौंप दिया

# जिसे वित्त का कोई कामकाज नहीं सौंपना था, उस मंजीत को सौंप दिया भ्रष्टाचार का साम्राज्य

- 2018 में विभागीय आदेश भी हो चुका था कि उसे वित्त से संबंधित कोई कामकाज न सौंपा जाए
- इस संबंध में बकायदा तत्कालीन मंडी मुख्यालय लखनऊ उप निदेशक प्रशासन राजीव श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया था

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा


मंडी परिषद में 'लाल डायरी' ने खोला करोड़ों के भ्रष्टाचार का पिटारा


राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0

**लखनऊ।** मंडी परिषद में भ्रष्टाचार की पोल खोलने वाली जिस लाल डायरी ने मंडी मुख्यालय से लेकर शासन तक में हड़कंप मचा दिया है उस डायरी को तैयार करने वाला मंजीत सिंह खुद गले तक भ्रष्टाचार में डूबा हुआ है। जब उसने खुद को फंसता देखा तो मंडी परिषद का सारा भ्रष्टाचार सार्वजनिक कर दिया। उसके खिलाफ 2018 में विभागीय आदेश भी हो चुका था कि उसे वित्त से संबंधित कोई कामकाज न सौंपा जाए। इसके बावजूद उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार ने उसे वित्तीय लेनदेन से संबंधित सारी जिम्मेदारी और भ्रष्टाचार का साम्राज्य सौंप दिया। मंडी परिषद मुख्यालय के सूत्रों के अनुसार 16 फरवरी 2018 में कनिष्ठ सहायक निर्माण मंजीत सिंह से लेखा वित्त का काम न लिया जाए इस संबंध में बकायदा तत्कालीन मंडी मुख्यालय लखनऊ उप निदेशक प्रशासन राजीव श्रीवास्तव ने आदेश जारी किया था। इसके बावजूद वह प्रयागराज में वित्तीय कार्य करता रहा। प्रयागराज से जब झांसी तबादला हुआ उसके बावजूद झांसी से वह बिना आदेश प्रयागराज आकर काम करता रहा।


महेंद्र कुमार डीडीसी मुरादाबाद/मेरठ व जेडीसी बरेली जोन


मंजीत सिंह

### वेतन लेता रहा झांसी में, काम करता रहा प्रयागराज

उप निदेशक निर्माण महेंद्र कुमार जब ट्रांसफर होकर झांसी पहुंचे तो उन्होंने इलाहाबाद में साथ काम कर चुके मंजीत सिंह का तबादला कराकर अपने पास झांसी बुला लिया। इसके बाद उन्होंने बिना मंडी निदेशक के आदेश के मंजीत सिंह को प्रयागराज डिवीजन का काम देखने की छूट दे रखी थी। महेंद्र कुमार की शह पर मंजीत इलाहाबाद में भ्रष्टाचार का साम्राज्य संभाले रहा।

### मंजीत सिंह की 'लाल डायरी' में सबसे अधिक कमीशन लेने वाले है महेंद्र कुमार

जिस लाल डायरी ने मंडी परिषद में भ्रष्टाचार की कलई खोल दी है सूत्रों के अनुसार उस लाल डायरी में सर्वाधिक कमीशन लेने वाले अधिकारियों में उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार का नाम सबसे ऊपर है। नोटरी से प्रमाणित साक्ष्य होने के बावजूद मंडी निदेशक समेत अन्य आल्हा अधिकारी महेंद्र कुमार को बचाने में जुड़े हुए हैं।

### मंजीत निलंबित पर मास्टरमाइंड पर मेहरबानी क्यों

लाल डायरी का हिसाब रखने वाला मंजीत तो निलंबित हो गया मगर पनाह देने वाले महेंद्र कुमार को दो डिवीजन के डीडीसी के साथ ही बरेली डिवीजन के जेडीसी का भी दायित्व मंडी निदेशक अंजनी कुमार सिंह ने सौंपा हुआ है। उन पर इतनी मेहरबानी इसलिए है क्योंकि वह भ्रष्टाचार की कमाई में से सभी को सम्मानजनक हिस्सा पहुंचवाते थे। यह भी डर है महेंद्र कुमार के फंसने पर वह अन्य अधिकारियों का नाम सार्वजनिक न कर दें।

### महेंद्र कुमार की जांच हुई तो फंसेंगे मंडी के बड़े अफसर, इसीलिए बचाया जा रहा है महेंद्र कुमार को

लाल डायरी तो मंडी परिषद के भ्रष्टाचार की बानगी भर है। सूत्रों के अनुसार उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार ने इस स्तर तक भ्रष्टाचार का तंत्र फैलाया हुआ है कि अगर अलग-अलग डिवीजन में उनके कार्यकाल की निष्पक्ष जांच हो तो महेंद्र कुमार के साथ ही मंडी परिषद के कई बड़े अधिकारियों कि भ्रष्टाचार की पोल भी खुल जाएगी। यही कारण है कि मंडी मुख्यालय से लेकर डिवीजन तक सबको पता है कि भ्रष्टाचार का असली मास्टरमाइंड उपनिदेशक निर्माण महेंद्र कुमार हैं। इसके बावजूद आलाधिकारी उन्हें बचाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि अगर महेंद्र कुमार पर शिकंजा कसा तो बड़े नाम का भी खुलासा कर सकता है।

# 1 करोड़ युवाओं को मिलेगी नौकरी

## सीएम बोले-6 साल में 6 लाख लोगों को मिली सरकारी जॉब, पहले एक वर्ग को मिलती थी...हमने खत्म किया



- आयुष के चिकित्सक संकोच छोड़कर शोध पर फोकस करें: योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वास्थ्य पर्यटन के लिए आयुष के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसके लिए हर स्तर पर तैयार होना होगा। हमें आयुष के क्षेत्र में नए-नए शोध करने होंगे। वह मंगलवार को लोक भवन में 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने छह वर्ष में छह लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी नौकरी दी है। सीएम ने कहा, नवचयनित 393 आयुष फार्मासिस्ट प्रदेश के होम्योपैथिक अस्पतालों के संचालन में अहम योगदान दें। आयुष क्षेत्र में करियर बनाने में लोग संकोच करने वाले युवाओं को प्रेरित करें। आयुष से जुड़े हर चिकित्सक अपनी संकोच को दूर करें। इस दिशा में शोध करें और विधा को बढ़ावा दें। इस विधा से जुड़े डॉक्टर ही नहीं पैरा मेडिकल स्टॉफ की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले आयोग की नियुक्ति में कई साल लग जाते थे। अब बदलाव हुआ है। पारदर्शी तरीके से चयन प्रक्रिया हो रही है। प्रदेश सरकार की ओर से छह लाख से अधिक नौजवानों को सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिया गया है ये व्यवस्था का हिस्सा बनकर पूरी ऊर्जा के साथ प्रदेश को ताकत दें, ताकि प्रदेश की समृद्धि बढ़ेगी। सीएम ने कहा, हर व्यक्ति को अपना आत्मावलोकन करना होगा। यदि कोई गलत करेगा, उसकी जवाबदेही होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश लगातार नए-नए रोजगार सृजन का विकल्प बन रहा है। पिछले छह साल में करीब छह लाख से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले उत्तर प्रदेश में लोक सेवा आयोग के परिणाम आने में डेढ़ से 2 साल लग जाते थे, लेकिन अब अधीनस्थ सेवा चयन आयोग निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से 6 महीने से 9 महीने के अंदर परिणाम दे रहा है। फरवरी 2023 में उत्तर प्रदेश में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट का आयोजन हुआ। इससे प्रदेश को 38 लाख करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे एक करोड़ से अधिक नौजवानों को नौकरी मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि योग भारत की परंपरा से जुड़ा रहा है। होम्योपैथ का प्रयोग ग्रामीण इलाके में सर्वाधिक होता है। इसलिए इस विधा को बढ़ाने की जरूरत है। अब हर व्यक्ति आयुष को अपनाने लगा है। कोविड के दौरान यह हम लोगों के लिए सहारा बना। वर्ष 2014 के बाद इस दिशा में तेजी से काम हुआ है। उत्तर प्रदेश में पहली बार आयुष की अलग- अलग विधाओं के लिए डिग्री और डिप्लोमा के कोर्स शुरू करने के लिए आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई। परापंरागत दवाओं को बढावा दिया जा रहा है। आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथ कॉलेजों का निरंतर विकास हो रहा है।

### निरंतर हो रहा आयुष का विकास: दयालु

आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि महायोगी गुरु गोरक्षनाथ महाविद्यालय बन रहा है। उससे सभी आयुष कॉलेजों को जोड़ा गया है। 393 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। इनसे विभाग के अस्पतालों को काफी फायदा मिलेगा। विभाग के डॉक्टरों एवं कर्मचारियों को प्रोन्नति दी गई है।

### फार्मासिस्टों से मुख्यमंत्री ने किया संवाद

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित हुए कुछ होम्योपैथिक फार्मासिस्ट से संवाद भी किया। हरदोई के मोहम्मद आरिफ, प्रयागराज के विवेक मिश्र, देवरिया की संजना भारती ने बताया कि उनका चयन निष्पक्ष तरीके से हुआ है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 24,473 और सहायिका के 26007 खाली पदों को जल्द भरें: सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं के रिक्त पदों पर जल्द भर्ती शुरू करने के निर्देश दिए हैं। मौजूदा समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 24,473 और सहायिका के 26007 पद रिक्त हैं, जिनपर भर्ती किया जाना है। मुख्यमंत्री ने भर्ती प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्री प्राइमरी की तर्ज पर संचालित करने और किराये पर चल रहे आंगनबाड़ी केंद्रों को खुद के भवन में संचालित करने के भी निर्देश दिए हैं। ऐसे करीब 12,800 आंगनबाड़ी केंद्र हैं जो किराये पर चल रहे हैं। मुख्यमंत्री मंगलवार को बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने तीन से छह वर्ष की उम्र वाले बच्चों के पोषण स्तर और आंगनबाड़ी केंद्र में उनके नामांकन व उपस्थिति में सुधार लाने के भी निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्री प्राइमरी की तर्ज पर आंगनबाड़ी केंद्रों को संचालित करने के साथ करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने नवरात्र से शुरू हो रहे गरम भोजन योजना के तहत बच्चों को दिए जाने वाले पोषाहार में मौसमी फल, बिस्कुट और श्री अन्न (मोटे अनाज) को भी शामिल करने को कहा है। उन्होंने मोहल्लावार पार्क के एक कोने में आंगनबाड़ी केंद्र बनाने का निर्देश देते हुए कहा कि इसका निर्माण निजी कंपनियों के सीएसआर फंड, नगर विकास विभाग के फंड से कराया जाए । मुख्यमंत्री ने टेक होम राशन का शत-प्रतिशत लाभ लाभार्थी तक पहुंचाने के लिए पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों को बढ़ाने के साथ ही पैकेट पर क्यूआर कोड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि टेक होम राशन में भी श्रीअन्न के तौर पर बाजरा, रागी समेत अन्य मोटे अनाज का वितरण किया जाए। बैठक में बताया गया कि वर्तमान में 163 पुष्टाहार उत्पादन इकाइयां कार्यरत हैं और 204 इकाईयां स्थापित करने के लिए टेंडर जारी हो चुके हैं।

### अगले महीने फिर करेंगे समीक्षा

मुख्यमंत्री ने डीएम, नोडल अधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को हर महीने राजकीय संप्रेक्षण गृहों का निरीक्षण करने विभाग के मंत्री और अधिकारियों को हर हफ्ते एक कमिश्नरी का निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने राजकीय संप्रेक्षण गृह में सुविधाएं बढ़ाने को कहा है। उन्होंने कहा कि विभाग सभी लंबित कार्यों को एक माह में पूरा करें। इन कार्यों की वह अगले माह दुबारा समीक्षा करेंगे।

### जन एक्सप्रेस के पन्द्रहवें स्थापना दिवस पर विशेष

सूर्य की प्रथम किरण बन,
पहुँचाता यह जन-जन संदेश।
पत्रकारिता का निष्पक्ष उदाहरण,
हमसब का है जन एक्सप्रेस।।

चौदह वर्ष पूर्ण हुए आज,
पन्द्रहवें में सफल प्रवेश।
प्यार निरन्तर सदैव मिले,
विनती है मम भारत देश।।

दस अक्टूबर दो हजार नव,
स्थापना दिवस बेजोड़ रहा।
जन-जन का आशिष मिला,
कही न इसका तोड़ रहा।।

भारत भाल न झुकने देंगे,
इसकी ढाल बनेंगे।
सत्य-न्याय की प्रखर ज्योति ले,
रक्षा सतत करेंगे।।

सत्तापक्ष हो या हो विपक्ष,
हम नहीं किसी से डरेंगे।
भ्रष्टाचार लूट अपहरण विरूद्ध,
हम अथक जंग छेड़ेंगे।

देशहित में जो कार्य करे,
हम उनका यशगान करेंगे।
मानव-मूल्यों हेतु निरन्तर,
निज राष्ट्र का मान रखेंगे।

सच दिखाने का लेते प्रण,
प्रण यह बना रहेगा।
वसुधैव कुटुम्बकम मूल मंत्र,
नव प्रतिमान गढ़ेगा।

स्थापना पुनित दिवस पर,
संकल्प पुन: दुहराते है।
निडर-निष्पक्ष पत्रकारिता हमारी,
कभी न हम घबराते है।

अविरल प्यार-स्नेह पाठकगण,
सदा बनाये रखिये।
मूलप्रति हो या ऑनलाइन,
निशदिन पढ़ते रहिये।


राजीव नन्दन मिश्र
सरना, शाहपुर, भोजपुर (आरा) बिहार-802165





**स्थापना दिवस...** राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अखबार जन एक्सप्रेस का 15वां स्थापना दिवस मनाया। इस मौके पर प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठी साथ में स्टेट हेड अशोक कुमार यादव, सीनियर सब-एडिटर सौरभ सिंह व वरिष्ठ पत्रकार पीएस शुक्ला, विश्वामित्र पांडेय, हर्ष त्रिपाठी, डी एन तिवारी, उमाशंकर शर्मा, महेश रावत (मोहनलालगंज तहसील संवाददाता) आदि अपनी लखनऊ की टीम के साथ अनंत कोटि ब्रह्मांड नायक राजा रामचंद्र के अनन्य भक्त बाबा बजरंगबली के दर्शन के लिए मां गोमती के तट पर स्थित बाबा नीम करोरी द्वारा स्थापित श्री हनुमान सेतु धाम पहुंचे। प्रधान संपादक अरुण कुमार त्रिपाठ को बुके देकर सम्मानित किया। साथ ही जन एक्सप्रेस परिवार की समृद्धि की कामना की।


## कार्यालय: ग्राम पंचायत कोटाकदैला, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक: 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अन्तर्गत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत कोटाकदैला, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मो/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 4:30 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.10.2023 को अपरान्ह 3:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 4.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कोटाकदैला से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कोटाकदैला | SBM | ग्रा0पं0 कोटाकदैला में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

ग्राम प्रधान: सीमा देवी
ग्राम पंचायत: कोटाकदैला
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

ग्राम विकास अधिकारी: संजय कुमार
ग्राम पंचायत: कोटाकदैला
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट


### गंगा एक्सप्रेस वे के 2782 करोड़ जीएसटी का जिम्मा यूपीडा को

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

गंगा एक्सप्रेस वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के निर्माण को तेज गति देने के लिए प्रदेश सरकार ने दो प्रस्तावों को मंजूर किया है। पीपीपी मोड के कार्यों पर जीएसटी 12 फीसदी से 18 फीसदी होने की वजह से अतिरिक्त 6 फीसदी जीएसटी की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार करेगी। इसी तरह गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण में कैशफ्लो का संकट दूर करने के लिए भुगतान की शर्त में राहत दी गई है। इस प्रस्ताव से राज्य सरकार पर 2781.97 करोड़ रुपये का अतिरिक्त व्यय भार पड़ेगा। पैकेज-2 परियोजना के निर्माणकर्ताओं ने सरकार से राहत मांगी थी। कोविड महामारी की वजह से ठेकेदारों के समक्ष कैशफ्लो की समस्या दूर करने की मांग की गई थी।

### देश में आयुष्मान कार्ड बनाने में प्रदेश टॉप पर

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। देश में यूपी सबसे ज्यादा आयुष्मान कार्ड बनाने वाला राज्य बन गया है। स्वास्थ्य कर्मचारी लगातार आयुष्मान के पात्र लोगों की पहचान कर कार्ड बना रहे हैं ताकि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को आयुष्मान योजना का लाभ मिल सके। आयुष्मान योजना के तहत मरीज पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज प्राप्त कर सकते हैं। आयुष्मान कार्ड सरकारी के साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी मान्य है। आयुष्मान पंजीकृत प्राइवेट अस्पतालों में जाकर मरीज योजना का लाभ हासिल कर सकते हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि यूपी में अब तक 3.71 करोड़ लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं।बीते दिनों आयुष्मान कार्ड बनाने में उत्तर प्रदेश ने अपने पुराने रिकॉर्ड को तोड़ दिया था। एक दिन में 6.42 लाख आयुष्मान कार्ड बनाए थे। इस रिकार्ड को तोड़ते हुए एक दिन में 6.63 लाख कार्ड बनाए थे।


## कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी -पीलीभीत

पत्रांक: मु.चि.अ./मानसिक स्वास्थ्य/उपचार/2023-24/17376 दिनांक: 10.10.2023

**विषय - राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सम्बन्ध में।**

राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत जिला इकाई जिला चिकित्सालय जनपद पीलीभीत में अब मनोरोग क्लीनिक की स्थापना हो गयी है। मानसिक स्वास्थ्य एवं शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक हैं। मानसिक रोग जिला चिकित्सालय पीलीभीत में क्लीनिक कमरा नंबर 87 में दिन - सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को होती है। इस क्लीनिक में ऐसे मरीज़ जिन्हें नींद ना आती हो, नींद कम आती हो, सोकर उठने पर सर में दर्द होता हो, घबराहट होती हो, उदासीनता की भावना होती हो, थकान, हीन भावना, ज़िंदगी के प्रति निराशात्मक सोच, एक ही बिचार बार-बार मन में आना, डर लगना, शक होना, कानों में आवाजें आना, मन में अजीब से गलत बिचार, बहुत जिद करना किसी भी तरीके का नशा करना आदि, झुन्जलाहट, तनाव, जल्दी थक जाना हाथों में कम्पन हड़बड़ी में रहना नींद में परेशान होना, नींद न आना, अत्यधिक सपने आना, याददाश्त में कमी, मन में उत्साह की कमी, सीने में दर्द आदि होना सांस लेनेमें दिक्क़त होना आदि का परामर्श जिला चिकित्सालय के मनोरोग कक्ष में ले सकते हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी
पीलीभीत।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## पांच राज्यों के चुनाव को केंद्र की सत्ता का सेमीफाइनल कहना गलत है



पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों का ऐलान होने के साथ ही सभी पार्टियों ने अपनी अपनी जीत के दावे पेश कर दिये हैं। देखा जाये तो अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले इन पांच राज्यों को जीतने के लिए भाजपा और कांग्रेस समेत तमाम पार्टियां काफी समय से जीतोड़ प्रयास कर रही हैं। लेकिन यहां यह समझना होगा कि इन पांच राज्यों में सर्वाधिक या सभी राज्य जीतने वाली पार्टी ही अगला लोकसभा चुनाव जीत जायेगी इस बात की कोई गारंटी नहीं है। यदि पिछले चुनाव के नतीजे देखे जायें तो 2018 में इन पांच में से तीन राज्यों में कांग्रेस की सरकार बनी थी और दो में क्षेत्रीय दलों की। यानि भाजपा को इन पांच में से एक भी राज्य की सत्ता हासिल नहीं हुई थी मगर फिर भी उसने 2019 के लोकसभा चुनावों में 2014 से भी ज्यादा शानदार परिणाम हासिल कर अकेले दम पर 303 सीटें हासिल कर ली थीं। दरअसल जो लोग विधानसभा चुनावों को केंद्र की सत्ता का सेमीफाइनल मान रहे हैं वह यह नहीं समझ रहे कि विधानसभा और लोकसभा चुनावों के मुद्दे और नेतृत्व अलग होते हैं। इस बात को यदि उदाहरण के साथ समझें तो 2019 के लोकसभा चुनाव को देख सकते हैं। उस दौरान लोकसभा के साथ ही ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश विधानसभा के चुनाव हुए थे। लोकसभा चुनाव भले भाजपा जीत गयी थी लेकिन ओडिशा में बीजू जनता दल और आंध्र प्रदेश में वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को जीत हासिल हुई थी। अरुणाचल में जरूर भाजपा पहली बार अपने दम पर बहुमत हासिल करने में सफल रही थी। ऐसे कई और उदाहरण भी हैं जब जनता की पसंद केंद्र और राज्य के स्तर पर अलग-अलग पार्टियों की रही है। इस संदर्भ में सबसे सशक्त उदाहरण दिल्ली का है जहां 2019 के लोकसभा चुनावों में भाजपा ने सातों सीटें जीत ली थीं लेकिन 2020 की शुरुआत में हुए विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी को प्रचंड बहुमत हासिल हुआ था। साल 2023 की ही बात कर लें तो वर्ष की शुरुआत में त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड विधानसभा के चुनाव हुए। इसमें त्रिपुरा में भाजपा अपनी सत्ता बचाने में कामयाब रही और नगालैंड तथा मेघालय में गठबंधन में शामिल होकर सत्ता में बरकरार रही। लेकिन जब मई में कर्नाटक विधानसभा के चुनाव हुए तो भाजपा बुरी तरह हार कर सत्ता से बाहर हो गयी। इसलिए कभी भी यह नहीं माना जाना चाहिए कि अगर कोई पार्टी किसी राज्य में जीत गयी है तो वह हर राज्य में जीतती ही जायेगी। लोकतंत्र में हमेशा सत्ता में रहने का वरदान किसी को नहीं मिलता। बहरहाल, पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों को जो लोग केंद्र की मोदी सरकार पर जनमत संग्रह करार दे रहे हैं वह भी गलत हैं क्योंकि जनता को यह तय करना है कि राजस्थान में अशोक गहलोत, मध्य प्रदेश में शिवराज सिंह चौहान, छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल, तेलंगाना में के. चंद्रशेखर राव और मिजोरम में जोरमथांगा के काम से वह खुश हैं या नहीं। जनता को यह तय करना है कि इन पांचों राज्यों में सत्ता में मौजूद पार्टियों ने अपने चुनाव घोषणापत्र में किये गये वादे पूरे किये हैं या नहीं। जनता को यह तय करना है कि स्थानीय विधायक ने उनके क्षेत्र के विकास कार्यों में रुचि ली थी या नहीं। जनता को यह तय करना है कि महामारी तथा मुश्किल की घड़ी में राज्य सरकार ने उनका साथ दिया या नहीं।

## एक्सप्रेस आलेख

राजधानी में देश के बंटवारे के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी ने कैंप कॉलेज खोला था। वे वहां पॉलिटिकल साइंस और इंग्लिश पढ़ाते थे। कैंप कॉलेज इसलिए खोला गया था ताकि बंटवारे के कारण जिन शरणार्थी परिवारों के बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई थी, वे उधर दाखिला लेकर पढ़ाई पूरी कर लें। इधर अध्यापकों को सांकेतिक मानदेय ही मिलता था। पर फिर भी फ्रेंक ठाकुर दास इसमें पढ़ाते रहे। उन्हें पता था कि किन विषम परिस्थितियों में पंजाबी शरणार्थी जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके नाम पर केएम कॉलेज में हर साल एक डिबेट प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। बहरहाल, अमिताभ बच्चन की पूरी शख्सियत गरिमामय है। उसमें नकारात्मकता कतई नहीं है।


# वो गुरु जिसने तराशा अमिताभ बच्चन को



आर.के. सिन्हा

अमिताभ बच्चन भी 80 साल का होने पर भी अपने काम-काज में मस्त रहते हैं। वे अपने आलोचकों की बक-बक का उत्तर नहीं देते। वे अपने आलोचकों की टिप्पणइयों पर निर्विकार रहते हैं। कई परम ज्ञानी कहते हैं कि वे तमाम उत्पादों का विज्ञापन पैसा कमाने के लिए करते हैं। इन महान ज्ञानियों से कोई पूछे कि उन्हें अमिताभ के लगातार काम करने से उन्हें इतनी दिक्कत क्यों हैं।

अमिताभ बच्चन ने जब अपने फिल्मी करियर का श्रीगणेश किया तब 1970 के दशक का आरंभ हो रहा था। तब भारत में श्रीमती इंदिरा गांधी प्रधनामंत्री थीं और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे। वो आधी सदी पहले की दुनिया आज से हर मायने में अलग थी। पर इन पचास सालों में बहुत कुछ बदला, पर अमिताभ बच्चन अब भी करोडों सिने प्रेमियों की पसंद बने हुए हैं। उन्होंने इस दौरान ना जाने कितनी सुपर हिट फिल्में दीं, टीवी पर अपनी धाक जमाई और विज्ञापन के संसार के शिखर पर रहे। कुछ समय तक राजनीति करने के बाद उसे इस तरह से छोड़ा कि फिर मुड़कर नहीं देखा। उन्हें भारतीय सिनेमा का सर्वकालिक महानतम अभिनेता माना जा सकता है। अमिताभ ने अनेक पुरस्कार जीते हैं, जिनमें दादासाहेब फाल्के पुरस्कार, तीन राष्ट्रीय फ़िल्म पुरस्कार और बारह फ़िल्मफ़ेयर पुरस्कार सम्मिलित हैं। उनके नाम सर्वाधिक सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फ़िल्मफेयर अवार्ड का रिकार्ड है। अभिनय के अलावा बच्चन ने पार्श्वगायक, फ़िल्म निर्माता, टीवी प्रस्तोता के रूप में भी अपनी छाप छोड़ी है। वे लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में कई वर्षों से मेज़बान की भूमिका भी निभाते आए हैं। इस शो में उनके द्वारा किया गया देवियों और सज्जनों संबोधन बहुचर्चित रहा। अमिताभ बच्चन की शख्सियत से आप प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकते। आज (11 अक्तूबर) को उनके जन्म दिन पर हम उस शख्स की बात करना चाहेंगे जिन्होंने उनकी प्रतिभा को पहचाना और फिर गढ़ा भी। बेशक, वे भी इस मौके पर उन शख्सियतों को जरूर याद करेंगे जिनके मार्गदर्शन के चलते उन्होंने शिखर को छुआ। वे दिल्ली के किरोड़ीमल कॉलेज (केएम कॉलेज) के अपने गुरु फ्रेंक ठाकुर दास को नहीं भूल सकते। वहां पर फ्रेंक ठाकुर दास सभागार मिलेगा। अमिताभ बच्चन 1962 में केएम कॉलेज में बी.एससी के छात्र थे। तब तक उनका एक्टिंग या रंगमंच की तरफ कोई विशेष रूझान नहीं था। पर एक दिन फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें अपने पास बुलाकर कहा कि वे कॉलेज की रंगमंच की गतिविधियों से जुड़ें। यह बात अमिताभ बच्चन ने केएम कॉलेज के एक कार्यक्रम में खुद बताई थी। उसके बाद फ्रेंक ठाकुर दास ने उन्हें कॉलेज की ड्रामा सोसायटी की तरफ से होने वाले अंग्रेजी और हिन्दी के नाटकों से जोड़ा। उन्होंने ही अमिताभ बच्चन को



अमिताभ बच्चन ने अपनी उम्र के अनुकूल हर तरह के किरदारों को पर्दे पर निभाया और अपने अभिनय से जीवंत बनाया। उन्होंने बढ़ती उम्र को नजरअंदाज करते हुए छैल-छबीला नायक बने रहने की जिद वाली परंपरा से इतर राह पकड़ी और फिल्मी दुनिया के लेखकों पर निर्देशकों ने उनके लिये लीक से हटकर उम्रदराज नायक वाले चरित्र भी गढ़े।

अभिनय की तमाम बारीकियों से रु ब रु भी करवाया। दिल्ली विश्व विद्लाय और केएम कॉलेज बिरादरी फ्रेंक ठाकुर दास को अपने संरक्षक और मार्गदर्शक के रूप में याद करती है। फ्रेंक ठाकुर दास केएम कॉलेज में पॉलिटिकल साइंस साइंस के प्रोफेसर थे। उन्हें रंगमंच की दुनिया की भी गहरी समझ थी। वे खुद भी रंगकर्मी थे। केएम कॉलेज में होने वाले नाटक, डिबेट और अन्य खास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेते थे।अमिताभ बच्चन ने अभिनय और रंगमंच का पहला पाठ फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा था। फ्रेंक ठाकुर दास पंजाबी ईसाई थे। उन्होंने अपने कॉलेज में ड्रामा सोसायटी की स्थापना की थी। वे केएम कॉलेज से लगभग चार दशकों तक जुड़े रहे। फ्रेंक ठाकुर दास अपनी कक्षाएं समाप्त करने के बाद अपने ड्रामा कल्ब की गतिविधियों में व्यस्त हो जाते थे। सुबह से देर शाम तक छात्रों के बीच में रहा करते। फ्रेंक ठाकुर दास के कृतज्ञ छात्रों ने कुछ समय पहले उनके नाम पर बन रहे सभागार के निर्माण के लिए दिल खोलकर सहयोग दिया था। अमिताभ बच्चन ने खुद इस नेक काम के लिए 51 लाख रूपये की सहयोग राशि दी थी। फ्रेंक ठाकुर दास के खास शार्गिदों में सतीश कौशिक, कुलभूषण खरबंदा, शक्ति कपूर, दिनेश ठाकुर जैसे बॉलीवुड के बड़े नाम भी रहे। ये सब भी केएम कॉलेज में ही थे। उन्होंने इन सबको भी अभिनय, निर्देशन, मंच सज्जा आदि की जानकारी दी। फ्रेंक ठाकुर दास की शख्सियत बहुआयामी थी। वे इंग्लिश के भी विद्वान। राजधानी में देश के बंटवारे के बाद पंजाब यूनिवर्सिटी ने कैंप कॉलेज खोला था। वे वहां पॉलिटिकल साइंस और इंग्लिश पढ़ाते थे। कैंप कॉलेज इसलिए खोला गया था ताकि बंटवारे के कारण जिन शरणार्थी परिवारों के बच्चों की पढ़ाई बाधित हुई थी, वे उधर दाखिला लेकर पढ़ाई पूरी कर लें। इधर अध्यापकों को सांकेतिक मानदेय ही मिलता था। पर फिर भी फ्रेंक ठाकुर दास इसमें पढ़ाते रहे। उन्हें पता था कि किन विषम परिस्थितियों में पंजाबी शरणार्थी जिंदगी बसर कर रहे हैं। उनके नाम पर केएम कॉलेज में हर साल एक डिबेट प्रतियोगिता का भी आयोजन होता है। बहरहाल, अमिताभ बच्चन की पूरी शख्सियत गरिमामय है। उसमें नकारात्मकता कतई नहीं है। ये गुण भी उन्होंने फ्रेंक ठाकुर दास से सीखा। फ्रेंक जी के पास किसी की निंदा रस लेने का वक्त नहीं था। वे दिन-रात अपने काम में लगे रहते थे। अमिताभ बच्चन भी 80 साल का होने पर भी अपने काम-काज में मस्त रहते हैं। वे अपने आलोचकों की बक-बक का उत्तर नहीं देते। वे अपने आलोचकों की टिप्पणइयों पर निर्विकार रहते हैं। कई परम ज्ञानी कहते हैं कि वे तमाम उत्पादों का विज्ञापन पैसा कमाने के लिए करते हैं। इन महान ज्ञानियों से कोई पूछे कि उन्हें अमिताभ बच्चन के लगातार काम करने से उन्हें इतनी दिक्कत क्यों हैं। अमिताभ बच्चन ने अपनी उम्र के अनुकूल हर तरह के किरदारों को पर्दे पर निभाया और अपने अभिनय से जीवंत बनाया। उन्होंने बढ़ती उम्र को नजरअंदाज करते हुए छैल-छबीला नायक बने रहने की जिद वाली परंपरा से इतर राह पकड़ी और फिल्मी दुनिया के लेखकों पर निर्देशकों ने उनके लिये लीक से हटकर उम्रदराज नायक वाले चरित्र भी गढ़े।

## एक्सप्रेस कविता

आज जब, दो समय की साबित रोटी, तन पर मटमैले कपड़े, पैदल दूर तक जाने को चप्पल, गहरी ठंडी रातों में ओढने को कथरी और रोटी के साथ मिर्च प्याज की चटनी, मड़ई मेला जाने के लिए किराए की साइकिल, समय समय मिल जाए सब। मुझे उसका साथ और उसे मेरा संग होना, भला लगता है सब, सब कुछ

लगता है वक्त थम जाये , रुक जाएं हम सभी, हवाएं खुशबू से भरी, उसकी बातें, खिलखिलाहट, पेड़ों टहनियों से झूमता झूमता अनंत निश्चल आकाश, संबंधों की गहरी नर्म ऊष्मा, नन्हे नन्हे हाथों का स्पर्श, चुप-चुप कनखियों के इशारे, बंद होठों की खामोशी हंसी, पतली पगडंडी में लड़खड़ाते, यूं ही साथ चलते रहने की कसमें, बिखर ना जाए, यादों की हल्की लकीरें, यह पल न फेर ले आंखें।

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

अपने लक्ष्य को पाने के लिए हर रोज कुछ न कुछ प्रयास जरूर करो, एक दिन आप उस लक्ष्य को जरूर पाओगे।

## आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

| | |
|---|---|
| तिथि: | द्वादशी 17:36 तक |
| नक्षत्र: | मघा 08:40 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | शुभा, 08:32 |
| सूर्योदय: | 06:22 |
| सूर्यास्त: | 17:52 |
| चंद्रमा: | सिंह राशि में |
| राहुकाल: | 12:07-13:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### हो रहे तैयार !

जीतने को बाज़ी ।
हो रहे तैयार ।।
लगा देंगे ज़ोर अब ।
बनना असरदार ।।
देंगे उनको मात है ।
खोज रहे तरकीब ।।
ना हो जाए स्थिति ।
आगे कुछ अजीब ।।
कर सही विश्लेषण ।
है निकालना हल ।।
आज से भी अच्छा ।
कर लेना है कल ।
साध रहे निशाना ।
ना अब जाना चूक ।।
होता रहे कुछ भी ।
बैठ ना सकते मूक ।।



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# प्रेग्नेंसी में प्रकृति के साथ समय बिताने से मिलते हैं कई फायदे, मेंटल हेल्थ भी रहती है बेहतर



### शारीरिक गतिविधि में सुधार

प्रकृति के बीच समय बिताने से अक्सर आप शारीरिक गतिविधियां करते रहते हैं, जैसे चलना। डॉक्टर्स भी प्रग्नेंसी के समय महिलाओं को हल्का व्यायाम करने या चलने की सलाह देते हैं, ऐसा करने से आपका वजन काबू में रहता है, आप फिट रहती हैं और ब्लड सर्कुलेशन भी बेहतर रहता है। इससे आपके बच्चे के विकास पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। प्रकृति में समय गुजारना किसी भी व्यक्ति के सेहत पर नकारात्मक नहीं हो सकता है, लेकिन प्रेग्नेंसी में हर महिला को अलग तरह की समस्याएं होती हैं, इसलिए किसी भी तरह की नई गतिविधि शुरु करने से पहले एक बार अपने डॉक्टर से सलाह जरूर ले लें।

**गर्भावस्था** के दौरान महिलाओं में कई तरह के हार्मोन्ल बदलाव आते हैं, जो सीधा उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। प्रेग्नेंसी के समय कई महिलाएं बहुत ज्यादा इमोशनल हो जाती है, जिस कारण उन्हें लोगों की छोटी-छोटी बातों से फर्क पड़ने लगता है। गर्भावस्था में शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखना हर महिला और होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। ऐसे में प्रकृति के बीच समय गुजारकर आप शांति और सुकून का अनुभव कर सकते हैं।

**तनाव के स्तर में कमी:** प्रेग्नेंसी के दौरान प्रकृति में रहने से तनाव के स्तर को कम करने में मदद मिल सकती है, जो मां और गर्भ में पल रहे बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद होती है। प्रकृति के संपर्क में आने से और आपके बच्चे दोनों के लिए फायदेमंद है। प्रकृति के संपर्क में आने से शरीर में कोर्टिसोल ( तनाव का अहसास कराने वाला हार्मोन) का स्तर कम हो सकता है, जिससे मन को शांति मिलती है और दिमाग भी रिलेक्स होता है।

**मूड को बनाए बेहतर:** नेचर हमारे मूड और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने में मदद करता है। प्रकृति के बीच समय गुजारने से आपके अंदर कॉन्फिडेंस बढ़ता है, तनाव कम होता है और आपको खुशी मिलती है, जब आप अच्छे मूड में होते हैं, तो आपके और होने वाले बच्चे के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है, और बच्चे का विकास भी अच्छा होता है।

**शरीर में विटामिन डी की बढ़ोतरी:** घर के बाहर प्रकृति के बीच रहने से आप सूरज की रोशनी के संपर्क में भी आते हैं, जो आपके शरीर में विटामिन डी की कमी को पूरा करने में मदद करता है। विटामिन डी एक नेचुरल सोर्स है जो होने वाले बच्चे की हड्डियों, इम्यून सिस्टम, और दांतों के विकास के लिए बहुत जरूरी होता है। धूप में समय गुजारने के दौरान सनस्क्रीन लगाना न भूलें, और तेज धूप में रहने से भी बचने की कोशिश करें। बेहतर होगा अगर आप सुबह की हल्की धूप में समय गुजारें।

## एक्सप्रेस विशेष

# हिंदू समाज के खिलाफ साजिश है जातिगत जनगणना



मृत्युंजय दीक्षित

वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी।

वहीं पिछड़ी व कमजोर जातियां को लुभाने के लिए लालू यादव नीतिश कुमार या आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन के पास कुछ नहीं रह गया है। अतः बिहार का यह पूरा का पूरा कमजोर वर्ग भी अब भाजपा के पास ही जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं पिछड़ा वर्ग से आने के कारण ओबीसी समाज व दलितों के मध्य एक मजबूत व लोक प्रिय चेहरा हैं।

**बिहार** के मुख्यमंत्री व आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन के एक संभावित नेता नीतीश कुमार ने आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भारतीय जनता पार्टी से मुकाबला करने के लिए बिहार में कराई गई जातिगत जनगणना की रिपोर्ट दो अक्टूबर को जारी कर दी है। विधानसभा चुनावों की तारीखों का ऐलान होने के मात्र एक सप्ताह पूर्व जारी की गयी यह रिपोर्ट स्पष्ट संकेत देती है कि यह इन नेताओं का चुनावी स्टंट मात्र है। यह रिपोर्ट तब जारी की गयी जब चारा घोटाले में दोषी घोषित जमानत पर बाहर घूम रहे लालू यादव भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ जमकर जहर घोल रहे हैं। पटना में जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद संपूर्ण भारत में राजनैतिक नेताओं की ओर से मुखर बयानबाजी प्रारम्भ हो गयी और पूरे देश में जातिगत जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने तत्काल बयान दिया कि जब देश में उनकी सरकार आयेगी तब संपूर्ण भारत में जातिगत जनगणना करायी जायेगी और साथ ही एक नारा भी उछल दिया ÷जिसकी जितनी आबदी उसका उतना हक÷। वर्तमान राजनैतिक दौर में भारत के सभी विपक्षी और क्षेत्रीय दल यह सोच रहे हैं कि जातिगत जनगणना व अनुसूचित जाति, जनजति, आदिवासी व वंचित समाज को आरक्षण के नाम पर बरगलाकर भाजपा को हराया जा सकता है या फिर द्रमुक के विचारों के अनुरूप सनातन धर्म का संपूर्ण उन्मूलन संभव है। जातिगत जनगणना और उसके आधार पर हिन्दू मतों का विभाजन कराके सत्ता में आना इनका सपना है। बिहार की जातिगत जनगणना एक ऐसी निकृष्ट पहल है जो सनातन हिन्दू धर्म को कमज़ोर करेगी और समाज को जातीय संघर्ष में झोंक कर विकसित भारत के स्वप्न को चूर चूर कर देगी। जातीय जनगणना के आंकड़े जारी होने के प्रारंभ के एक-दो दिन आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन को ऐसा प्रतीत होने लगा कि वह भाजपा को दबाव में लाने में सफल हो गया है किंतु समय बीतने के साथ साथ जातिगत जनगणना एक विद्रूप राजनैतिक स्टंट के रूप में ही पहचानी जा रही है। अब यह समाचार भी आ रहे हैं कि नीतिश कुमार ने बिहार व राष्ट्रीय राजनीति में राजनैतिक अस्तित्व को बचाए रखने और अतिपिछड़ों का नायक बनने के लिए यह रिपोर्ट जल्दबाजी में जारी कर दी है। बिहार के कई नेता व विश्लेषक यह दावा कर रहे हैं कि यह जनगणना रिपोर्ट पूरी तरह से फर्जी दावों व आंकड़ों पर आधारित है। बिहार की क्षेत्रीय पार्टी हम के नेता जीतन राम मांझी का बयान आया कि यह रिपोर्ट घर में बैठकर तेयार की गयी है और इसमें आंकड़ों में हेरफेर किया गया है। मांझी का कहना हे कि बिहार में यादव मात्र 4 प्रतिशत हैं तो उनकी संख्या 14 से अधिक कैसे हो गयी। वहीं पूर्व कानून मंत्री रवि शंकर प्रसाद का कहना है कि उनके घर कोई भी अधिकारी जनगणना के लिए नहीं आया और न ही उनसे हस्ताक्षर करवाये गये। बिहार की कुल जनगणना में 82 प्रतिशत हिंदू आबादी है जबकि मुस्लिम आबादी 17.7 प्रतिशत हो गयी है। यानि बिहार में हिंदू आबादी का प्रतिशत घट गया है जबकि तो मुस्लिम आबादी का 2.3 प्रतिशत बढ़ा है। बिहार की जातिगत जनगणना में अत्यंत पिछडा वर्ग 36 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग 27.12 प्रतिशत अनुसूचित जाति 19.65 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग केवल 15.52 प्रतिशत है। बिहार की यह जातिगत जनगणना इतने विरोधाभासों से भरी है कि यह स्वयं स्पष्ट कर रही है कि यह केवल और केवल हिंदू समाज को जाति के नाम पर बांटने का एक सुनियोजित व घृणित षड्यंत्र है। 1931 में भारत को खंड खंड करने की जो साजिश अंग्रेज नहीं कर पाये उस कार्य को पूर्ण करने का पाप अब बिहार के 73 वर्षीय मुख्यमंत्री नीतिश कुमार कर रहे हैं। नीतिश कुमार ने सोचा था कि वह ऐसा करके महानायक बन जायेंगे किंतु अब वही इस जाल में फंसते दिख रहे हैं। जातिगत जनगणना से उठे यक्ष प्रश्न न केवल नीतीश कुमार वरन आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन पर भी भारी पड़ रहे हैं। बिहार की जातिगत जनगणना की रिपोर्ट से पता चल रहा है कि नीतीश पिछड़ों व अतिपिछड़ों के नेता नहीं रह गए हैं और बिहार की राजनीति अब यादव मुस्लिम गठजोड़ की दिशा पकड़ेगी। पूरे प्रकरण में आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन और नीतिश कुमार ने अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मार ली है और भाजपा को खुलकर हिन्दुत्व की राजनीति करने का निमंत्रण दे दिया है। जातिगत जनगणना की रिपोर्ट जारी होने के बाद अपने सार्वजनिक कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह संकेत दे दिया है कि भाजपा आई,एन.डी,आई.ए. गठबंधन द्वारा तैयार जातिगत जनगणना की पिच पर फ्रंट फुट पर खेलेगी । प्रधानमंत्री ने पहले अपना पक्ष रखते हुए कहा कि देश में अगर सबसे बड़ी कोई आबादी है तो वह गरीब की है। गरीब का कल्याण ही मेरा मकसद है।

# राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की महती भूमिका

* नीलकंठ मैदान में हुआ भव्य समारोह
* ससम्मान पूर्वक गुरु जन किए गए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



नगर के नीलकंठ मैदान में भव्य शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें 1000 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। मंगलवार को विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के तत्वावधान में सम्मान समारोह हुआ।जिसकी शुरुआत मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह और विधायक अमन गिरि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर किया।अध्यक्षता समिति प्रदेश अध्यक्ष एवं पालिका अध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने की। अतिथियों ने कहा कि राष्ट्र निर्माण और देश की प्रगति में शिक्षकों की माहिती भूमिका है। समारोह की शुरूआत पर सरस्वती ज्ञान मंदिर की छात्राओं ने मां सरस्वती की वंदना, मां शारदे विद्या मंदिर की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। समिति के पदाधिकारी महामंत्री शैलेंद्र कुमार सक्सेना, अनुज खरे, संजय तिवारी अधिनियम अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। समारोह में नगर और क्षेत्र से आए अवकाश प्राप्त शिक्षकों , महाविद्यालयों, इंटर कॉलेजों, निजी मान्यता प्राप्त प्राथमिक एवं जूनियर वर्ग के विद्यालयों, परिषदीय विद्यालयों के 1000 से अधिक शिक्षकों को पुष्प माला पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन दयानंद बल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य अवधेश कुमार मिश्रा ने किया। समिति प्रदेश अध्यक्ष ने अतिथियों, शिक्षकों का आभार व्यक्त किया। महामंत्री शैलेंद्र सक्सेना ने समिति के गठन का उद्देश्य एवं किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।इस मौके पर मैलानी नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्ति माहेश्वरी, धर्मेंद्र गिरि मोंटी, राजराजेश्वर सिंह, डॉ वेद प्रकाश अग्निहोत्री, सुरेंद्र शर्मा, केके शुक्ला, विश्वनाथ सिंह, अवधेश मिश्र, रमाशंकर कटियार, बाबूराम वर्मा, रविंद्र भूषण सिंह, शत्रोहन मिश्रा, रविंद्र कटियार,सत्य प्रकाश बाजपेयी, समीक्षा गुप्ता, शशि बाला रावडा, शालिनी पाण्डेय, अन्जू भोगल,डा निर्मल सिंह, कुलवंत सिंह चीमा, महेन्द्र त्रिपाठी, गुरु शरण पाठक, राम मनोहर अवस्थी,डा.पंकज सिंह सौरभ दीक्षित, दिनेश यादव, मनोज वर्मा, बी0ए0 खान, बारिस अली, मुस्तफा अली आदि मौजूद रहे।

# पुलिस और प्रशासन ने नहीं की सुनवाई पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर की शिकायत

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी



जमीनी मामलों में मुख्यमंत्री के स्पष्ट दिशा निर्देशों के बावजूद भी राजस्व महकमें के अधिकारी और प्रशासन सुधारने का नाम नहीं ले रहे हैं। गोला नगर के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कोरैया निवासी एक महिला ने उसके सहन में दबंगों द्वारा शौचालय बनाए जाने की शिकायत हैदराबाद थाने सहित उप जिलाधिकारी गोला से की। कोई सुनवाई न होने पर पीड़ित महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके कार्रवाई किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार ग्राम कोरैया निवासी निर्मला देवी विधवा मंगू लाल ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भेजते हुए कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाले दबंग गिरजा शंकर पुत्र जीवनलाल ने उसके मकान के सहन में शौचालय का निर्माण करने का काम शुरू किया था। तभी उसने थाना हैदराबाद में शिकायत करके निर्माण कार्य रूकवाये जाने की मांग की थी। पुलिस इस शिकायत पर तीन दिन बाद जांच करने जब पहुंची । तब तक विपक्षी ने शौचालय का निर्माण करा लिया था। पुलिस ने विपक्षी पर कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित महिला ने उप जिलाधिकारी गोला रत्नाकर मिश्रा को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की। महिला का कहना है की तहसील प्रशासन से भी कोई संतोषजनक कार्रवाई न होने पर उसने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत करके विपक्षी दबंग के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। महिला का कहना है देवरिया कांड से भी प्रशासन और पुलिस ने कोई सीख नहीं ली है। इस मामले में उप जिलाधिकारी रत्नाकर मिश्रा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला उनके पास गई थी और उन्होंने कानूनगो और हैदराबाद पुलिस को मौका मुआयना करके रिपोर्ट देने के लिए कहा है।बताया कि महिला को डरने की आवश्यकता नहीं है जांच की रिपोर्ट आते ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### डायट में उर्दू शिक्षकों का प्रशिक्षण आज भी जारी रहा

जन एक्सप्रेस/सीतापुर। डायट खैराबाद में कल शुरू हुआ उर्दू शिक्षकों का प्रशिक्षण आज दूसरे दिन भी कामयाबी के साथ जारी रहा। प्रशिक्षण में हरगाँव एवं सिधौली ब्लॉक को छोड़कर अन्य सभी ब्लॉक से उर्दू शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान कक्षा शिक्षण पर विस्तृत चर्चा हुई। ग्रुप बनाकर गतिविधियां कराई गई, शिक्षकों ने अपने-अपने ग्रुप से कक्षा शिक्षण को करके दिखाया और उसकी अहमियत भी बताई। इस दौरान कक्षा शिक्षण पाई गई कमियों पर कार्यशाला द्वारा उन्हें दूर करने का प्रयास किया गया और सफलता अर्जित की। कक्षा को रुचिपूर्ण बनाने, बच्चों में जिज्ञासा का भाव पैदा करने, कक्षा शिक्षण को बच्चों में देर तक बनाये रखने, स्कूल के बाद भी बच्चे में कक्षा की गतिविधि को बनाये रखने आदि उपायों और इसे प्रभावी बनाने पर चर्चा हुई। प्रशिक्षक खुशतर रहमान खां, अनवर अली, काज़िम हुसैन और नौशाद अली ने पूरे प्रशिक्षण को चलाने, गतिविधियां करने, कक्षा शिक्षण के तरीके बताने, टीएलएम का प्रयोग और आवश्यकता पर बल देने, सबक को कक्षा में प्रस्तुत करने, शिक्षण गतिविधियों को खेल के माध्यम से करने, कक्षा के माहौल को आत्मीय बनाने आदि विषयों पर बारी-बारी चर्चा-परिचर्चा की। प्रशिक्षण लगातार जारी है।



### सत्यपाल को मिली पीएचडी की उपाधि

जन एक्सप्रेस/गोला गोकर्णनाथ खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम खंदनी निवासी सत्यपाल वर्मा ने पीएचडी की उपाधि हासिल कर क्षेत्र का नाम किया रोशन किया है।खंदनी गांव निवासी स्व. श्रीराम वर्मा के पुत्र सत्यपाल वर्मा ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली से पीएचडी की उपाधि हासिल कर अपने समाज व जिले का नाम रोशन किया है। सत्यपाल की माता रूप रानी वर्मा ने कहा कि उनके बेटे को बचपन से ही शिक्षा के प्रति काफी रुचि थी। उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय से बीएससी एवम एमएससी की डिग्री हासिल की। उन्होंने बताया कि वह सहायक अध्यापक के पद पर सेठ जयदयाल इंटर कॉलेज बिसवां सीतापुर में कार्यरत रहते हुए रुहेलखंड विश्वविद्यालय से (शोध का विषय इफेक्ट ऑफ सम केमिकल्स एंड हार्मोन्स ऑन ग्रोथ पैरामीटर्स एंड जूस क्वालिटी अर्ली एंड लेट मैचुरिंग शुगरकेन वैराइटीज) पीएचडी की उपाधि हासिल कर समाज व जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने बताया कि सत्यपाल पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के बाद सहायक प्रोफेसर के लिए प्रयासरत है। इसके लिए वह पूरे लगन के साथ तैयारी कर रहे हैं साथ ही उनको पूर्ण विश्वास है कि उनको सफलता हासिल होगी। पीएचडी की उपाधि हासिल करने के बाद उनके परिजनों व समाज के लोगों में काफी खुशी है। साथ ही परिजनों व समाज के लोगों ने उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



### विकासखंड पलिया के ग्राम सभाओं में स्वच्छता मिशन को लगाया जा रहा पलीता

जन एक्सप्रेस/पलिया कलां खीरी। विकासखंड पलिया के ग्राम पढ़ुवा में साफ सफाई व चोक पड़ी नालियों में फैली गंदगी से नाराज ग्राम के जुम्मेदारों द्वारा सुधि न लिए जाने से संक्रामक रोग पांव पसारने की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं जिससे ग्रामीण बुखार सहित बीमारियों से सनक्रमित हो रहे है ।ग्राम के जुम्मेदारो द्वारा चोक पड़ी गंदी नालियों की सफाई न कराये जाने पर ग्रामीण विवश होकर अपने आप नालियों की सफाई आदि कर रहे है ग्रामीणों का आरोप सरकार के स्वच्छता अभियान के मिशन को गांव के जुम्मेदारो व सफाई कर्मियों द्वारा दर किनार कर महीनो से ग्राम में नहीं कराई सफाई न दवाई का छिड़काव कराया गया जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है। अगर जिम्मेदारों ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो गांव के हालात और भयावा होंगे।



# दुधवा के जंगल से निकलकर खेतो में पहुंचा बाघ, ग्रामीणों में दहशत से मची भगदड़

जन एक्सप्रेस । सुनहरा



**लखीमपुर खीरी।** जंगल से सटे इलाकों में बाघ की चहलकदमी जारी है, जिससे लोगों में दहशत है।मंगलवार को इंदिरानगर गांव के पास एक बाघ देखा गया, जिससे ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। बताते चलें दुधवा टाइगर रिजर्व से सटे इलाकों में बाघ की चहलकदमी जारी है, जिससे लोगों में दहशत है। दुधवा टाइगर रिजर्व बफरजोन की मैलानी रेंज जंगल से सटी आबादी इंदिरानगर गांव के पास मंगलवार सुबह जंगल से निकलकर एक बाघ खेतों में पहुंच गया। आबादी के पास बाघ को खेतों में घूमते देख ग्रामीणों में भगदड़ मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर आनन फानन एसडीओ पलिया, निघासन, रेंजर मैलानी और दुधवा के पशु चिकित्सक डॉक्टर दया शंकर मौके पर पहुंचे। बाघ की गतिविधियों का अध्ययन करने में जुटे हुए हैं।वनाधिकारियों के मुताबिक बाघ ने सोमवार की रात आबादी से सटे खेत में एक नीलगाय का शिकार किया है। किए गए शिकार को खाने के लिए बाघ बार बार आ रही है। मौके पर पहुंचे पशु चिकित्सक और वनाधिकारी नीलगाय के शव को पिंजरे में रखवा कर उसे पकड़ने की कवायद में जुटे हैं।

# स्मैक तस्करों को पकड़ने वाली भीरा पुलिस टीम को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बिजुआ-खीरी



ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र में फैल रहे स्मैक जैसे घातक नशे के कारोबार बार पर रोक लगाने वाली भीरा पुलिस की पूरी टीम को उनके इस सराहनीय कार्य के लिए ठाठ नानकसर गुरुद्वारा के संत बाबा गुरुमीत सिंह व कस्बे के व्यापारियों व डॉक्टरों द्वारा आज सम्मानित किया गया। बताते चले बीते दिनों भीरा पुलिस ने स्मैक का कारोबार करने वाले एक अंतर्जनपदीय बड़े गिरोह का पर्दाफास करते हुए करीब 30 लाख की स्मैक के साथ सात आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भीरा पुलिस की इस कार्यवाही में पड़रिया तुला क्षेत्र से भी तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हुई थी। कार्यवाही के बाद क्षेत्र के युवाओं में फैल रहे स्मैक जैसे घातक नशे पर काफी हद तक लगाम लगने की संभावना है। गिरोह का भंडाफोड़ होने के बाद से लगातार पूरे क्षेत्र में गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस टीम की प्रसंसा हो रही है। मंगलवार के दिन पड़रिया तुला के ठाठ नानकसर गुरुद्वारा साहिब में पुलिस टीम के सम्मान के लिए एक सम्मान समारोह आयोजन किया गया।

# पलिया पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अवैध शास्त्र बनाने वाली फैक्ट्री के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी

संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पलिया पुलिस क्षेत्र अधिकारी आदित्य कुमार गौतम को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर सक्रियता दिखाते हुए मझगई थाना अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह व पुलिस फोर्स के साथ टॉपरफार्म गन्ने के खेत को चारों तरफ से घेर लिया तलासी के दौरान जगजीत सिंह पुत्र स्वर्गीय मेजर सिंह उम्र 21 वर्ष ग्राम टॉपर फॉर्म मजरा धर्मापुर थाना मझगई को गिरफ्तार कर लिया जिसके पास अवैध सलाह व बनाने वाले उपकरण भी बरामद हुए जिसको थाने पर लाकर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया।

# प्रसूता को खून देकर सिपाही ने बचाई जान



जन एक्सप्रेस । भीरा-खीरी

भीरा पुलिस क्षेत्र में फरिश्ता बनकर लोगों की जान बचाने में प्रशंसा की पात्र बन रही है। जिंदगी और मौत से जूझते हुए लोगों को समय पर रक्त देकर जान बचाने में अहम भूमिका निभा रही है। ऐसा ही एक मामला वनबीट हॉस्पिटल का है जहां पर प्रसूता रेशमा चौधरी पत्नी अनूप चौधरी निवासी गोला को अचानक जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिसको आनन फानन में भीरा स्थित वनबीट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहरीले कीड़े के काटने से रक्त अधिक निकलने से खून की कमी पड़ गई। तभी डॉक्टरो ने कहा जल्दी से खून की व्यवस्था करो नहीं तो बचना मुश्किल हो जाएगा। वहीं इस मामले को जानकर नगर पंचायत भीरा निवासी पीयूष अग्रवाल ने ब्लड डोनेशन ग्रुप में इस संदेश को डालकर ब्लड की गुहार लगाई। इस संदेश को जानकर पड़रिया तुला चौकी पर तैनात आरक्षी अरविंद कुमार तत्काल अस्पताल पहुंचे और खून देकर महिला की जान बचाई। यही नहीं इससे पहले भी भीरा पुलिस जरूरतमंद मरीजों को पहले भी रक्तदान कर चुकी है। वहीं इस ग्रुप के माध्यम से कई लोगों की जिंदगी बचाई जा चुकी हैं।

# महाप्रबंधक डॉ.एस.पी.सिंह ने किड्स पूल का उद्घाटन किया, ताकि नन्हे-मुन्ने बच्चे स्विमिंग का ले सकें आनंद

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




लखनऊ पब्लिक स्कूल की लखीमपुर शाखा में संस्थापक एवं महाप्रबंधक डॉ. एस.पी.सिंह ने प्रेस वार्ता की।इस अवसर पर उन्होंने किड्स पूल का उद्घाटन भी किया, ताकि नन्हे-मुन्ने बच्चे भी स्विमिंग का आनंद ले सके। उन्होंने बताया कि विगत सत्र मे आई.सी.एस.ई. एवं आई.एस.सी. 2022-2023 के घोषित परीक्षा परिणामो में विद्यालय के बच्चों ने हर वर्ष कि भांति शानदार प्रदर्शन किया एवं विद्यालय ने जिले में अग्रणी स्थान बनाया। आई.सी.एस.ई. में कुल 132 तथा आई.एस.सी. परीक्षा में 104 छात्रों ने सम्मिलित होकर विद्यालय का शत-प्रतिशत परीक्षाफल दिया। आई.सी. एस.ई. परीक्षा में 34 तथा आई.एस. सी. परीक्षा में 37 छात्र-छात्राओं ने 90% से अधिक अंक लाकर एक नया रिकॉर्ड बनाया।इस वर्ष यू .पी .एस . सी.परीक्षा के सेन्ट्रल आर्म्ड फोर्स मे लखीमपुर शाखा के छात्र रहे गुरुपेज सिंह संधू का चयन असिस्टेंट कमांडेड स्पेशल फोर्स होम मिनिस्ट्री ऑफ़ इंडिया के लिए हुआ।इसी शाखा मे पढने वाले जुड़वाँ भाईयो निवेदित वर्मा व नवोदित वर्मा का चयन आई.आई.टी. रुड़की में हुआ। नवनीत कौर का एम.बी.बी.एस.के लिए के.जी .?म .सी ., लखनऊ मे एवं हर्ष तिवारी का आई.आई.एम.,रोहतक में चयन हुआ। विद्यालय में छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक एवं प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में उत्कृष्ट परीक्षा-परिणामो की प्राप्ति के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। समय-समय पर सीनियर कक्षाओं में काउंसलिंग, बाहर से आए काउंसलरो एवं मनोवैज्ञानिकों द्वारा की जाती है। मॉडल प्रश्न-पत्रों का सतत अभ्यास व उनके मूल्यांकन के साथ-साथ समीक्षा भी कराई जाती है। परीक्षा पूर्व कमजोर छात्राओं के लिए रिमेडियल क्लासेस की भी व्यवस्था की जाती है। बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए शैक्षिक अध्यन के साथ-साथ इंडोर-आउटडोर गेम्स, स्विमिंग पूल, सिंथेटिक एस्ट्रो टर्फ एवं ओपन एक्सरसाइज जिम आदि की सुविधाओं द्वारा खेलकूद व व्यायाम पर भी ध्यान दिया जाता है।हाल ही में सी.आई.एस.सी .ई .जोनल लेवल वॉलीबॉल टूर्नामेंट पलिया में हमारे विद्यालय की टीम ने सिल्वर मेडल जीता।सी.आई.एस.सी .ई .जोनल वॉलीबॉल व कैरम कंपटीशन में अंडर 14 गर्ल्स सिंगल में अमृता, कक्षा 7 ने गोल्ड एवं दर्शिका मिश्रा, कक्षा 6 व अक्षरा नागवानी, कक्षा 9 ने सिल्वर मेडल पाया। अंडर 14 गर्ल्स डबल में दर्शिका मिश्रा, कक्षा 6 व अमृत वर्मा, कक्षा 7 ने सिल्वर मेडल पाया। अंडर 14 बॉय सिंगल में आर्यन वर्मा, कक्षा 9 ने सिल्वर पाया। अंडर 14 बॉयज डबल्स मे दीपेंद्र सिंह, कक्षा 8 व श्रेष्ठ कुमार, कक्षा 7 में सिल्वर मेडल पाया। अंडर 17 गर्ल्स सिंगल में आकांक्षा शाक्य, कक्षा 9 में गोल्ड व जानवी शर्मा, कक्षा 10 ने सिल्वर मेडल पाया। सी.आई.एस.सी .ई .जोनल लेवल ताइक्कांडो, अंडर 14 और अंडर 17 गर्ल्स और बोय्स कंपटीशन में, जो इसी ब्रांच में आयोजित की गई थी, इसमें भी विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया।सी.आई.एस.सी .ई .जोनल लेवल कैरम कंपटीशन में भी विद्यालय की छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।मेजर ध्यानचंद की स्मृति में लालपुर स्टेडियम में आयोजित जैवलिन थ्रो कंपटीशन अंडर 14 और अंडर 19 में वेदिका गुप्ता ने सिल्वर मेडल व आयुषी अवस्थी ने ब्रांज मेडल पाया।जिला के चेस क्लब,खीरी द्वारा आयोजित डी.सी.सी.के टूर्नामेंट मे अंडर 14 मे (कक्षा 9) के छात्र नीलनंदन ने तथा अंडर 10 में सुयश शुक्ला,( कक्षा 4) ने प्रथम स्थान पाया।विद्यालय में समय-समय पर अनेक पाठय सहगामी,शैक्षिक क्रियाकलापों व प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। बच्चों में छिपी हुई प्रतिभा को उभारने एवं उन्हें निखारने का सार्थक प्रयास भी किया जाता है।

### खेत में मिला बच्ची का शव, अभी तक पुलिस के हाथ खाली, परिवार ने अंतिम संस्कार करने से किया मना

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। थाना तिकुनिया इलाके में गुड़िया के साथ हुई हैवानियत की कहानी उसके शरीर पर आई चोटें बता रही हैं। पुलिस की पूरे मामले पर लापरवाही नजर आई है। पिता ने अपनी बेटी के गुम होने की सूचना पुलिस को दे दी। मगर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज करने के बाद उसकी बेटी की तलाश नहीं की। पिता का आरोप है कि अगर समय रहते पुलिस ने उसकी बेटी की तलाश शुरू कर दी होती तो उसकी बेटी की मौत ना होती। खबर लिखे जाने तक परिवार ने शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया है।


## कार्यालय: ग्राम पंचायत रानीपुर कल्याणगढ़, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक: 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत रानीपुर कल्याणगढ़, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 4:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 17.10.2023 को अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 3.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत रानीपुर कल्याणगढ़ से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रानीपुर कल्याणगढ़ | SBM | ग्रा0पं0 रानीपुर कल्याणगढ़ में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |

<u>निविदा शर्तें</u> :- 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: इन्द्रजीत**
ग्राम पंचायत: रानीपुर कल्याणगढ़
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: संजय कुमार**
ग्राम पंचायत: रानीपुर कल्याणगढ़
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट


# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता कैम्प का हुआ आयोजन


* लाखों रुपये बजट का कैम्प मात्र 5 से 10 हज़ार में सिमट गया

जन एक्सप्रेस । सीतापुर



आज विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मछरेहटा में स्वास्थ्य विभाग सीतापुर द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस जागरूकता कैम्प का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय भार्गव ने किया। जिसमें जिला अस्पताल सीतापुर की मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम, एन सी डी टीम व जिला चिकित्सालय टीम, व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जिला मानसिक स्वास्थ्य विभाग की टीम व अन्य स्वास्थ्य विभाग के लोगो द्वारा कैम्प में आये हुए लोगो को मानसिक बीमारियों की पहचान एवं इससे बचाव की जानकारी देकर आये हुए लोगो को जागरूक किया। कैम्प में आशा बहुओं को भी प्रशिक्षित कर कहा गया कि अपने अपने क्षेत्रों में जाकर मानसिक स्वास्थ्य के बारे में लोगो को जागरुक करे, विश्वस्त सूत्रों की माने तो आज के इस कैम्प को कराने का बजट करीब 1 लाख रुपये के ऊपर का था, परन्तु सीतापुर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने महज 5 से 10,000 रुपये में ही कैम्प को निपटा दिया। साथ ही कैम्प में आये हुए लोगो को व जिला चिकित्सालय टीम के सदस्यों को जो लंच पैकेट के नाम पर स्नैक्स पैकेट वितरित किये गए वो बहुत ही घटिया क्वालिटी के थे, और उन पैकेट की कीमत महज 20 से 30 रुपये की ही रही होगी। यहाँ तक कि कैम्प में पानी भी लोकल ब्रांड का वितरित किया गया, जिसको पीने से आने वाले लोग तक परहेज तक कर रहे थे, यहा तक कि खुद स्वास्थ्य विभाग के लोगो को पानी पीकर मुह बनाते हुए देखा गया। सूत्रों की माने तो जो एक छोटा सा टेंट लगाया गया था कैम्प में, उस टेंट के पर्दे भी स्वास्थ्य विभाग के एक बाबू द्वारा पूर्व में ही स्वयं खरीदा गया है, जब भी जहाँ भी कैम्प होते हैं, यही टेन्ट के पर्दे लगाकर, इसके एवज में उक्त बाबू मोटी रकम विभाग से पास करा लेता है। जानकारी के अनुसार सीएमओ ऑफिस द्वारा ही कैम्प कराने की सारी व्यवस्था कराई जाती है तथा कैम्प में उपयोगी सामान लंच पैकेट आदि हर चीज़ की व्यवस्था व कैम्प का सारा खर्च सीएमओ ऑफिस के एक क्लर्क मोहम्मद जुबेर व नोडल अधिकारी डॉ नीरज गोयल द्वारा किया जाता है। सूत्रों के अनुसार नोडल अधिकारी नीरज गोयल व बाबू मोहम्मद जुबेर द्वारा लाखो रुपये का बंदरबाट किया जा रहा है। सिर्फ कागजों पर खर्चे दिखाकर लाखो रुपये के फर्जी बिलों का विभाग से भुगतान कराया जाता हैं। जो कि गम्भीर प्रकरण है, तथा इन लोगो के ऐसा करने से सरकारी योजनाओ का सही तरह से क्रियान्वयन नही हो पा रहा है, साथ ही नोडल अधिकारी व बाबू जुबेर के कृत्यों से सरकार की छवि भी धूमिल हो रही हैं। यह एक गम्भीर जांच का विषय हैं।

### स्नैक्सपैकेट वितरित किया गया



सोचने वाली बात यह है कि लाखों रुपये के कैम्प में लोकल ब्रांड का पानी, घटिया खाद्य पदार्थो युक्त मात्र 20 से 30 रुपये का लंच पैकेट की जगह स्नैक्सपैकेट वितरित किया गया, वो भी नोडल अधिकारी की मौजूदगी में। कैम्प के जिम्मेदार नोडल अधिकारी सब कुछ जानकर अनजान बने हुए हैं, कही ऐसा तो नही कि नोडल अधिकारी नीरज गोयल ही इन सबके सूत्रधार हो,या फिर कही ऐसा तो नही कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा भेजे जा रहे फंड का सीतापुर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार आपस में बन्दरबाँट कर रहे हो, तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर पलीता लगा रहे हो। अब ये तो जांच में ही पता चलेगा।

# जिलाधिकारी-एसपी व जिला पंचायत अध्यक्ष ने स्वास्थ्य कैंप का फीता काटकर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। उरई**




जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, डीएम राजेश कुमार पाण्डेय व एसपी ईरज राजा ने संयुक्त रुप से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजन मानसिक स्वास्थ्य मानव का अधिकार थीम पर जिला पुरुष चिकित्सालय में कैम्प के आयोजन का शुभारंभ किया।

इस दौरान डीएम ने कहा कि आज कल के वातावरण में स्वस्थ्य रहने के लिए जीवन शैली में सुधार करना, धूम्रपान, तम्बाकू, एल्कोहल का सेवन न करना, खान-पान सही रखना, मानसिक तनाव न लेना व सुबह कम से कम आधा घंटा टहलना अति आवश्यक है। एसपी ने कहा कि परिवार में सभी को मिलकर रहना चाहिए।

आजकल मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या के बहुत से केस आते है। परिवार में वाद-विवाद की स्थिति होने पर आपस में बात करना चाहिए, ताकि मानसिक अवसाद की स्थिति उत्पन्न न हो। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में भी मानसिक रोग से ग्रसित किसी भी व्यक्ति को नजदीकी चिकित्सालय में मानसिक रोग विशेषज्ञ को दिखाएं। किसी भी झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें। सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा ने कहा कि मानसिक रोग से ग्रसित व्यक्ति को अकेले में न रहने दें, उससे बात करें, उसकी बात सुनें जिससे वह अपनी बात कह सके। बताया कि अधिनियम 2017 के अनुपालन में जिला जज की अध्यक्षता में मानसिक स्वास्थ्य पुनर्विलोकन बोर्ड का गठन किया गया है। अगर किसी मानसिक रोगी के अधिकारों का हनन या उलंघन होता है, जिसकी बोर्ड में शिकायत होने पर बोर्ड के माध्यम से उसका निवारण किया जाता है। इस दौरान कैम्प में कुल 127 मरीजों में से डाबिटीज के कुल 49 मरीज, हाइपरटेंशन के कुल 46 मरीज, फिजीयोथैरेपी के कुल 22 मरीज, मानसिक रोग के 14 मरीज, तम्बाकू नियंत्रण के कुल 18 मरीज. ओरल हेल्थ के 21 मरीजों का उपचार व स्वास्थ्य सम्बन्धी सलाह दी गयी। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अविनेश बनौधा, जिला नोडल अधिकारी डॉ. अरविन्द भूषण, समाजसेविका शशि सोमेन्द्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# कांग्रेस पार्टी ने चलाया सदस्यता अभियान

**जन एक्सप्रेस। उरई**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर मंगलवार को उरई विधान सभा क्षेत्र के गांव हरदोई गूजर में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव नारायण मिश्रा ने किया।

इस अभियान में महिलाओं, छात्र, छात्राओं एवम ग्रामीणों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। राजीव नारायण मिश्रा ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर ये सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाया जा रहा है। जिसमें हर वर्ग के लोग उत्साह के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि पूरे जिले में अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस का सदस्य बनाया जायेगा, ताकि जन जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाया जा सके। शिविर में करीब 50 लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ली।

उन्होंने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सभी नए कांग्रेस में शामिल सदस्यों से मोबाइल फोन से वार्ता की और कहा कि आपकी हर समस्या में कांग्रेस पार्टी आपके साथ खड़ी रहेगी। इस अवसर पर अंजली वर्मा, सुहानी, नेहा, श्वेता, उमाकांत, कर्ण सिंह, राजेश मिश्रा, सौरभ वर्मा, नैंसी, साक्षी मनीष मिश्रा, विकास वर्मा, अरुण दिवाकर सिंह, श्याम बहादुर, रामरतन प्रजापति, राघवेंद्र, रामजी लाल बुधौलिया आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की सपाइयों ने मनाई पुण्यतिथि

**✻ पार्टी कार्यालय में कन्या भोज का हुआ आयोजन**

**जन एक्सप्रेस। उरई**







समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि श्रद्धा भाव से पार्टी कार्यालय में जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन महेश द्विवेदी ने किया। पुण्यतिथि के मौके पर सुबह से पार्टी कार्यालय में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद पार्टी नेताओं ने मुलायम सिंह यादव के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।वहीं नेताओं ने अपने अपने उद्बोधन में श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला और नेता जी के साथ बिताए गए अपने लम्हे याद कर नेता जी की गुणवत्ता और प्रतिबद्धता के बारे बताया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने सभी समाज धर्म संप्रदाय को एक साथ लेकर संगठन को मजबूत किया और उन्होंने बिना भेदभाव के सभी का सम्मान किया। आज ऐसे महान पुरुष हमारे बीच नहीं है उनकी पुण्यतिथि पर हम सभी लोग संकल्प लें और नेताजी के बताएं मार्ग पर चलकर पार्टी को मजबूत करें। वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र बजरिया जमालुद्दीन, दीपू त्रिपाठी, लाखन सिंह कुशवाहा, मानसिंह वर्मा, रामस्वरूप यादव, अशोक गुप्ता, रामरतन प्रजापति, महेश चंद्र विश्वकर्मा, वीरेंद्र सिंह यादव, विवेक यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख श्याम यादव, कल्लू काशी खेड़ा, दिनेश यादव जैसारी, संजू कठेरिया, संतोष (जीनू कोरी) आदि सैकड़ों पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दबंगों ने खेत पर किया कब्जा रिपोर्ट दर्ज

**जन एक्सप्रेस/उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम जायघा निवासी दिनेश कुमार पुत्र मणि सिंह ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि बुद्ध सिंह निवासी ग्राम जायघा थाना रामपुरा समेट तीन लोगों ने मिलकर उसके खेत में जबरन कब्जा किया तथा मना करने पर गाली गलौज करने लगे और जान से मारने की धमकी देने लगे। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## नलकूप ऑपरेटर ने कराई रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के नलकूप खंड द्वितीय के चालक विजय कुमार सोनी ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि अज्ञात व्यक्तियों ने राजकीय नार्कअप संख्या एक केथेरी का ट्रांसफार्मर को छेड़छाड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया है। इस पर पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल की और रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## मारपीट की रिपोर्ट दर्ज हुई

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राजेंद्र नगर स्टेशन रोड निवासी प्रमोद कुमार ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि संजय कुमार अग्रवाल पुत्र अज्ञात निवासी मोहल्ला राजेंद्र नगर ने उसके साथ गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



जिलाधिकारी मृदुल चैधरी की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना तथा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जनपद स्तरीय समिति की संयुक्त बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी की अनुमति से जिला उद्यान अधिकारी-सुरेश कुमार द्वारा उद्यान विभाग द्वारा जनपद महोबा में संचालित प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की विस्तृत जानकारी दी गई। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि पीएमकेएसवाई अन्तर्गत जनपद में ड्रिप सिंचाई तथा स्प्रिंकलर सिंचाई हेतु कुल 3008 हे0 का भौतिक लक्ष्यों का आवंटन प्राप्त हुआ है। योजना का लाभ प्रदान करने हेतु कृषकों को पोर्टल पर आनलाइन करते हुये स्वेच्छा से चयनित निर्माता फर्म के माध्यम से आवेदन फार्म कार्यालय में जमा किया जाएगा, तदोपरान्त अभिलेखीय परीक्षणोपरान्त पद्धति स्थापना के लिए आनलाइन स्वीकृति प्रदान की जाएगी। जिस पर किसान, निर्माता फर्म तथा जिला उद्यान अधिकारी के मध्य त्रिपक्षीय समझौता पर हस्ताक्षर होने के साथ कृषक द्वारा पद्धति स्थापना के सापेक्ष कृषक अंश की धनराशि आनलाइन जमा की जाएगी। तत्पश्चात कृषक प्रक्षेत्र पर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की स्थापना तथा थर्ड पार्टी सत्यापन के समय ट्रायल रन के बाद अनुदान भुगतान की प्रक्रिया पूर्ण होगी। जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि बागवानी तथा सब्जियों की खेती हेतु कृषक ड्रिप सिंचाई तथा कृषि तथा अन्य मसाला हेतु स्प्रिंकलर सिंचाई का चयन कर सकते हैं। जिलाधिकारी द्वारा उद्यान विभाग में संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की जानकारी चाही गयी, जिस पर जिला उद्यान अधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद में खाद्य पदार्थ से सम्बन्धित नवीन इकाईयों की स्थापना पर सरकार द्वारा 35 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान है। जनपद महोबा में वर्तमान में 24 नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना कराई जा चुकी है। जिलाधिकारी नें जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा किसानों को दिया जाये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम रोजगार, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप कृषि निदेशक, उपायुक्त उद्योग, एल0डी0 एम0 महोबा एवं बी0के0वर्मा प्रभारी योजना-उद्यान कार्यालय के साथ-साथ जनपद के एन0जी0ओ0 के प्रतिनिधियों तथा प्रगतिशील कृषकों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# पति व सास ससुर से पीड़ित महिला ने जान माल की सुरक्षा की एसपी से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस। महोबा**



दहेज लोभियो से प्रताड़ित महिला ने न्याय पाने के लिए पुलिस अधीक्षक श्रीमति अपर्णा गुप्ता के दरबार मे पहुँच आपबीति करूण कहानी सुनाई है। पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित महिला को न्याय दिलाने का भरोसा दिया है।

शहर के मुहल्ला भटीपुरा स्थित डिग्री कालेज के निकट निवासिनी श्रीमति प्रियंका पत्नी विपुल मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे अपनी विथा का कुछ इस तरह रो-रोकर ब्या किया हैं। श्रीमति प्रियंका मिश्रा द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिये गये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि उसके पति विपुल मिश्रा ससुर ओमप्रकाश मिश्रा रेलवे बाबू तथा सास गायत्री मिश्रा, जेठ कपिल आदि परिजनो द्वारा मायके से 20 लाख रूपये दिलाये जाने बावत घर मे बंधक बनाकर रखे हुए है। पत्र मे यह भी उल्लेख किया है कि मेरे पिता की श्राद्ध 9 अक्टूबर 2023 को हुई थी पिता की श्राद्ध मे मुझ प्रार्थियां को सम्मलित होने नही जाने दिया है।

भाईयो से 20 लाख रूपये दिलाने तथा कार्यवाही कराने पर मेरे भाईयो को जान से मारने की धमकी निरंतर दी जा रही है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र मे कहा है कि वर्ष 2019 मेरे स्वं0 पिता द्वारा विपुल मिश्रा के पुत्र ओमप्रकाश मिश्रा को 10 लाख रूपये की नगदी तथा बेशकीमती सोने चॉदी के आभूषण और दहेज का सारा सामान देकर शादी सम्पन्न कराई थी। दूसरी विदा से ही मुझ प्रार्थियां को पति सास ससुर व जेठ प्रताड़ित कर रहे है। मेरा बनाया हुआ खाना नही खाते और मुझ प्रार्थियां को भी खान पान की सामग्री उपलब्ध नही करा रहे है। मुझे व मेरी ढ़ाई वर्ष की पुत्री को एक कमरे मे बंधक बनाकर रखे हुए है। पत्र मे यह भी कहा है कि मेरे पिता की तबियत खराब हुई थी और वह प्रदेश के जनपद नोएडा के जिला चिकित्सालय मे भर्ती थे तब भी ससुरालीजनो ने पिता के घर नही जाने दिया था, कह रहे थे कि 20 लाख रूपये तेरे पिता और भाई जब तक लेकर नही आते तुझे मायके नही भेजा जायेगा। पत्र मे कहा है कि पति विपुल मिश्रा तथा ससुर ओमप्रकाश मिश्रा तथा जेठ कपिल के चाल चलन और चरित्र की जांच कराकर दण्डात्मक कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

## पूर्व सांसद राजनारायण बुधौलिया की मनाई गयी द्वितीय पुण्यतिथि


**जन एक्सप्रेस/पनवाड़ी/महोबा।** एक बार सांसद एक बार विधायक रह चुके राजनारायण उर्फ रज्जू महाराज बुंदेलखंड राजनीत के धुरंधर खिलाड़ी थे हालांकि वो लोकसभा चुनाव में कई बार हारे लेकिन हार की थकान कभी महसूस नही की कभी अवाम के साथ अपनी हार की टीस नही निकाली राजनीतिक दल में वो समाजवादी पार्टी से जब तक सांसद नही बन गए जब तक उन्हें टिकट मिलता रहा इसके बाद उन्होंने बहुजन समाज पार्टी ज्वाइन की और महोबा सदर से विधायक चुने गए। उपरोक्त विचार समाजसेवी उपेन्द्र द्विवेदी ने आज उनकी पुण्य तिथि पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि वो विचारों के पक्के नेता थे और जनप्रिय भी रहे जब वो जन प्रतिनिधि हुआ करते थे तो पार्टियां उनको अन्य जगह भी जिम्मेदारी देती थी सीट जीतने के लिए क्योकि हर राजनीतिक दल को यह जानकारी रहती थी कि वो बहुत ही लोकप्रिय एवं आमजन में पकड़ रखने वाले नेता थे। राठ निवासी लॉ की डिग्री के स्नातक थे एक नेक दिल इंसान थे राजनीतिक दल से ऊपर उठकर वो आये हुए लोगो की समस्याओं में रुचि दिखाकर उनकी मदद किया करते थे।

## स्कूल वैन की चपेट में आने से युवक घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर थाना क्षेत्र में उरई राठ मार्ग पर तेज रफ्तार स्कूली वैन ने मोहम्मदाबाद के समीप सड़क पार कर रहे युवक को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया। जहां से झांसी रेफर कर दिया। डकोर थाना क्षेत्र के ग्राम मुहम्मदाबाद निवासी विनोद कुमार 26 वर्ष एक ढाबे पर सफाई कर्मी है। जो रोज की तरह ढाबे की सफाई करने के बाद सड़क पारकर कूड़ा फेंकने जा रहा था। तभी तेज रफ्तार आ रही स्कूली बच्चों से भरी वैन ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

# युवक ने तमंचे के साथ लगाया स्टेटस

**जन एक्सप्रेस। सिरसा कलार**




थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी निवासी युवक ने अपनी फेसबुक पर तमंचा अपने सीने पर रखते स्टेटस लगाया। जिसके बाद थाना पुलिस को इसकी सूचना मिली तो पुलिस युवक की तलाश में गांव पहुंची और शुरू की। युवक के परिजनों ने पुलिस को उसके बाहर होने की जानकारी दी।

सिरसा कलार थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरी निवासी निखिल पाल पुत्र जगदीश पाल ने अपनी फेसबुक आईडी निखिल पाल टिकरी पर अपने सीने पर देसी कट्टा रखे हुए स्टेटस लगाया। इसके बाद मीडिया सेल के द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष दिनेश कुरील के निर्देश पर उपनिरीक्षक ने पुलिस बल के साथ युवक को पकड़ने के लिए उसके गांव में दबिश दी।

जब पुलिस उसके घर पर पहुंची तो युवक घर पर नहीं था। इतना ही नहीं बल्कि जब युवक से बात की गई तो उसने अपनी आईडी हैक करने की बात कहते हुए बताया कि किसी ने उसकी फेसबुक आईडी पर फोटो बनाकर स्टेटस लगा दिया है। वहीं युवक के पिता जगदीश पाल ने बताया कि निखिल नोएडा में एक कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है। फिलहाल पुलिस परे मामले की बारीकी से जांच पड़ताल करने में लगी हुई है।



# कार्यालय: ग्राम पंचायत किहुनिया, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/निविदा/2023-24 दिनांक: 09-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

एस0एल0डब्लू0एम0 के अर्न्तगत एस0बी0एम0 से ग्राम पंचायत किहुनिया, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 1:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन अपरान्ह 2:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 10.10.2023 से दिनांक 16.10.2023 को अपराहन 1.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत किहुनिया से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | किहुनिया | SBM | ग्रा0पं0 किहुनिया में आर.आर.सी. सेण्टर का निर्माण कार्य | 01 नग | 4.58 लाख | 9160.00 | 500.00 |
| 2. | किहुनिया | SBM | ग्रा0पं0 किहुनिया में बर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कार्य | 02 नग | 1.30 लाख | 2600.00 | 500.00 |
| 3. | किहुनिया | SBM | ग्रा0पं0 किहुनिया में ई-रिक्शा क्रय का कार्य | 01 नग | 1.50 लाख | 3000.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0नि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: संगीता**
ग्राम पंचायत: किहुनिया
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: वीरेन्द्र सिंह**
ग्राम पंचायत: किहुनिया
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट


# सपा का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा फतेहपुर



**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

चप्पे-चप्पे पर पुलिस फोर्स और जगह-जगह बैरिकेडिंग के बीच सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अगुवाई में मंगलवार की सुबह एक प्रतिनिधिमंडल फतेहपुर गांव पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल को बैरिया चौराहे के पास रोक दिया गया। वहां से पूर्व मंत्री के साथ 12 लोगों को फतेहपुर गांव में जाने दिया गया।

प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव के परिजनों से मुलाकात की। इसके बाद लेड़हा पहुंच कर घटना का जायजा लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही।मंगलवार की सुबह ही एसपी संकल्प शर्मा खुद मौके पर पहुंचे। उन्होंने गांव का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। दोपहर बाद सपा का प्रतिनिधिमंडल फतेहपुर पहुंचा। उसे गांव के बाहर ही रोक दिया गया। वहां से पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी के साथ 12 लोगों को गांव में जाने की अनुमति गई। प्रतिनिधि मंडल ने प्रेमचंद यादव के परिजनों से मुलाकात किया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मुस्तैद रहे। प्रतिनिधि मंडल में पूर्व मंत्री ब्रह्मा शंकर त्रिपाठी, पूर्व राज्यसभा सदस्य कनकलता सिंह, पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद रमाशंकर विद्यार्थी, पूर्व विधायक गजाला लारी, पूर्व मंत्री रामभुआल निषाद, पूर्व विधायक आशुतोष उपाध्याय, पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद, पूर्व प्रत्याशी मुरली जायसवाल, अजय प्रताप सिंह, डबलू मणि त्रिपाठी व सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव शामिल थे।

## फतेहपुर ग्राम पंचायत में धारा 144 लागू

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** अपर जिला मजिस्ट्रेट गौरव श्रीवास्तव ने बताया कि दिनांक 02/10/2023 को जनपद देवरिया के तहसील व थाना- रूद्रपुर क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम-फतेहपुर में घटित घटना के दृष्टिगत ग्राम फतेहपुर में विभिन्न संगठनों, राजनैतिक दलों व जनसमूहों द्वारा उक्त ग्राम-फतेहपुर के क्षेत्र में उपस्थित होकर विभिन्न प्रकार के धरना-प्रदर्शन, जुलूस आदि कार्यक्रम किये जाने के कारण कानून एवं शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका उत्पन्न हो रही है। उक्त आशंका के दृष्टिगत तहसील व थाना-रूद्रपुर के राजस्व ग्राम - फतेहपुर की सीमा में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाना नितान्त आवश्यक है। उन्होंने बताया कि दं0प्र0सं0-1973 की धारा 144 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए दिनांक 09.10. 2023 से 08.11.2023 तक की अवधि के लिए निम्नलिखित आदेश पारित किया गया हैं, जो ग्राम पंचायत-फतेहपुर, तहसील व थाना- रूद्रपुर की सीमा के लिए प्रभावी रहेगा।

## न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

**जन एक्सप्रेस/भटनी / देवरिया।** न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन व्यायाम शिक्षक रामदरश यादव की देख-रेख में आयोजित किया गया। इस अवसर पर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ न्याय पंचायत धनौती में प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एशोशिएशन के जिला संयुक्त मंत्री छेदीलाल यादव तथा प्राथमिक शिक्षक संघ भटनी के ब्लॉक मंत्री रामनिवास यादव ने कराया। कबड्डी प्रतियोगिता में संविलियन विद्यालय नूनखार के बालक पूर्व माध्यमिक विद्यालय मंगराइच के छात्रों को हराकर विजई हुए बालिका वर्ग में संविलियन विद्यालय नूनखार की बालिकाएं विजयी रही। वहीं दूसरी तरफ न्याय पंचायत भरहेचौरा में कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर की बच्चियों ने बाजी मारी तथा बालक वर्ग में कुमौटा के बच्चे विजयी रहे दौड़ प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर के बच्चों ने अपना दबदबा कायम रखा 50 मीटर के दौर में अनामिका प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर की प्रथम स्थान पर रही तो 50 मीटर के बालक वर्ग दौड़ में अनूप ने प्रथम स्थान बनाया वहीं 100 मीटर के दौड़ में भी प्राथमिक विद्यालय बेहराडावर के अनूप प्रथम स्थान पर रहे तो 100 मीटर की बालिका वर्ग के दौड़ में प्राथमिक विद्यालय बेहरा डाबर की अनामिका द्वितीय स्थान पर रही।

# केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हमेशा तैयार : डा संजीव बालियान

**जन एक्सप्रेस। मिल्कीपुर/अयोध्या**



केंद्र सरकार बकरी पालन, सूअर पालन तथा अन्य व्यापार के लिए किसानों को 50 प्रतिशत तक सब्सिडी दे रही है जिससे कि पशुपालकों को आर्थिक परेशानी न झेलनी पड़े। केंद्र सरकार किसानों की मदद के लिए हर स्तर पर साथ खड़ी है। अयोध्या के प्रगतिशील किसानों ने कई क्षेत्रों में बड़े-बड़े मुकाम हासिल किए हैं जो गर्व की बात है। युवा अब सरकारी नौकरी को दिमाग से निकालकर व्यापार की तरफ कदम बढ़ा रहे हैं।

युवाओं को सरकारी नौकरी तक ही सीमित नहीं रहना होगा बल्कि दूसरों को रोजगार देने के लिए कार्य करना होगा। यह बातें पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य केंद्रीय राज्यमंत्री डा. संजीव बालियान ने किसान मेले बतौर मुख्य अतिथि कही। वे कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राज्यस्तरीय विराट किसान मेला एवं कृषि प्रदर्शनी में किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्राकृतिक खेती पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय बड़े पैमाने पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती पर कार्य कर रहा है जो सराहनीय है। मंत्री ने कहा कि आने वाला समय प्राकृतिक खेती और मोटे अनाज का है। किसानों को व्यापक स्तर पर मोटे अनाज की खेती करने की जरूरत है। पत्रकारों के सवाल पर मंत्री ने कहा कहा कि विवि के केंद्र सरकार का दर्जा दिलाने के लिए प्रयास किया जाएगा और केंद्र स्तर पर जो भी सुविधाएं होंगी विश्वविद्यालय को मुहैया करवाई जाएगी।

मंत्री बालियान विवि में हो रही मिश्री की खेती की जमकर सराहना की साथ ही कहा कि आईबीएफ सेंटर पर हरियाणा-पंजाब की तर्ज पर गायें देखने को मिलेगी और इसके लिए केंद्र सरकार विवि के साथ खड़ा है। विशिष्ठ अतिथि के तौर पर मौजूद उपकार के महानिदेशक डा. संजय सिंह ने कहा कि विवि में विकसित की गई धान की प्रजाति सरयू-52 विश्व स्तर पर प्रचलित है और गुणवत्ता के कारण इसे विदेशों तक निर्यात किया जाता है। विवि ने सब्जी व फल के क्षेत्र कई बड़े मुकाम को हासिल किया है जो गर्व की बात है। डा. संजय ने किसानों से अपील किया वे अपने खेतों में कोदो और सावा की खेती करें इस पर सरकार की ओर से उचित मूल्य भी निर्धारित है। उन्होंने कहा कि किसान मेले का मुख्य उद्देश्य जागरुकता है। किसानों को सरकार की सभी योनजाओं का लाभ उठाना चाहिए। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने कहा कि सरकार की योजनाओं से किसानों को मजबूती मिल रही है। शिक्षा व शोध के क्षेत्र में सरकार ने बड़े स्तर पर कार्य किए हैं और इसमें अयोध्या जिला सबसे आगे है। विधायक ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकारे किसानों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने लिए साथ खड़ी है। इस मौके पर कुलपति ने कहा कि विवि विश्व के पटल पर तेजी के साथ अपनी पहचान बनाने की ओर अबसर है। विवि ने राष्ट्रीय स्तर पर कई सम्मान हासिल किया जो पूरे विवि के लिए गर्व की बाल है। इस मौके पर कुलपति ने विवि की कई उपलब्धियों से सभी को अवगत कराया।

इस मौके पर 25 प्रगतिशील किसानों व शिक्षक डा. सुप्रिया, डा. विभा यादव व डा. विजय लक्ष्मी राय को तो मंत्री ने सम्मानित किया। किसानों की ओर से सब्जी प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यअतिथि ने फीता काटकर एवं जल भरो कार्यक्रम के साथ की। कार्यक्रम से पूर्व मात्र ने बकरा बाड़ा एवं योग व ध्यान केंद्र का लोकार्पण किया। किसान मेले में कुल 55 स्टाल लगाए गए थे। किसान मेला अपर निदेशक प्रसार डा. आर. आर सिंह के संयोजन में हुआ तथा संचालन डा. सीताराम मिश्रा ने किया।

# कलेक्शन एजेंट से 1 लाख 75 हजार रूपए लूट का हुआ खुलासा, तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**




रूदौली कोतवाली पुलिस ने आपरेशन दृष्टि के तहत स्थापित कैमरे के सीसीटीवी फुटेज की मदद से लूट की घटना का पर्दाफाश कर तीन नफर अभियुक्तों को लूट के रूपये सहित दो अदद तमंचा व चार अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी रूदौली सत्येन्द्र भूषण तिवारी ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व में रूदौली पुलिस द्वारा पटरंगा पुलिस के सहयोग व ऑपरेशन दृष्टि के तहत स्थापित कैमरे के सीसीटीवी फुटेज की मदद से कोतवाली क्षेत्र रूदौली में रौजागांव अलियाबाद रोड पर रौजांगाव के पास बाईक सवार युवकों द्वारा की गयी एक लाख पचहत्तर हजार दो सौ दस रूपये लूट के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर पंजीकृत पर मु0अ0सं0 516/2023 धारा 392 से सम्बन्धित तीन नफर अभियुक्त अंकित यादव पुत्र अमर बहादुर यादव निवासी डिहवा जासरपुर मोतीगंज थाना बीकापुर व अखिल प्रकाश मिश्रा पुत्र दान बहादुर मिश्रा निवासी कृष्णा नगर मलेथू बुजुर्ग थाना इनायतनगर व बृजेश कुमार पाल पुत्र रामतीरथ पाल निवासी कृष्णानगर मलेथू बुजुर्ग थाना इनायतनगर को मड़हा पुल के पास से लूटे गये शत प्रतिशत रूपये बरामदगी करते हुए घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल नं0 यूपी 42ए डब्लू 5755 स्पेलेण्डर प्लस, एक अदद पिट्ठू बैग, एक अदद कैंची, 04 अदद मोबाईल, घटना के समय पहने हुए कपड़े, जूता चप्पल, एक अदद हेलमेट व 01 अदद तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर अभियुक्तगण के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 519/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेजा।

# अयोध्या में 70 एकड़ में पार्किंग स्थल का योगी सरकार कराएगी निर्माण

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

रामनगरी अयोध्या में जैसे-जैसे राम मंदिर निर्माण तेजी पर है और 22 जनवरी को मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम तय किया गया है। ऐसे में अयोध्या में देश के कोने-कोने से आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। जिला प्रशासन की मानें तो प्रतिदिन लगभग 50,000 श्रद्धालु अयोध्या में राम मंदिर का दर्शन करने के लिए आ रहे हैं। श्रद्धालुओं की लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए योगी सरकार का ध्यान अब अयोध्या में आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों की पार्किंग की ओर है। इसके लिए प्रदेश सरकार के निर्देश पर प्रशासन ने 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनाने का निर्णय लिया है।

*** ट्रैफिक की समस्या से मिलेगी निजात, आसानी से श्रद्धालु पहुंच सकेंगे श्रीराम मंदिर**

परंपरागत रूप से पार्किंग स्थल के अलावा 70 एकड़ जमीन पर पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी। गुप्तार घाट के पास 10 एकड़ जमीन पर, उदया स्कूल के पास 35 एकड़ जमीन पर व प्रहलाद घाट के पास 25 एकड़ जमीन पर पार्किंग बनायी जाएगी। डीएम नीतीश कुमार ने बताया कि शहर में पांच रेलवे ओवरब्रिज ओवर ब्रिज बन रहे हैं। मार्च तक सभी पांच रेलवे ब्रिज तैयार हो जाएंगे। इनके बन जाने के बाद ट्रैफिक की समस्या से नगर वासियों को निजात मिल जाएगी। श्रद्धालु आसानी से राम मंदिर तक पहुंच सकेंगे। अयोध्या नगर में जाम की समस्या भी समाप्त हो जाएगी।

योगी सरकार के निर्देश पर डीएम नितीश कुमार ने अयोध्या विकास प्राधिकरण को वाहन पार्किंग के लिए भूमि की तलाश करने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। प्राधिकरण के सचिव सत्येन्द्र सिंह ने बताया कि वाहन पार्किंग के लिए भूमि की तलाश की जा रही है। भूमि मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। भूमि मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

राष्ट्रीय कला मंच अवध प्रांत अयोध्या महानगर द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला मंच भित्ति चित्रण शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम साकेत महाविद्यालय के जेपीएन सभागार में संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ श्री राम बल्लभाकुंज जानकी घाट के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास अयोध्या महानगर के प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय अवध प्रांत की प्रांत अध्यक्ष सुश्री नीतू सिंह राष्ट्रीय कला मंच की राष्ट्रीय संयोजक गुंजन ठाकुर राष्ट्रीय कला मंच की प्रांत सह प्रमुख सुनीता शर्मा कार्यक्रम संयोजक शिवम मिश्रा ने मां सरस्वती युवाओ के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पआर्चन कर किया।



कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए राष्ट्रीय कला मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अभिनवदीप ने कहा कि राष्ट्रीय कला मंच ने कलाकारों को उनके अभिव्यक्ति के माध्यम के रूप में प्रदर्शित किया है राष्ट्र रंग कार्यक्रम का पहला संस्करण जो ककोरी के दसगोई ग्राम में आयोजित हुआ था सामाजिक संदर्भों का भित्ति चित्रण करके काकोरी के दसगोई गांव में जन जागरण किया गया था राष्ट्र रंग का दूसरा संस्करण जो अयोध्या में 10 से 12 अक्टूबर तक विद्याकुंड वार्ड में आयोजित हो रहा है उसमें पूरे प्रदेश के 20 निपुण कलाकारों के निर्देशन में 100 से अधिक प्रतिभागी विद्यार्थी कलाकार दीवारों पर रामायण कालीन संदर्भों व सामाजिक संदर्भों पर आधारित चित्रण करेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो नीतू सिंह ने कहा कि भारत की लोक कला व लोक संस्कृति के बारे में बहुत व्यापक महत्व है भारत की लोक कला भारत के भाव पक्ष को समाज के सामने प्रस्तुत करती है भारत में गुफा आर्ट वित्तीय आर्ट व प्राचीन संदर्भों से लेकर आधुनिक संदर्भों तक ग्रामीण परिवेश में वह जनजाति संस्कृति में उनके बचपन से ही सीखे जाने वाली कलाएं आज समाज के सामने एक नया मानक गढ़ रहे हैं भारत में कला वा संस्कृति का अटूट संबंध रहा है। विशिष्ट अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि विद्या कुंड वह क्षेत्र है जहां पर भगवान राम ने अपने गुरु वशिष्ठ से विद्यार्जन किया था उसे वार्ड को चुनकर राष्ट्रीय कला मंच ने वास्तव में ही ऐसे कलाकारों के प्रतिभा प्रदर्शन का एक अच्छा स्थान चुना है निश्चित ही उनके इस प्रतिभा प्रदर्शन के माध्यम से उनकी कला में निपुणता आएगी वह विद्या कुंड वार्ड के निवासियों को रामायण कालीन संदर्भों के अनेक आप्रकट प्रसंग के बारे में जानकारी भी प्राप्त हो सकेगी मुख्य अतिथि श्री राम बल्लभ कुंज के अधिकारी पूज्य राजकुमार दास ने कहा कि रामनगरी एक ऐसा केंद्र है जहां से प्रकट हुआ संदेश पूरे विश्व में एक नई दिशा देता है राष्ट्र रंग का यह कार्यक्रम जो अयोध्या में आयोजित हो रहा है इससे निश्चित ही अयोध्या के निवासियों के सहयोग से वह आमंत्रित कलाकारों के कुशल कल के माध्यम से नई दिशा प्राप्त करेगा।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच में लैवेंडर हाउस हुई विजयी

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को खेले गए इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच में लैवेंडर हाउस में धमाकेदार जीत दर्ज की।

जानकारी के अनुसार 10 अक्टूबर को सेंट जेवियर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के आरंभ में प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंध समिति के निदेशक सुयश कुमार एवं प्रधानाचार्य आसिम रूमी जी ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता की शुरुआत की औपचारिक घोषणा की। विद्यालय अध्यापक विजय कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय अध्यापक अमन जायसवाल ने मैच में कमेंटेटर की भूमिका अदा की। निदेशक सुयश कुमार सर ने ट्यूलिप हाउस के कप्तान उज्जवल एवं लिली हाउस के कप्तान विनायक के साथ खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया। इसी क्रम में विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने लैवेंडर टीम के कप्तान सिद्धांत एवं ऑर्किड टीम के कप्तान अशरफ के साथ खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में लईक अंसारी एवं बिजॉय सेनापति ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सेमी फाइनल के प्रथम मैच लैवेंडर एवं ट्यूलिप हाउस के मध्य खेला गया जिसे लैवेंडर ने 25-23, 25-15 के साथ जीत लिया। जबकि सांस रोक देने वाले सेमीफाइनल के द्वितीय मैच में लिली हाउस ने ऑर्किड हाउस के साथ मैच खेला जिसमें ऑर्किड हाउस 25 -23, 24-25,15-9 से विजई हुई।

प्रतियोगिता के फाइनल में लैवेंडर हाउस ने ऑर्किड हाउस को 25-21, 25-15 के साथ हराकर टूर्नामेंट जीता लैवेंडर हाउस विजेता एवं ऑर्किड हाउस उपविजेता रहा। प्रतियोगिता में स्कोरिंग का कार्य यशी सिंह, उम्मे हानिज़, शगुन पांडे और ऋषिका तिवारी ने किया। विजेता एवं उपविजेता टीम को विद्यालय प्रबंध निदेशक सुयश कुमार की ओर से बधाइयां दी गई। विजेता एवं विजेता टीम को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार दिखे सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य आसिम रूमी ने कहा कि खेल हमारे जीवन को एक नया आयाम प्रदान करते हैं विद्यार्थियों के जीवन के सर्वांगीण विकास में खेल का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विद्यालय समन्वयक राजेश जायसवाल एवं आफक हुसैन के साथ-साथ विजय कुमार वर्मा, अमन जायसवाल, लईक अंसारी, बिजोय सेनापति, श्रीमांता घोराइ का विशेष योगदान रहा।

## मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम निर्धारित

**जन एक्सप्रेस/बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र ने बताया कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन 27 अक्टूबर को होगा तथा 27 अक्टूबर से 9 दिसम्बर तक दावे तथा आपत्तियां प्राप्त की जायेगी। श्री मिश्र ने बताया कि दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने हेतु 04, 05, 25 व 26 नवम्बर तथा 02 व 03 दिसम्बर 2023 छः विशेष अभियान तिथियां होंगी। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन 05 जनवरी 2024 को किया जायेगा।

# राज्य सूचना आयुक्त ने अधिकारियों को बताई आरटीआई की बारीकियां



**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

मंगलवार को राज्य सूचना आयुक्त सुभाष चंद्र सिंह जनपद बलरामपुर के एकदिवसीय दौरे पर पहुंचे। अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट सभागार में आरटीआई के नियमों की विस्तृत जानकारी जनपद स्तरीय अधिकारी तथा जन सूचना अधिकारियों को दी।

उन्होंने बताया कि जन सूचना अधिकारी के द्वारा आरटीआई के तहत मांगी गई सूचना 30 दिन के भीतर देना अनिवार्य है। यदि सूचना देने के लिए सूचना का सृजन करना पड़ रहा है तो 45 दिन के भीतर सूचना उपलब्ध कराई जा सकती है। उन्होंने कहा कि यदि जन सूचना अधिकारी द्वारा 45 दिन से ज्यादा समय व्यतीत हो जाने पर आरटीआई का जवाब नहीं दिया जाता है तो आयोग द्वारा अर्थदंड का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारियों आरटीआई के तहत मांगे गई सूचना को छिपाए नहीं बल्कि बारीकियां जानते हुए उसका जवाब दें।

राज्य सूचना आयुक्त ने मांगी गई सूचना का ट्रांसफर किए जाने की बारीकियां के बारे में बताया। इस दौरान उन्होंने जन सूचना अधिकारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक डीआर डीए सीपी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक, समस्त एसडीएम, सीओ वह जनपद स्तरीय अधिकारी /जन सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

# 'आओ इतिहास लिखें प्रतियोगिता' में जुटे छात्र-छात्राएं



**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

किसान पी.जी. कॉलेज ऑटोनोमस संस्था के सेंटर फॉर हिस्टॉरिकल स्टडीज द्वारा **आओ इतिहास लिखें प्रतियोगिता** का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में एम ए प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सेंटर के प्रभारी डॉ. सत्यभूषण सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को स्वदेशी आंदोलन, पंथनिरपेक्षता, फ्रांसीसी क्रांति के कारण, दीन ए इलाही, तैमूर का आक्रमण, भारतीय स्वराज्य में महिलाओं की भूमिका, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, पुनर्जागरण, बलबन का राजत्व सिद्धांत, अलाई दरवाजा, ब्रह्मसमाज, दीन ए इलाही जैसे विषयों पर निश्चित शब्द सीमा में लिखने को दिया गया था। इस प्रतियोगिता का मध्यकालीन इतिहास विभाग के प्रभारी डॉ.तबरेज अनीस और राजनीति शास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ.अंबुज मिश्र, प्राचीन इतिहास विभाग के प्रभारी श्रेयात तथा शैलेंद्र प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। प्रतियोगिता के आयोजन में मध्यकालीन इतिहास विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर धर्मवीर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा

**जन एक्सप्रेस। बहराइच**

श्री मॉ दुर्गापूजा (नवरात्रि) तथा विजय दशमी (दशहरा) पर्व को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को देर शाम जिला शान्ति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने जनपदवासियों से अपील की कि सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को मनायें तथा शान्ति व्यवस्था के सम्बन्ध में यदि कहीं से कोई भी सूचना प्राप्त हो तो उसे तत्काल जिम्मेदार अधिकारियों के संज्ञान में अवश्य लायें। जिले में विगत त्यौहार शान्तिपूर्ण ढ़ंग से सम्पन्न होने पर डीएम व एसपी ने सभी सम्बन्धित को बधाई दी।

डीएम व एसपी ने कहा कि जिले के अम्नो-अमान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा है। माहौल खराब करने की कोशिश करने वालों से पूरी सख्ती के साथ निपटा जायेगा। डीएम व एसपी ने कहा कि उन्हें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि सभी के सहयोग से पूर्व की भांति आगामी त्यौहार भी सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न होंगे। दुर्गा पूजा आयोजकों, राम लीला समितियों के पदाधिकारियों, जिले के संभ्रान्त नागरिकों से डीएम एसपी ने अपील की कि त्यौहारों के दौरान ऐसा आचरण रखें जिससे किसी दूसरे व्यक्ति को कोई आपत्ति न हो। जुलूसों के दौरान ध्वनिविस्तारक यंत्रों का स्वर उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार रखा जाय। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने कहा कि त्यौहारों के दौरान गुड पुलिसिंग व्यवस्था रहेगी। एसपी ने पूजा पण्डालों में सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का सुझाव देते हुए कहा कि पीस कमेटी की बैठक में हुए निर्णयों से आमजन को भी अवगत कराया जाय। लोगों को यह भी सुझाव दिया गया कि त्यौहारों के दौरान अफवाहों पर कतई ध्यान न दें।



बैठक के दौरान दुर्गा पूजा महासमिति के अध्यक्ष राघवेन्द्र प्रताप सिंह, महामंत्री सुदामा प्रसाद मिश्रा, पूर्व प्रमुख मुन्ना सिंह, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खां, परशुराम कुशवाहा, मनोज गुप्ता, इनायत उल्लह कासमी, हरिश्चन्द्र गुप्ता, रूमी मियां, बृजमोहन मातनहेलिया, कुलभूषण अरोड़ा, डॉ. मोहम्मद आलम सरहदी, ज़फरउल्लह खां उर्फ बन्टी सहित अन्य वक्ताओं द्वारा बिजली, पानी, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जुलूस मार्गों के आवश्यक मरम्मत आदि के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। जबकि उप जिलाधिकारी नानपारा अजित परेश, पयागपुर के दिनेश कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी महसी जे.पी. त्रिपाठी, कैसरगंज के कमलेश कुमार सिंह व अन्य अधिकारियों से तहसील अन्तर्गत की गई तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की।

बैठक का संचालन पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व मुख्य राजस्व अधिकारी अवधेश कुमार मिश्र द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, उप जिलाधिकारी सदर डॉ. पूजा यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एस.के. सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूजा चौधरी, अधि.अभि. विद्युत शैलेन्द्र कुमार, कृष्ण कुमार व सौरभ निगम, ई.ओ. प्रमिता सिंह सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन मौजूद रहे।

G20
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 31.10.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नही किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 12102023 दिनांक 09.10.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 1. 25/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24, 2. 26/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24 3. 27/ Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** 1. अयोध्या कैंट स्टेशन पर मौजूदा स्टेशन भवन और सर्कुरेटिंग एरिया में सुधार। 2. नजूल भूमि के क्षेत्र सहित मौजूदा स्टेशन भवन और सर्कुलेटिंग क्षेत्र मे सुधार और अयोध्या स्टेशन पर अतिरिक्त भीड को पूरा करने के लिए टिकट काउंटर, स्टेशन के प्रवेश द्वार और यातायात परिसंचरण के लिए अस्थायी बैरिकेडिंग में सुधार और क्षमता वृद्धि। 3. अतिरिक्त भीड को कम करने के लिए जल निकासी, जल आपूर्ति और अन्य संबद्ध कार्यों में सुधार सहित यात्री सुविधाओं की क्षमता में वृद्धि और अयोध्या स्टेशन पर अतिरिक्त भीड़ को पूरा करने के लिए टॉयलेट ब्लॉक, वॉटर बूथ आदि सहित यात्रियों के लिए होल्डिंग क्षेत्र के लिए अस्थायी शेड का प्रावधान। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** 1. रु. 2,11,37,820.85, 2. रु. 3,58,45,744.22, 3. रु. 3,96,03,897.76 |
| 5 | **धरोहर राशि :** 1. रु. 2,55,700.00, 2. रु. 3,29,200.00, 3. रु. 3,48,000.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि : क्र.सं. 1 से 3 तक लिये :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 17.10.2023 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 31.10.2023, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

**नोटः-** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3132/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मचारी, सीएमओ ने संभाला मोर्चा



* आनन फानन में पीएचसी-सीएचसी से बुलाए डाक्टर

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

मंगलवार सुबह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का दृश्य किसी चिकित्सकीय त्रासदी से कम नहीं था। रोगी टकटकी लगाए इलाज की उम्मीद भरी आंखें लिए धरने पर बैठे स्वास्थ्य कर्मियों की ओर देखते रहे, तो वहीं दूसरी ओर वेतन की मांग को लेकर कर्मचारियों की नारेबाजी उफान पर थी। कोई गर्भवती अपने पेट मे बच्चे को लिए डॉक्टरों का इंतजार करती दिखाई दी, तो वहीं कोई पिता अपने बेटे को गोद में लिए उसके इलाज की गुहार लगाता रहा। करीब एक हजार रोगी अस्पताल के बाहर स्वास्थ्य सुविधाएं न मिलने से बेहाल रहा, तो वहीं हड़ताल खत्म कराने में आला अधिकारियों के पसीने छूट गए। रोगियों की पीड़ा को लेकर सीएमओ डा.आलोक कुमार ने आनन फानन में मेडिकल इमरजेंसी की तरह मोर्चा 2 संभाला। एक ओर धरना स्थल पर कर्मचारियों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, तो वहीं दूसरी ओर सीएमओ अधीन सीएचसी-पीएचसी पर तैनात चिकित्सकों को बुलाकर ओपीडी शुरू कराई। सीएमओ ने एमओआईसी ललौरीखेड़ा डा. कमलेश गंगवार, उप क्षय रोग अधिकारी डा. पारुल मित्तल, आयुष चिकित्साधिकारी डा.ओपी मौर्या व अर्बन मेडिकल टीम को अस्पताल में बैठाया व मरीजों का इलाज शुरू कराया। हालांकि रोगियों की भीड़ को देखते हुए व्यवस्था संभलने में समय लगा।

### सीएमओ ने प्रमुख सचिव से की वार्ता

सीएमओ डा. आलोक कुमार ने कहा कि कर्मचारियों की समस्या पर विभागीय उच्चाधिकारियों से वार्ता हुई है। प्रमुख सचिव को पूरी समस्या से अवगत कराया गया है। शासन पूरी तरह गंभीर है। कर्मचारियों को वेतन दिलाने की जिम्मेदारी मेरी है, इसका लिखित आश्वासन दिया है। स्वास्थ्य सेवाएं बाधित करना ठीक नहीं है।

### डीएम ने आपदा कोष से भेजा वेतन का बजट

नोडल प्राचार्य डा. संजीव सक्सेना ने बताया कि जिलाधिकारी ने कर्मचारियों की समस्या को देखते हुए सोमवार शाम को ही आपदा कोष से वेतन के लिए बजट भेज दिया है। इसकी सूचना देने के लिए कर्मचारियों को बुलाया गया था लेकिन वे लोग नहीं आ पाए। सुबह धरनास्थल पर आकर भी कर्मचारियों को यही बात समझाई गई।

## स्वास्थ्य शिविर में पांच मरीजों की डेंगू जांच एक पाजिटिव

* भगवंतापुर में लगा स्वास्थ्य शिविर,157 मरीजों को बांटी दवा
* सप्ताहभर में बुखार से दो लोगों की मौत के बाद हरकत में आया स्वास्थ्य विभाग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**पूरनपुर।** गांव भगवंतापुर में घर-घर लोग बुखार की चपेट में चल रहे हैं। सप्ताहभर में दो लोगों की मौत बुखार से हो चुकी है। हरकत में आए स्वास्थ्य महकमा में मंगलवार को गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया। इसमें दवा लेने को बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। पांच मरीजों की डेंगू जांच की गई जिनमें एक मरीज की रिपोर्ट पाजीटिव आई। कैंप में पहुंचे सभी मरीजों को दवा वितरित की गई।

पूरनपुर और तहसील क्षेत्र में सामान्य बीमारियों के साथ संक्रामक रोग तेजी से पैर पसार रहे हैं। पूरनपुर के गांव भगवंतापुर में तो बुखार ने घर-घर लोगों को चपेट में ले रखा है। दो अक्टूबर को गांव के विजयपाल के 12 वर्षीय बेटे सिद्धार्थ और आठ अक्टूबर को 45 वर्षीय धर्म सिंह की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। दोनों बुखार की चपेट में चल रहे थे। गांव में सप्ताहभर में दो लोगों की मौत से लोगों में बुखार की दहशत फैल गई। स्वास्थ्य महकमा में भी खलबली मच गई। मंगलवार को गांव में स्वास्थ्य शिविर लगवाया गया। इसमें महिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट सुशांत हलधर ने टीम के साथ मरीजों का परीक्षण कर दवा बांटी। उन्होंने बताया कि शिविर में 157 मरीज पहुंचे। इनमें अधिकांश खांसी, बुखार, पेट दर्द, सिरदर्द के मरीज थे। डेंगू के लिए पांच मरीजों का सैंपल लिया गया। जांच रिपोर्ट में एक मरीज पाजिटिव पाया गया। मृतक धर्म सिंह के घर के सभी सदस्यों की भी जांच की गई। ग्रामीणों को साफ-सफाई रखने और स्वास्थ्य खराब होने पर तत्काल दवा लेने के लिए प्रेरित किया गया। एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार ने गांव में शिविर लगवाकर दवा का वितरण कराया गया हैं।

## मानसिक रोगों से न घबराएं, आगे बढ़कर इलाज कराएं

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई एवं मानसिक स्वास्थ्य पर पोस्टर, कविता, स्लोगन, भाषण आदि प्रस्तुत किए गए। मानसिक स्वास्थ्य परामर्श से उपचारित लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए। सीएमओ डा. आलोक कुमार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य की उपयोगिता के विषय में विस्तार से बताया गया। नोडल अधिकारी डा. छत्रपाल के द्वारा मानसिक रोग से ग्रसित रोगियों को स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के मन कक्ष में जाकर परामर्श लेने हेतु प्ररित किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरिदत्त नेमी ने टेलीमानस सेवा हेल्पलाइन नंबर 14416 के विषय में विस्तार से समझाया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें डा.चन्दन कुमार, फार्मासिस्ट अमरेश कुमार एवं स्टाफ नर्स अजय कुमार राठौर द्वारा उपचार एवं दवाईयों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं एवं चिकित्सीय टीम तथा समस्त सहयोगियों को स्मृति चिन्ह एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र अस्थाना एवं मानसिक रोग परामर्शदाता पल्लवी सक्सेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मो.नाजिर, परिवार नियोजन प्रबंधक अमित शर्मा, आरकेएसके सलाहकार अबसार अहमद, डीईआईसी प्रबन्धक मो. जुबैर, हेल्प डेस्क मैनेजर राजेश कुमार आदि अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सरस्वती वंदना यशिता, स्वागत गान रोहित, मानसिक स्वास्थ्य पोस्टर व भाषण में दीपमाला, सुजाता, देव, जतिन, जैनेंद्र, एकता ने सहभागिता की।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बच्चों को जिला जज ने ट्राफी देकर किया सम्मानित



**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जौनपुर द्वारा स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित जनपद के सभी ब्लाकों से विद्यालय वार निबंध लेख एवम चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। उसके बाद ब्लाक से चयन करके उत्तीर्ण बच्चों को जिले पंर भेजा गया। इसके बाद जिला स्तर पर ब्लाक जलालपुर कम्पोजिट विद्यालय दूबेपुर निबंध में स्नेहा गोंड द्वितीय स्थान ,यूपीएस नाहर पट्टी से रिया मौर्या द्वितीय स्थान और चित्रकला में कम्पोजिट विद्यालय त्रिलोचन बड़ागांव से रिमझिम द्वितीय स्थान, चित्रकला में प्राथमिक विद्यालय असबरनपुर से प्रतीक्षा पासी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विकास खंड जलालपुर एवम जनपद का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को दिवानी न्यायालय के सभागार में मंगलवार को सिविल जज जौनपुर ज्योति अग्रवाल ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बीएसए गोरखनाथ पटेल के अलावा राम उजागिर यादव , अनिल कुमार , मोहम्मद इमरान और सँजू चौधरी मौजूद रही।

### युवक ने फांसी पर लटक दी अपनी जान

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के भदेवरा गांव अनुसूचित बस्ती में एक युवक ने सोमवार की देर शाम घर के अंदर खुद को फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी रही। विपिन 25 पुत्र जयनाथ शाम लगभग 8 बजे घर के अंदर किसी कार्यवश गया था। उसके स्वजन घर के बाहर बैठकर आपस में बातें कर रहे थे। जब काफी देर तक विपिन घर से बाहर वापस नहीं आया तो वह स्वजनों ने उसे बाहर आने के लिए आवाज लगाई। जब कोई जवाब नही मिला तो स्वजनों को अनहोनी की शंका हुई। जब घर में जाकर देखा तो विपिन छत में लगे कुंड के सहारे फांसी पर लटक रहा था। आनन फानन में स्वजन उसे उतार कर एक निजी चिकित्सक के यहां ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसी बीच घटना की सूचना किसी ने गौराबादशाहपुर पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया तथा छानबीन में जुटी रही।

### पितृ विसर्जन के अवकाश को बहाल करने की उठी मांग

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** हिन्दुओं की आस्था और विश्वास का पर्व पितृ विसर्जन के दिन शिक्षकों के संगठन ने अवकाश किए जाने की मांग उठाई है ।जिसका शिक्षकों ने पुरजोर समर्थन किया है। गौरतलब हो कि उक्त के विषय में उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय अध्यक्ष योगेश त्यागी ने इस आशय में एक पत्र जारी कर सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज से अवकाश किए जाने की मांग उठाई है ।उनका कहना है कि इस दिन सभी हिन्दू भूलोक से अपने पितरों को पिण्डदान आदि करके विदाई देते हैं और इस कार्य में दो से तीन घंटे का समय लगता है। पिछले दो सालों से उक्त अवकाश निरस्त कर देने से उक्त कार्य करने में बाधा पहुंचती है। इसके पूर्व भी उक्त के सन्दर्भ में प्रदेश अध्यक्ष द्वारा फोन पर वार्ता कर सचिव से अवकाश किए जाने की मांग की गयी है। इस आशय की जानकारी उक्त संघ के ब्लाक इकाई के अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने दी। जिसका शिक्षकों ने पूरजोर समर्थन किया है।

### बाईकों की आमने सामने टक्कर में महिला की गई जान

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** खुटहन थाना क्षेत्र के गुलरा बजरडीहा गांव के एक निजी स्कूल के पास मंगलवार की देर शाम दो बाईकों की हुई आमने सामने टक्कर में महिला की मौत हो गई ।जब कि बाइक चला रहे उसके पति को हल्की चोटें आई। मौके पर पहुंची पुलिस शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पीएम हेतु भेज दिया। इसी गांव निवासी जमुना निषाद अपनी 43 वर्षीय पत्नी शीला देवी को बाइक से गौसपुर बाजार किसी काम से लिवाकर जा रहे थे। स्कूल के पास सामने से बाइक पर सवार दो युवक तेज गति से आकर टक्कर मार दिए। जमुना मार्ग के बायें तथा शीला दाहिनी तरफ गिर गई। टक्कर मारने के बाद बाइक शीला के गले के ऊपर से पार हो गई। अंधेरे का फायदा उठा दोनों युवक बाइक सहित भाग गए। शीला की मौके पर ही मौत हो गई। मृतका के पति का दावा है कि टक्कर मारने वाले दोनों बाइक सवार बगल गांव के ही हैं।

### मेडिकल कॉलेज में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया

**जन एक्सप्रेस/ जौनपुर।** उमानाथ सिंह स्वशासी स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में सोमवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जनजागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो0 डॉ0 शिव कुमार ने किया और लोगों को बढ़ रही मानसिक बीमारियों के बारे में उपस्थित मेडिकल कॉलेज के छात्राओं एवं कर्मचारी मरीजों को जागरूक किए। और उपस्थित लोगों को कहा कि किसी भी समस्या को लेकर अत्यधिक तनाव न ले। ऐसा महसूस होता है तो डॉक्टर से परामर्श कराए। मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 ए0 ए0 जाफरी ने विभिन्न बीमारियों के लक्षण बताए जिसमें ,नशा का सेवन करना, देर रात तक नीद न आना, अत्यधिक गुस्सा आना, उदास महसूस करना, घबराहट आना, आदि बीमारी के बारे में छात्रों से चर्चा किए और बचाव के बारे में ,सुबह व्यायाम करना, सकारात्मक विचार रखना, बारे में लोगों को जागरूक किया मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विनोद कुमार वर्मा ने विस्तार से मानसिक रोग के कारण लक्षण एवं निवारण के बारे में चर्चा किया उन्होंने बताया कि तनाव में रहना,अकेलापन, चिंतन करना, पारिवारिक समस्याएं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारण हैं नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे के अनुसार 10.3 प्रतिशत जनसंख्या किसी न किसी मानसिक बीमारी से ग्रसित है।





## स्वच्छता दिवस के अवसर पर जनपद न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

स्वच्छता दिवस के अवसर पर आयोजित किए गए कार्यक्रम के उपरांत आज जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार सिन्हा के विश्राम कच्छ में निबंध, चित्रकला, भाषण प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी, पैन देकर सम्मानित किया गया। उक्त प्रतियोगिताओं में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पीलीभीत कक्षा 9 की शीतल,एसएन इंटर कॉलेज कक्षा 9 की वुशरा बी एवं राजकीय इंटर कॉलेज पीलीभीत कक्षा 12 के मो. साहिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय राज. मॉडल इंटर कॉलेज कक्षा 9 की दिव्या, आर कन्या इंटर कॉलेज कक्षा 11 की रेनू मौर्य एवं कंपोजिट विद्यालय बरहा ललौरी खेड़ा कक्षा 7 की अर्चना द्वितीय स्थान पर रही। हाफिज रहमत रजा खां इंटर कॉलेज कक्षा 11 के जैनुल खान, अंगूरी देवी सरस्वती विद्या मंदिर पीलीभीत कक्षा 10 की प्रिया गंगवार एवं वीरांगना अवंती बाई इंटर कॉलेज कक्षा 12 की ममता तृतीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त छात्र-छात्राओं को निर्णायक मंडल समिति जितेंद्र कुमार सिन्हा जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा समिति के अन्य सदस्यगणों के द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। जनपद न्यायाधीश के द्वारा छात्राओं को भविष्य में बड़े-बड़े पदों के लिए तैयारी किए जाने के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

## उद्यान विभाग में 10 करोड़ के घोटाले का आरोप

* जिला पंचायत सदस्य ने की मुख्य विकास अधिकारी से शिकायत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

उद्यान विभाग के अधिकारियों ने 10 करोड रुपए को लगा दिया ठिकाने लगा दिया है फर्जी बिल वाउचर बनाकर निकाल दिया पैसा। जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार ने मुख्य विकास अधिकारी को दिए गए पत्र में आरोप लगाया है कि उद्यान विभाग के अधिकारियों ने फर्जी बिल वाउचर बनाकर 10 करोड रुपए को ठिकाने लगा दिया। इतना ही नहीं पत्र में लिखा है कि वित्तीय वर्ष 2022 और 2023 में वृक्षारोपण के नाम पर लगभग 16 लाख निकाल लिया गया। जानकारी के मुताबिक इस 16 लख रुपए से पौध उत्पादन होकर वृक्षारोपण किया जाना था तथा ड्रिप सिंचाई योजना के अंतर्गत 10 करोड रुपए निकाले गए निकाली गई सरकारी धनराशि से आज तक किसानों के खेत में मशीनरी आदि नहीं लगाई गई।

### इस पैसे का भी बंदर बांट करने का आरोप

पत्र में तो यह भी आरोप लगाया है कि पूर्व में तैनात अधिकारी अपने ट्रांसफर हो जाने के बाद भी 50 लख रुपए का भुगतान कर गए वही शिकायत करता जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार ने बताया है की मुख्य विकास अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। वही भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारी इस वक्त मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस की नीति की धज्जियां उड़ाकर पैसे का खूब बंदर बांट करने में लगे हुए हैं।

## ट्रांसफार्मर से संविदा कर्मचारी को लगा करंट

* बीसलपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने किया मृत घोषित, परिवार में मचा कोहराम

**जन एक्सप्रेस/बीसलपुर।** नगर में ट्रांसफार्मर से संविदा कर्मचारियों को करंट लग जाने से मौत हो गई। बीसलपुर नगर के मोहल्ला पटेल नगर निवासी 30 वर्षीय पन्नालाल बिजली विभाग में संविदा कर्मचारी थे। सोमवार रात्रि में वह ड्यूटी निपटाकर अपने घर जाने ले लिए निकले। इस दौरान बीसलपुर पावर कार्पोरेशन कार्यालय परिसर में ही लगे ट्रांसफार्मर की चपेट में वह आ गए और मौत हो गई। जब अन्य कर्मचारियों ने देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों को सूचना दी गई। इसके बाद कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। हादसा कैसे हुआ कोई स्पष्ट नहीं कर सका। साथियों का कहना था कि वह तो घर जाने ले लिए निकला था। किसी तरह की कोई खराबी ठीक करने को भी नहीं लगाया गया। ऐसे में कैसे करंट की चपेट में आया कोई नहीं बता सका। मृतक के परिवार के पहुंचते ही कोहराम मच गया। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि शव को कब्जे में लिया गया है।

## एसएसबी व पुलिस ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर की संयुक्त पेट्रोलिंग

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**हजारा(पूरनपुर)।** भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मानव तस्करी को रोकने के लिए मानव तस्करी विरोधी इकाई पीलीभीत के निरीक्षक ने स्थानीय पुलिस तथा एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गश्त की। सीमा पर संदिग्धों की तलाशी भी ली।

भारत नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर मानव तथा मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम को लेकर इस समय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में सोमवार को मानव तस्करी विरोधी इकाई पीलीभीत के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने अपनी टीम के साथ थाना हजारा प्रभारी निरीक्षक परमेन्दर कुमार तथा एसएसबी के जवानों ने संयुक्त रूप से सीमा पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।एएचटीयू टीम के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार शर्मा ने थाना हजारा प्रभारी निरीक्षक परमेन्दर कुमार कंबोज नगर पुलिस चौकी इंचार्ज राकेश कुमार तथा एसएसबी के अधिकारी तथा जवानों के साथ भारत नेपाल सीमावर्ती गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज,कंबोज नगर,राघवपुरी गांवों में पैदल भ्रमण कर आम जनमानस को सुरक्षा देने का एहसास दिलाया।ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों व क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों के साथ सीमा की सुरक्षा के मद्देनजर एक बैठक का आयोजन भी किया गया।

## पूर्वांचल के विकास पुरुष रहे कमला प्रसाद सिंह का मनाया गया जन्मदिन



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

पूर्वांचल के विकास पुरुष रहे पूर्व सांसद स्व कमला प्रसाद सिंह का आज जन्मदिन मनाया गया। जौनपुर स्थित उनके आवास पर उनके सुपुत्र तथा श्री बजरंग इंटर कॉलेज के प्रबंधक अनिल कुमार सिंह ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री बजरंग इंटर कॉलेज, घनश्यामपुर के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विनोद तिवारी, कमला प्रसाद तिवारी बड़े बाबू, शशि भूषण मिश्र, शेर बहादुर मौर्य, मयाशंकर तिवारी, हृदय प्रकाश तिवारी, संजय कुमार चतुर्वेदी, विजय प्रकाश, प्रज्ञा मिश्रा, रामसागर सिंह, अशोक तिवारी, संजय कुमार तिवारी, प्रदीप कुमार सिंह, राजेश कुमार, मिश्र, राघवेंद्र प्रताप सिंह, शीतला प्रसाद मिश्र, चंद्रमा देवी, अजीत प्रताप सिंह, स्वतंत्र कुमार शुक्ला, अतुल कुमार, संतोष कुमार तिवारी,संतोष कुमार चतुर्वेदी, हर्षू प्रसाद तिवारी समेत विद्यालय परिवार के सभी लोगों ने उनकी तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## मेरी राजनीति भ्रष्टाचार, अत्याचार, भेदभाव के खिलाफ है: वरुण गांधी

**जन एक्सप्रेस /पीलीभीत।** मंगलवार को एक दिवसीय जनपद दौरे पर आए सांसद वरुण गांधी ने बरखेड़ा ब्लॉक में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रमों में कहा कि हम एक ऐसे हिंदुस्तान में हैं जिसमें अमीर और गरीब की जिंदगी बराबर नहीं है। हम अपने ही देश में दो अलग अलग हिंदुस्तान देख रहे हैं। एक हिंदुस्तान ऐसा है जिसमें गरीब आदमी को घोर तपस्या करने के बाद भी न्याय नहीं मिलता और एक हिंदुस्तान ऐसा है जिसमें अमीरों के सपने आराम से पूरे होते हैं। बोले कि इन दो हिंदुस्तान के बीच में एक समानता लाने के लिए राजनीति में आए हैं। वह चाहते हैं कि जिन लोगों के पास अपने सपने साकार करने का कोई रास्ता नहीं है, वह उनकी आवाज और उनके लिए एक रास्ता बनें। सांसद वरुण गांधी ने कहा कि एक समय था जब राजनीति को पुण्य का कार्य माना जाता था।

## प्रशासन ने दल-बल के साथ बुलडोजर से नगर में हटवाया अतिक्रमण

* दुकानदारो द्वारा नाली सहित पटरियों पर किया गया था कब्जा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



मछलीशहर नगर में लग रहे जाम की समस्या को देखते हुए प्रशासन पुरे दल बल के साथ मंगलवार दोपहर नगर में दुकानदारों द्वारा नालीयो और पटरियों पर किये गए अतिक्रमण हटवा दिया। त्योहारों के समय नगर में लगने वाली जाम की समस्या विकराल बन गई थी। जिसकी तहसील दिवस सहित थाने दिवस में की गई थी। जिसके बाद तहसील के अधिकारी दल बल बुलडोजर के साथ नगर के चुंगी चौराहे, सरकारी अस्पताल के सामने, सब्जी मंडी, मंगल बाजार, सराय, शादिगंज, जंघई चौराहा सहित नगर के तमाम स्थानों पर नालियों व् फुटपाथो पर दुकानदारो एव ठेले वालो द्वारा तखत रख कर किये गए कब्जे को प्रशासन ने सख्ती के हटवाया। इस दौरान प्रशासन ने पटरियों पर रखे तखत सहित गाड़े गए बोर्डो को अपने कब्जे में ले लिया। अतिक्रमण हटाने के दौरान अधिकारी दुकानदारो दुबारा अतिकरण नही करने की नसीहत दी गई। इसके अलावा अन्य लोगों को फुटपाथो और नालियो पर कब्ज़ा नहीं करने की हिदायत देते हुए उनके ऊपर मुकदमा दर्ज करने की चेतावनी दी। इस दौरान उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, क्षेत्राधिकारी अतर सिंह, ईओ बृजकिशोर सिंह, थानाध्यक्ष युजवेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक अखिलेश यादव, प्रवेश सिंह, मनोज चौरसिया सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# समता मूलक समाज के प्रबल पोषक थे स्व.मुलायम सिंह यादव: शैलेन्द्र यादव

* स्व.मुलायम सिंह यादव की पुण्यतिथि पर संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



समाजवादी पार्टी के संस्थापक पूर्व रक्षा मन्त्री एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्य तिथि पर सुइथाकला में संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे पूर्व उर्जा नियोजन राज्यमन्त्री शैलेन्द्र यादव ने स्व.मुलायम सिंह यादव के चित्र पर धूप दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित भारी संख्या में लोगों ने स्व.मुलायम सिंह यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुये पूर्व मन्त्री शैलेन्द्र यादव ललई ने कहा कि युवाओं के प्रेरणास्त्रोत,किसानो के मसीहा स्व.मुलायम सिंह यादव समता मूलक समाज के प्रबल पोषक थे।जाति,धर्म और मजहब से हटकर उन्होने जीवन पर्यंत निर्बल,वंचित एवं शोषित सभी वर्गो के उत्थान के लिए कार्य किया।आज उनके आदर्शों एवं विचारों का अनुकरण करना हीं उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्रद्धांजलि सभा को सम्बोधित करते हुये शिक्षक संघ के जिला मन्त्री ठाकुर प्रसाद तिवारी ने कहा कि स्व.मुलायम सिंह यादव जमीन से जुड़े नेता थे इसलिए वे किसानों,युवाओं,बेरोजगारों और सर्व समाज की पीड़ा को भलीभांति जानते थे,वे एक कुशल शिक्षक भी थे,उनके कार्यकाल में शिक्षकों का सम्मान तथा शिक्षा के क्षेत्र में उनका योगदान अविस्मरणीय है। संगोष्ठी एवं श्रद्धांजलि सभा का संचालन कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य त्रिभुवन यादव ने कहा कि स्व.मुलायम सिंह यादव के विचार आज भी प्रासंगिक है,रक्षा मन्त्री रहते हुए उन्होने शहीद सैनिकों को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया था, आज अगर किसी शहीद सैनिक का शव सम्मान के साथ उनके घर पहुंच रहा है,तो यह मुलायम सिंह यादव की देन है। श्रद्धांजलि सभा का संयोजन एवं उपस्थित आगन्तुकों के प्रति आभार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रमुख मिथिलेश यादव ने प्रकट किया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेन्द्र यादव, श्रीपति यादव, बिन्देश जायसवाल, अच्छे लाल यादव, सऊद आलम, मनोज प्रजापति, निजाम खां सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

डेंगू के डंक का सरकारी मशीनरियों में तैनात मुलाजिमों पर हमला

# डेंगू से पीड़ित ग्राम विकास अधिकारी की इलाज के दौरान मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

औरास थाना क्षेत्र के रतनखेड़ा गांव निवासी ग्राम विकास अधिकारी को पांच दिन पहले बुखार आने पर परिजनों ने उन्हें संडीला के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहाँ डेंगू के लक्षण मिलने पर उनका वहीं उपचार चल रहा था। सोमवार शाम हालत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। परिजन उन्हें लेकर लखनऊ के एक निजी अस्पताल पहुंचे। जहां उनकी मौत हो गई।



औरास थाना क्षेत्र के रतनखेड़ा मजरा दिपवल निवासी महेश प्रजापति (35) फतेहपुर चौरासी ब्लाक में ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात थे। करीब पांच दिन पहले उन्हें तेज बुखार आने पर परिजनों ने हरदोई जिले के संडीला कस्बे में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक डेंगू की पुष्टि होने पर उनका वहीं उपचार चल रहा था। जहाँ से ठीक होने के बाद घर आ गए थे । इसी बीच दूसरे दिन सोमवार की शाम फिर हालत बिगड़ने पर परिजन लखनऊ लखनऊ लेकर चले गए थे। जहाँ एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उनका हार्ट ने काम करना बंद कर दिया और डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। लखनऊ से देर रात शव घर पहुँचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी अनुराधा पति का शव देख बदहवास हो गई। मां रामदेवी व पिता गंगा प्रसाद नवजवान बेटे के शव से लिपटकर बिलख पड़े। भाई महेन्द्र ,सोनू और अन्य परिजन रोकर बेहाल रहे। उधर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अनूप तिवारी ने बताया ऐसी सूचना नही मिली है। फिर भी गांव की आशा को भेजकर वह जानकारी कराएंगे।

# एक्सप्रेस-वे पर पिकअप खड़े ट्रक में भिड़ा, एक की मौत

- ✻ बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत बहलोलपुर गांव के पास हुई घटना
- ✻ चालक को गंभीर हालत में हायर सेंटर किया रेफर

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर बांगरमऊ कोतवाली अंतर्गत चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार पिकअप लोडर खड़े ट्रक के पीछे जा भिड़ा। हादसे के बाद चालक-परिचालक दोनों केबिन में फंस गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने दोनों को कड़ी मशक्कत के बाद निकाल कर सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। जहां डाक्टर ने परिचालक को मृत घोषित कर दिया। जबकि चालक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया । एटा जनपद के थाना व कस्बा जलेसर निवासी चालक नाहर सिंह पुत्र अमर सिंह कस्बे के ही परिचालक राजकुमार पुत्र हरिशंकर के साथ पिकअप लोडर में जलेसर से पीतल के घंटे लादकर एक्सप्रेस वे के रास्ते बनारस जा रहा था। सोमवार को देर रात बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ग्राम बहलोलपुर के निकट चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार पिक अप लोडर अनियंत्रित होकर मार्ग के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से जा टकराया। हादसे में लोडर का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने केबिन में फंसे चालक व परिचालक दोनों को किसी तरह बाहर निकाला और एंबुलेंस की मदद से सीएचसी बांगरमऊ पहुंचाया। जहां डाक्टर ने परिचालक राजकुमार (27) को मृत घोषित कर दिया। जबकि घायल चालक नाहर सिंह (40) की हालत नाजुक देखकर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिचालक राजकुमार की असमय मौत की खबर मिलने पर पत्नी सूरज बाई, बेटों अंकुश, बाबू व कान्हा रो-रोकर बेहाल हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तालाब में डूबने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के सथरा गांव के बाहर बने तालाब से मवेशी निकालने के दौरान युवक गहरे पानी में जाकर डूब गया। ग्रामीणों ने परिजनों के साथ उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने जांच की और शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। माखी थानाक्षेत्र के सथरा गांव निवासी वीरेन्द्र यादव (48) मजदूरी करता था। सोमवार को वह मवेशी चराने गया था। शाम करीब पांच बजे मवेशी गांव के तालाब में चले गए। उन्हें निकालने के लिए तालाब के गहरे पानी में चला गया। तैरना न आने से उसी में डूब गया। अन्य चरवाहों ने युवक के डूबने की सूचना परिजनों को दी। ग्रामीण और परिजनों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजन निजी डॉक्टर के पास ले गए। उसने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी गायत्री ने बताया कि पति मजदूरी करता था। चार बच्चों में तीन बेटी एक बेटा है। थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि पत्नी की तहरीर पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### पति से प्रताड़ित विवाहिता ने कोतवाली पहुंच लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** शराब के लती युवक ने नशे में पत्नी के साथ मारपीट कर दी। जिससे घायल विवाहिता ने मौका पाकर किसी तरह मायके पक्ष को सूचित किया। परिजनों समेत कोतवाली पहुची विवाहिता ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कोरारा गांव निवासी आनंद पुत्र जय किशन का विवाह सोहरामऊ थाना क्षेत्र की ग्रामसभा जैतीपुर के मजरा सेमरा निवासी बुद्धा की बेटी मीरा के साथ करीब एक वर्ष पूर्व हुआ था। आरोप है कि सोमवार रात नशे में धुत आनंद ने मीरा के साथ मारपीट कर मोबाइल ले लिया। मंगलवार दोपहर किसी प्रकार मीरा ने मायके में फोन कर इसकी जानकारी दी। सूचना पर ससुराल पहुंचे पिता बुद्धा व मां रानी घायल मीरा को लेकर अजगैन कोतवाली पहुंचे। कोतवाली पुलिस ने पीड़िता को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजकर मेडिकल कराया है।
पीड़िता की मां रानी ने बताया कि सोमवार रात नशे में धुत्त दामाद ने बेटी को मारापीटा और मोबाइल ले लिया। जानकारी मिलने पर ससुराल गये तो मीरा बेसुध हालत में मिली। जिसकी शिकायत अजगैन पुलिस से की है।
कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। पीड़िता का मेडिकल कराकर मामले की जांच की जा रही है।

### बिजली नहीं आने से जनता को करना पड़ा परेशानियों का सामना

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** बिजली विभाग ने दो दिन गोकुल बाबा पॉवर हाउस व सरैयां पॉवर हाउस के मरम्मत कार्य एवं 33/11 केवीए लाइन के पास से निकले पेड़ों की छटाई का कार्य किया जाना है। जिसको लेकर दूसरे दिन मंगलवार को सुबह दस बजे शट डाउन लिया गया। जिसके बाद बिजली कर्मियों ने गोकुल बाबा पॉवर हाउस से 33/11 केवीए लाइन का मरम्मत कार्य किया। इसके साथ ही मगरवारा चौकी के पीछे, मसवासी समेत कई जगह इंसुलेटर की साफ सफाई और मरम्मत का कार्य किया गया। वहीं जहां-जहां 33 केवीए लाइन के पास से गुजरे पेड़ों की टहनियों की छटाई की। पूरे दिन बिजली कर्मी तारों की साफ सफाई के अलावा मरम्मत कार्य में जुटे रहे। सारा दिन एसडीओ, जेई और लाइन मैन कार्य में लगे रहे। सुबह से शाम तक बिजली न आने के कारण लोग परेशान रहे। सात घंटे बिजली न आने से इनवर्टर भी धड़ाम हो गये। घरों के इलेक्ट्रानिक उपकरण भी शो पीस बने रहे। बिजली न आने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### गंगाघाट पुलिस ने दबोचे शातिर जुआरी

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि रविवार देर शाम दरोगा जन्मदेय सिंह चेकिंग कर रहे थे, तभी मुखबिर की सूचना पर रामकली स्टेडियम के पीछे छापेमारी की। जहां जुआ खेल रहे युवक पुलिस को देख भागने लगे। जिस पर पुलिस ने आजाद नगर निवासी नरेश और सूरज कुशवाहा को दौड़ाकर पकड़ लिया। इस दौरान उनके पास से ताश के पत्ते, 2150 मालफड़ व 690 जमा तलाशी में बरामद किये। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।

# ड्यूटी के दौरान सिक्योरिटी गार्ड की बिगड़ी हालत, मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

अचलगंज थाना क्षेत्र स्थित फैक्ट्री सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत ही गयी। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
बिहार थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी 50 वर्षीय जंगबहादुर सिंह पुत्र स्व. लल्लू सिंह बन्थर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित केलको कम्पनी में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। सोमवार की



रात ड्यूटी के दौरान भोर पहर उसकी अचानक तबियत बिगड़ गयी। और जब तक अन्य कर्मी कुछ समझ पाते उसकी मौत हो गई। साथ ड्यूटी कर रहे सिक्योरिटी गार्ड राज किशोर ने पुलिस को सूचना दी। मंगलवार सुबह बदरका चौकी इंचार्ज रविशंकर मिश्र ने मौके पर पहुंच कर परिजनों को सूचना दी। साथ ही शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। उसकी मौत की सूचना पर पत्नी ममता, बेटियां महिमा और पूर्णिमा रो रोकर बेहाल हैं।



## मुलायम सिंह यादव की पुण्य तिथि मनाई

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

**शुक्लागंज।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रथम पुण्यतिथि को देखते हुये राजधानी मार्ग रूद्र नगर में पूर्व सपा अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव और पूर्व उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला के अलावा अन्य कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किये। इस दौरान वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा कि आज नेता जी हम लोगों के बीच नहीं है लेकिन हम सभी उनके दिखाये रास्ते पर चलने का संकल्प लेते। इस मौके पर उमालाल यादव, मो0 इस्माइल, जीतेन्द्र रावत, मिन्टू निषाद, शीबू, अभिषेक द्विवेदी, दीपक यादव, राजन कनौजिया, अनूप साहू, अविरल शुक्ला, लल्लन ठाकुर, इशांत तिवारी मौजूद रहे।




## जन जागरूकता वाहन को जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

जनपद मुख्यालय में मंगलवार को उप निदेशक कृषि डा0 मुकुल तिवारी ने बताया है कि जनपद के समस्त कृषक भाईयों को फसल अवशेष न जलाने तथा उसका प्रबंधन कर लाभ लेने के लिए जन जागरूकता वाहन को जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। वाहन के माध्यम से कृषकों को ''पराली दो खाद लो'' योजना भी अपनाने को जागरूक किया जाएगा। इस योजना में कृषक भाई दो ट्राली पराली गौशाला को दान दे कर बदले में एक ट्राली गोबर की खाद प्राप्त कर सकते हैं। यह जनजागरूकता वाहन प्रतिदिन प्रत्येक तहसील में भ्रमण कर कृषक बंधुओं को पराली/फसल अवशेष न जलाने हेतु जागरूक करेंगे। जनपद में 19000 वेस्ट डिकम्पोजर वितरण का लक्ष्य रखा गया है जो किसान भाई पराली को गौशाला में देने अथवा उपभोग में लाने के बाद जो फसल अवशेष रह जाते हैं उनको सड़ाने के लिए कृषि विभाग के बीज गोदामों से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं और अपने खेतों में प्रयोग कर फसल अवशेष को खाद में परिवर्तित कर मृदा की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते है।

## जहरीले कीड़े ने किशोर को काटा, मौत

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** छज्जे पर चढ़ रहे किशोर को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। परिजनों को जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया। परिजन किशोर को लेकर झाड़ फूंक के चक्कर में पड़े रहे और हालत गंभीर होने पर सीएचसी में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बिना पुलिस को सूचना दिए शव को दफन कर दिया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पहाड़ खेड़ा गांव निवासी नन्हके का 12 वर्षीय लड़का सुरेश सोमवार को घर के अंदर छज्जे पर चढ़ रहा था। इस दौरान छज्जे पर बैठे किसी जहरीले कीड़े ने किशोर को काट लिया। इसकी जानकारी होने पर घर में कोहराम मच गया ।बताते हैं कि परिजनों ने किशोर की पास के एक गांव में झाड़ फूंक कराया। जिसके बाद किशोर की हालत गंभीर होती देख उसे नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

# छोटे भाई ने लगाई फांसी तो बड़ा भाई भी फंदे से लटका

- ✻ नौकर ने बड़े भाई को बचाया, छोटे की मौत

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

बिहार थाना क्षेत्र में दवा की दुकान खोलने को लेकर दो भाइयों में विवाद हो गया। विवाद के बाद छोटे भाई ने पहली मंजिल में बने कमरे में जाकर रस्सी के फंदे से फांसी लगा ली। यह देख बड़े भाई ने भी फंदे से लटक कर जान देने का प्रयास किया। घर में काम करने वाले नौकर ने यह देख परिजनों को सूचना दी और बड़े भाई को फंदे से उतार कर जान बचा ली। छोटे भाई की मौत से घर में कोहराम मच गया। पुलिस ने जांच कर शव को कब्जे में लेकर भेजा है। बिहार थाना क्षेत्र के पाटन कस्बे के मिश्रा मार्केट में उमेश मिश्रा (40) मेडिकल स्टोर से चलाते हैं। मंगलवार सुबह 6:30 बजे मेडिकल स्टोर संचालक उमेश मिश्रा के छोटे भाई विष्णू मिश्रा का शव प्रथमतल पर बने कमरे में फांसी से लटका मिला। भाई का फंदे पर शव देखकर उमेश मिश्रा ने भी नीचे आकर रस्सी के फंदे से लटकने का प्रयास किया। तभी घर में काम करने वाले नौकर ने दोनों को देख लिया। उसने उमेश को तो बचा लिया, लेकिन विष्णु की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि उमेश मिश्रा आमने-सामने मेडिकल स्टोर के पक्ष में न होकर होलसेल का काम करने के पक्ष में थे। थानाध्यक्ष संदीप शुक्ला ने बताया कि पता चला है जांच की जा रही है। तहरीर और रिपोर्ट के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# नगर निगम कर्मचारी संघ का 13 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के आवाहन पर कानपुर नगर निगम कर्मचारी संघ के नेतृत्व में मंगलवार को नगर निगम के मुख्यालय में महासंघ द्वारा 13 सूत्रीय मांग पत्र को लेकर धरना दिया गया। जिसमें महासंघ द्वारा नगर आयुक्त के माध्यम से नगर विकास मंत्री प्रमुख सचिव नगर विकास को ज्ञापन प्रेषित किया गया। संघ के अध्यक्ष देवी दीन भाऊ और महामंत्री रमाकांत मिश्रा ने धरने में कर्मचारियों से कहा कि 1 अक्टूबर को अनुपस्थित आउटसोर्सिंग के 381 कर्मचारियों को 15 अक्टूबर तक सेवा में वापस नही लिया गया तो 16 अक्टूबर को



एक सभा आयोजित कर स्थानीय स्तर पर आंदोलन की घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया कि 3 नवंबर तक समस्याओं का समाधान न होने पर 4 नवंबर को राजधानी लखनऊ में प्रदेश निकाय कर्मचारी धरना प्रदर्शन करेंगे। धरने में मुख्य रूप से देवी दीन भाऊ, रमाकांत मिश्रा, नीलू निगम, मुन्ना हजारिया, संजय हजारिया, पंकज शुक्ला, मन्नी लाल भारती, अकील मसूद, शिव शंकर मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# बहन को ससुराल छोड़कर लौट रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

- ✻ पति की मौत की सूचना पर गर्भवती पत्नी बेहाल

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**

बीघापुर थाना क्षेत्र के शिवगंज मार्ग पर स्थित ग्राम गिरजा नगर के पास बहन को उसके ससुराल छोड़ कर लौट रहे बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। घायल को स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राराथमिक उपचार के बाद डाक्टर ने हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। पति की मौत की सूचना मिलते ही गर्भवती पत्नी बदहवास हो गई। बारा सगवर थाना क्षेत्र के अंतर्गत



ग्राम कर्मी गढ़ेवा निवासी मुकेश कुमार गौतम (25) पुत्र सुंदरलाल चन्नई में खाना बनाने का कम करता था। गर्भवती पत्नी मंजू देवी ने 18 तारीख तक प्रसव होने की सूचना दी जिससे वह 15 दिनों पहले ही वापस आया था। भाभी की मदद के लिए नंद रेखा भी आ गई थी जिसे सोमवार को भाई मुकेश अपनी बाइक से उसके ससुराल ग्राम रुदपुरवारा छोड़ कर वापस लौट रहा था। अभी वह ग्राम गिरजा नगर गांव के समाने पहुंचा ही था कि अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह बाइक समेत सड़क किनारे खंती में जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को पीएचसी बीघापुर पहुंचाया। जहां डॉक्टर पंकज पांडेय ने गंभीर स्थिति देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद घर में मौजूद माता सुशीला व पत्नी मंजू तथा विवाहित बहने रेखा व काजल का रो रो कर बुरा हाल है। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि सदर कोतवाली से मिली सूचना के आधार पर उप निरीक्षक को भेजकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

# ऑपरेशन में नवजात की मौत, प्रसूता की हालत गंभीर

- ✻ पति पुत्तनलाल ने बताया कि महिला चिकित्सक के परामर्श पर पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराया था
- ✻ प्रसूता की भी हालत नाजुक बताते हुए लखनऊ रेफर कर दिया

**जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव**

विकासखंड क्षेत्र की गौरी सलोनपुर निवासी गर्भवती महिला सीएचसी पर जांच कराने आयी थी। जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे सीएचसी में ऑपरेशन कराने की सलाह दी। शाम को आपरेशन द्वारा प्रसव कराने में बच्चे ने कुछ देर में दम तोड़ दिया। वहीं महिला की भी हालत गंभीर बताई जा रही है। विकासखण्ड क्षेत्र के गौरी सलोनपुर निवासी गर्भवती महिला स्नेहलता सोमवार को पति पुत्तनलाल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने आयी थी। पति पुत्तनलाल ने बताया कि महिला चिकित्सक के परामर्श पर पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराया था। जिसके बाद महिला चिकित्सक ने बताया कि गर्भावस्था की अवधि पूरी हो चुकी है सामान्य प्रसव होने की उम्मीद कम है। इसलिये ऑपरेशन करके प्रसव कराने की सलाह दी। जिसके बाद वह राजी हो गया और चिकित्सकों की टीम ने शाम को पत्नी का ऑपरेशन करके प्रसव कराया। लेकिन थोड़ी देर बाद बच्चे की मौत हो गई। जिसके बाद प्रसूता की भी हालत नाजुक बताते हुए लखनऊ रेफर कर दिया। पति पुत्तनलाल ने बताया कि वह अपनी पत्नी का इलाज क्वीन मेरी अस्पताल में करा रहा है जहाँ पत्नी की हालत नाजुक बनी हुई है। बताया कि वहां के चिकित्सकों ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन गलत हुआ है और उसके पेट मे लगे टांके भी बदलने पड़े हैं।

**क्या बोले जिम्मेदार**

इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि महिला का ऑपरेशन किया गया था। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि ऑपरेशन से पहले ही बच्चे ने गर्भाशय में ही मल त्याग कर दिया था जिसकी वजह से नवजात की हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। महिला को भी उच्च स्तरीय अस्पताल के लिए रेफर किया है।

# विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय किसान मेले का समापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय किसान मेले का समापन मंगलवार को हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने मेले में लगे स्टालों का निरीक्षण कर वहां लगे उत्पादों को देखा। उन्होंने कहा कि किसानो को श्री अन्न एवं प्राकृतिक खेती करनी चाहिए। वैज्ञानिक लगातार कृषि शोध कार्य कर रहे हैं। जिससे खेती की लागत को कम करके उसका उत्पादन बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से किसानों को लाभ एवं तकनीकी जानकारी मिलती है। मेले मे विशिष्ट अतिथि के रूप में




विधायक एवं प्रबंध मंडल के सदस्य सुरेंद्र मैथानी, अर्चना पांडे एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री गुरुविंदर छाबड़ा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मेला प्रांगण में लगे विभिन्न स्टालों को पुरस्कृत किया गया।जिसमें बीज श्रेणी के स्टाल में सूद सीड कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को प्रथम पुरस्कार, द्वितीय पुरस्कार न्यूट्री टॉप सीड कंपनी को तथा उर्वरक श्रेणी में प्रथम पुरस्कार इफको, द्वितीय पुरस्कार कृषक भारती कोऑपरेटिव लिमिटेड एवं तृतीय पुरस्कार श्री राम फर्टिलाइजर को दिया गया। इस अवसर पर डॉ.सी.एल.मौर्य, डॉ.आर.के.यादव, डॉ.पी.के.सिंह, डॉ.पी.के.उपाध्याय सहित सभी अधिकारी और वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मानसिक रोग विभाग में मंगलवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। जिसकी थीम मानसिक स्वास्थ्य एवं सार्वभौमिक मानव अधिकार रही। जिसका संबंध मानसिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक सब की पहुंच बढ़ाने और जनमानस को और अधिक जागरूक करना है। जिससे व्यक्ति बिना झिझके स्वयं सामने आकर विशेषज्ञों की राय लेने के लिए प्रोत्साहित हो सके। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ.संजय काला, सुपरिटेंडेंट डॉ. आर.के.मौर्य, सी.एम.एस.डॉ.एन.के.त्रिपाठी, प्रोफेसर एवं विभागध्यक्ष डॉ.धनंजय चौधरी, कृष्णा इंस्टीट्यूट की प्रधानाचार्या गिरिजा शर्मा एवं डॉ.अनुपम सिंह यादव की उपस्थिति में नुक्कड़ नाटको एवं पोस्टरो के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज के अध्यापक, छात्र एवं पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहे।

**10 अक्टूबर को मनाया जाता है विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस**

प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से मनाया जाने वाला विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पहली बार 1992 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ मेंटल हेल्थ की पहल पर मनाया गया था। जो एक वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य संगठन है जिसके सदस्य और संपर्क 150 से अधिक देशों में है। इस दिवस को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्लूएचओ के द्वारा भी मनाया जाता है।

प्रस्तुतिः मुकेश कुमार जिला ब्यूरो चीफ अरुण भारद्वाज नगर संवाददाता राजकुमार नगर संपादक

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
आलोक नगाईच
एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष सिविल बार एसोसिएशन
जनपद पीलीभीत

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
अंशुल गौरव सिंह
एडवोकेट
सुपुत्र स्व0-योगराज सिंह
पूर्व शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पीलीभीत
शिवा ठाकुर
पूर्व नगर अध्यक्ष
भाजपा महिला मोर्चा
पीलीभीत।

जगदेव सिंह जग्गा
(सपा जिलाध्यक्ष)
समाजवादी पार्टी
नफीस अहमद अन्सारी
जिला महासचिव समाजवादी पार्टी, पीलीभीत

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
बीसलपुर मिष्ठान भंडार
शुद्ध देसी घी से निर्मित मिठाइयां एवं नमकीन का एकमात्र शोरूम
प्रोपराइटर पारस गुप्ता
पता : जेपी रोड चौक बाजार पीलीभीत। मोबाइल नंबर 8979742216

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
शिवम शर्मा
जिला युवा अधिकारी
युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार
नेहरू युवा केंद्र पीलीभीत

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
डॉ. जी. एल. वर्मा
एडवोकेट
पूर्व अध्यक्ष स्वास्थ्य समिति जिला पंचायत पीलीभीत
पूर्व अध्यक्ष स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ भाजपा पीलीभीत
मो0-9457867228

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
सरोज बाजपेई
एडवोकेट
एकता नगर कॉलोनी
गली नंबर 8 बांसुरी नगरी, पीलीभीत।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
सत्यपाल गंगवार
चेयरमैन
कोऑपरेटिव बैंक जनपद पीलीभीत
पूर्व ब्लाक प्रमुख विकासखंड ललौरी खेड़ा पीलीभीत ।
मो0-9412296286

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
चिरौंजी लाल वीरेंद्र पाल
सरस्वती विद्या मंदिर
इंटर कॉलेज पीलीभीत
प्रधानाचार्य-चंद्रभान शर्मा

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
खण्डेलवाल ट्रेडिंग कंपनी
रामवतार रामचंद्र ट्रेडिंग कंपनी
कृषि उत्पादन मंडी समिति पीलीभीत
प्रो0 राम अवतार खण्डेलवाल अर्चना खण्डेलवाल "अर्ची"

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
प्रो0-अमान खान
डायमण्ड ग्लास एण्ड एल्यूमिनियम हाउस
स्वराज नगर कालोनी, लखनऊ रोड, रायबरेली।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
फातिमा मेडिकल स्टोर
लोहानीपुर रोड, घघ्घा, किला बाजार, रायबरेली

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
शाने अली
पुत्र-मरहूम हाजी रियाज अहमद
पूर्व कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा
127 विधानसभा पीलीभीत। मो 9415905535

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
ऑकेजन बैंकट हॉल
पता उपाधि महाविद्यालय के सामने पीलीभीत
प्रो0 कार्तिक भसीन

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
यशपाल सिंह
ग्राम पंचायत विकास अधिकारी
निघासन खीरी।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाये
नेशनल टाइल्स
रजा काम्पलेक्स, ईदगाह डबल फाटक रेलवे स्टेशन रोड, रायबरेली।
प्रो0-गुलरेज आलम शहनवाज आलम
मो. 9984857507 मो. 7985964971

JAN EXPRESS
National Hindi Daily
जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
प्रदीप कुमार त्रिपाठी
ब्यूरो (बांदा)
मो0-7460014448
गोमित नंदन तिवारी
क्राइम रिपोर्टर, बांदा
मो0-8009717960
टीटू सिंह
तहसील संवाददाता, अतर्रा, बांदा
मो0-6387780745

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
अनुज गुप्ता
जन एक्सप्रेस संवाददाता
भीरा खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
ई.ओ. दिनेश शुक्ला
नगर पंचायत निघासन।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
मुन्नालाल विश्वकर्मा
जन एक्सप्रेस संवाददाता
खैरटिया खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
मोहम्मद साकिब
समाजसेवी
सभासद-वार्ड न0 9 सरैया दक्षिणी
विधानसभा 144 मोहम्मदी खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
हैदर अली
जन एक्सप्रेस संवाददाता
बेलरायां खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
शिव शंकर जायसवाल
जन एक्सप्रेस संवाददाता
निघासन खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
मोबीन अहमद
जन एक्सप्रेस संवाददाता
सिंगाही खीरी

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
मनोज कुमार मिश्रा
जन एक्सप्रेस संवाददाता
बिजुआ-खीरी।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
अवधेश कुमार पाण्डेय
जन एक्सप्रेस संवाददाता
तिकुनियां खीरी।

जन एक्सप्रेस
हिन्दी दैनिक, लखनऊ
के
15वें स्थापना दिवस
के अवसर पर जनपदवासियों को
हार्दिक शुभकामनाये
रिजवान खान
जन एक्सप्रेस संवाददाता
पलिया कलां खीरी

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)